RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 1
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 3 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज बने
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# वर्क फ्रॉम होम की सलाह, श्रमिकों को 5000 मिलेंगे

- आप सरकार की अपील, निजी वाहन छोड़ सार्वजनिक परिवहन का करें इस्तेमाल, लकड़ी कोयला, पटाखे न जलाएं
- राष्ट्रीय बाल आयोग, कांग्रेस और भाजपा ने की स्थिति सुधरने तक स्कूलों को बंद करने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## दिल्ली-एनसीआर में जहरीली हवा


नई दिल्ली में बुधवार को प्रदूषण के चलते छाई धुंध के बीच गुजरते वाहन

**दिल्ली-एनसीआर** में कई दिन से आबो-हवा जहरीली बनी हुई है। दिल्ली समेत नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद जैसे पड़ोसी शहरों में बुधवार को भले एक्यूआई 400 अंक से नीचे रहा, लेकिन अभी भी यह बेहद खराब श्रेणी में बना हुआ है।

आपात स्थिति को देखते हुए अरविंद केजरीवाल सरकार ने नौकरीपेशा लोगों को वर्क फ्रॉम होम यानी घर से काम करने की सलाह दी है। साथ ही निजी वाहन छोड़, सार्वजनिक परिवहन जैसे मेट्रो, बसें, टैक्सी आदि इस्तेमाल करने को कहा है। बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए पिछले दिनों ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का तीसरा चरण लागू किया गया था। इसके तहत निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी गई थी। काम बंद होने से आमदनी का जरिया खो बैठे लगभग दस लाख निर्माण मजदूरों के लिए आप सरकार ने प्रति माह 5000 रुपये देने का ऐलान किया है। राष्ट्रीय बाल आयोग, कांग्रेस और भाजपा ने दिल्ली सरकार से स्थिति सुधरने तक स्कूलों को बंद करने की मांग की है।

दिल्ली में बुधवार को औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाम चार बजे 376 दर्ज किया गया। यह एक दिन पहले गंभीर श्रेणी (424) से भले कम हो, परंतु अभी भी बेहद खराब श्रेणी में बना हुआ है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि वायु प्रदूषण का प्रभाव राष्ट्रीय राजधानी तक सीमित नहीं है। एनसीआर के अन्य शहरों में स्थिति उतनी ही खतरनाक है, जहां एक्यूआई गाजियाबाद (332), नोएडा (339), गुरुग्राम (310), ग्रेटर नोएडा (336) और फरीदाबाद (346) पर दर्ज हुआ। उन्होंने दिल्ली के लोगों से अपील की कि यदि वे घर से काम करें या वाहनों के उत्सर्जन को कम करने के लिए साझा परिवहन का उपयोग करें, तो यह बेहतर होगा।

इससे प्रदूषण को कम मरने में खासी मदद मिलेगी। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण में वाहनों का योगदान लगभग 51 प्रतिशत आंका गया है। उन्होंने कोयला और लकड़ी जलाने (शेष पेज 8)

### पंजीकृत श्रमिकों के खाते में जाएगी सहायता राशि

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को श्रम मंत्री मनीष सिसोदिया को निर्देश दिया कि शहर में प्रदूषण के कारण निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध के चलते 10 लाख पंजीकृत श्रमिकों को हर माह पांच-पांच हजार रुपए की सहायता प्रदान की जाए। केजरीवाल ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए पूरी दिल्ली में निर्माण गतिविधियां रोक दी गई हैं। इससे श्रमिकों की आय रुक गई है। इसलिए उन्हें फौरी सहायता की जरूरत है। इस योजना पर लगभग 500 करोड़ खर्च होने की संभावना है। बयान में कहा गया कि यह राशि जल्द ही पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के खातों में सीधे जमा की जाएगी।

# गहलोत की तारीफ पर भड़के सचिन पायलट

- प्रधानमंत्री ने एक कार्यक्रम में सीएम को सराहा था, पायलट ने मुख्यमंत्री के तीन वफादारों के खिलाफ लंबित नोटिस की ओर पार्टी अध्यक्ष खड़गे ध्यान खींचा, कहा- बगावत करने वालों पर तुरंत हो कार्रवाई
- गहलोत ने कहा, नेताओं को ऐसे बयान नहीं देना चाहिए, दोनों गुटों में खींचतान फिर तेज होने के आसार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/जयपुर



**राजस्थान** के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने बुधवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कैंप फिर हमला बोला। उन्होंने पार्टी के नए आलाकमान मल्लिकार्जुन खड़गे का ध्यान मुख्यमंत्री के तीन वफादारों को लेकर लंबित फैसले की ओर खींचा तथा गहलोत पर भी निशाना साधा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी अशोक गहलोत की सराहना

किए जाने पर पायलट ने भौंहें टेढ़ी की तथा संकेत दिया कि उन्हें उम्मीद है कि कांग्रेस नेतृत्व मुख्यमंत्री पद को लेकर 'अनिर्णय की स्थिति' को खत्म करने अब तुरंत सीएलपी की बैठक बुलाएगी। पायलट ने प्रधानमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बड़ाई किए जाने पर कटाक्ष करते हुए इसे रोचक घटनाक्रम बताया। इसके साथ ही उन्होंने सितंबर में कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक का बहिष्कार करते हुए गहलोत के समर्थन में विधायकों के शक्ति प्रदर्शन की अगुवाई करने वाले राजस्थान के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई किए जाने पर जोर दिया।

पायलट के इस ताजा बयान को कांग्रेस की राजस्थान इकाई में गहलोत एवं पायलट खेमों के बीच खींचतान को फिर से शुरू होने का संकेत माना जा रहा है। यह खींचतान पार्टी के अध्यक्ष पद के चुनाव के चलते कई दिनों से थमी हुई थी। वहीं मुख्यमंत्री गहलोत ने पायलट व अन्य नेताओं के ताजा बयान संबंधी सवाल को यह कहते हुए टाल दिया, नेताओं को ऐसे बयान नहीं देने चाहिए। साल 2020 में गहलोत के खिलाफ कुछ विधायकों के विद्रोह का नेतृत्व करने वाले पायलट ने बांसवाड़ा जिले के मानगढ़ धाम में मंगलवार को हुए कार्यक्रम का जिक्र करते हुए गहलोत पर निशाना साधा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री जी ने कल जो बयान दिए, जो बड़ाइयां कीं... मैं समझता हूं कि एक बड़ा दिलचस्प घटनाक्रम है। क्योंकि इसी प्रकार प्रधानमंत्री जी ने सदन में गुलाम नबी आजाद की बड़ाइयां की थीं, उसके बाद का घटनाक्रम हम सबने देखा है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता आजाद ने पार्टी छोड़कर खुद की पार्टी बनाई है। उल्लेखनीय है कि 25 सितंबर को मुख्यमंत्री आवास पर कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक बुलाई गई थी।

इसे कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव से पहले मुख्यमंत्री को बदलने की कवायद के रूप में देखा गया क्योंकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा था। हालांकि, सीएलपी की बैठक नहीं हो सकी क्योंकि गहलोत के वफादार विधायकों ने संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल के आवास पर समानांतर बैठक की और सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने के किसी भी संभावित कदम के खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इन विधायकों का कहना था कि अगर विधायक दल का नया नेता चुनना है तो वह उन 102 विधायकों में से हो जिन्होंने जुलाई 2020 में राजनीतिक संकट के दौरान अशोक गहलोत सरकार का समर्थन किया था। तब पायलट और (शेष पेज 8)

# ईडी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को किया तलब

- अवैध खनन में धनशोधन से जुड़ी जांच के मामले में पूछताछ के लिए जारी किया समन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने झारखंड में कथित अवैध खनन से जुड़े धनशोधन के एक मामले में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तीन नवंबर को पूछताछ के लिए समन जारी किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सोरेन (47) से बृहस्पतिवार को पूर्वाह्न 11 बजे राज्य की राजधानी रांची में ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में उसके समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है।

अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत सोरेन से पूछताछ के साथ ही उनका बयान दर्ज करना चाहती है। सोरेन ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है क्योंकि वह राजनीतिक रूप से उनका सामना नहीं कर सकती।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता सोरेन ने ट्वीट किया, हमारे विपक्ष के अनुरोध पर हमें भी बुलाया गया है। ईडी कितनी ताकतवर है यह दिखाने की कोशिश की गई है..लोग उन्हें प्रत्येक साजिश का जवाब देंगे। ईडी ने इससे पहले सोरेन के राजनीतिक सहयोगी पंकज मिश्रा और दो अन्य लोगों- स्थानीय बाहुबली बच्चू यादव तथा प्रेम प्रकाश को इस मामले में गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने दावा किया है कि उसने राज्य में अवैध खनन के अपराध से अर्जित धन का पता लगा लिया है जो अब तक 1,000 करोड़ रुपए से अधिक है। ईडी ने अवैध खनन और जबरन वसूली की कथित घटनाओं से जुड़े मामले में आठ जुलाई को मिश्रा और उनके कथित सहयोगियों से जुड़े 19 परिसरों पर छापा मारा था, जिसके बाद मामले की जांच आरंभ हुई।

इन जगहों में झारखंड में साहिबगंज, बरहैट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा शामिल हैं। ईडी ने रांची की एक विशेष अदालत के समक्ष मामले में आरोप पत्र दाखिल करने के बाद कहा था, पीएमएलए जांच से खुलासा हुआ है कि पंकज मिश्रा, जिसे मुख्यमंत्री और बरहैट के विधायक का प्रतिनिधि होने के नाते राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, अपने सहयोगियों के माध्यम से साहिबगंज और उसके (शेष पेज 8)

# अयोग्य ठेकेदारों से कराई गई थी झूलते पुल की मरम्मत

- अभियोजन ने कोर्ट को बताया, पुल की फ्लोरिंग बदली गई लेकिन नए केबल नहीं लगाए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** मोरबी


मोरबी पुल हादसे के बाद मच्छु नदी में बुधवार को भी राहत और बचाव कार्य जारी रहा

**गुजरात** के मोरबी पुल हादसे के संबंध में अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि मोरबी के केबल पुल की मरम्मत का काम जिन ठेकेदारों ने किया, उनके पास इसको करने की योग्यता नहीं थी। रविवार की शाम में यह पुल गिरने से अभी तक 135 लोगों की मौत हुई है। फॉरेंसिक रिपोर्ट का हवाला देते हुए अभियोजन पक्ष ने कहा कि पुल की फ्लोरिंग को बदल दिया गया था लेकिन उसके तार नहीं बदले गए थे और वह (पुराने तार) नई फ्लोरिंग का वजन नहीं उठा सके।

पुलिस ने सोमवार को नौ लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) में मामला दर्ज किया। हादसे के सिलसिले में गिरफ्तार नौ लोगों में से चार लोगों को एक मजिस्ट्रेट अदालत ने पुलिस हिरासत में जबकि अन्य पांच को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। अदालत ने पुल की मरम्मत के लिए जिम्मेदार कंपनी ओरेवा ग्रुप के दो प्रबंधकों और दो सब-कांट्रैक्टर को शनिवार तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। अभियोजक एच. एस. पांचाल ने बताया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एम. जे. खान ने सुरक्षा गार्ड और टिकट बुक करने वाले क्लर्क सहित गिरफ्तार पांच लोगों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है क्योंकि पुलिस ने उनकी हिरासत नहीं मांगी थी। अदालत ने जिन चार लोगों को पुलिस हिरासत में भेजा है उनमें ओरेवा के प्रबंधक दीपक पारेख और दिनेश दवे, मरम्मत का काम करने वाले ठेकेदार प्रकाश परमार और देवांग परमार शामिल हैं।

वहीं, फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएफ) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए पांचाल ने अदालत को बताया कि फॉरेंसिक विशेषज्ञों का मानना है कि नई फ्लोरिंग के वजन के कारण पुल का मुख्य तार टूट गया। पांचाल ने पत्रकारों को बताया, फॉरेंसिक रिपोर्ट हालांकि सीलबंद लिफाफे में पेश की गई थी, लेकिन रिमांड अर्जी पर सुनवाई के दौरान यह कहा गया कि मरम्मत के दौरान पुल के तार (शेष पेज 8)

### हादसे के आरोपियों की पैरवी नहीं करेगा मोरबी बार एसोसिएशन

**पायनियर समाचार सेवा।** मोरबी

**मोरबी** बार एसोसिएशन ने बुधवार को कहा कि इसके सदस्य मच्छु नदी पर बना केबल पुल टूटने के मामले में आरोपियों की पैरवी नहीं करेंगे। गुजरात के मोरबी में रविवार को हुए इस हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई। एसोसिएशन के सदस्यों ने बुधवार को विरोध मार्च निकाला। इससे एक दिन पहले उसने पुल टूटने के मामले में आरोपियों की पैरवी नहीं करने को लेकर एक प्रस्ताव पारित किया था।

वरिष्ठ अधिवक्ता ए.सी. प्रजापति ने कहा, मोरबी बार एसोसिएशन और राजकोट बार एसोसिएशन ने उनकी पैरवी नहीं करने का निर्णय लिया है। दोनों बार एसोसिएशनों ने यह प्रस्ताव पारित किया है। एक और वकील ने कहा, एसोसिएशन के सभी वकील त्रासदी से बहुत दुखी हैं। नैतिकता के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। हम पुल गिरने में कई निर्दोष लोगों के मारे जाने के बाद, अदालत में किसी भी आरोपी का प्रतिनिधित्व नहीं करेंगे। वकील हमजा लकड़वा ने एसोसिएशन के फैसले का विरोध करते हुए कहा कि वह खाप पंचायत की तरह व्यवहार कर रही है।

उन्होंने ट्वीट किया, बार एसोसिएशन का काम कानून के शासन को बरकरार रखना और यह सुनिश्चित करना होता है कि अधिवक्ता उत्पीड़न के डर के बिना अपने पेशेवर कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। वह (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,906 | ↓ 215 | |
| निफ्टी | 18,082 | ↓ 62 | |
| सोना | 50,964 | ↑ 51 | /10g |
| चांदी | 59,265 | ↓ 502 | /kg |

## क्विक न्यूज

### छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर मतदान आज

**नई दिल्ली।** छह राज्यो हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, तेलंगाना, ओडिशा और महाराष्ट्र की कुल सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए बृहस्पतिवार को मतदान होगा। इस चुनाव मे सांकेतिक मुकाबला भाजपा और क्षेत्रीय दलो के बीच है। हरियाणा के आदमपुर विधानसभा क्षेत्र पांच दशक से भजनलाल परिवार का गढ़ रहा है और वह इसे कायम रखने की कोशिश कर रहा है। बिहार मे नीतीश कुमार के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद यह पहली चुनावी परीक्षा है। भगवा पार्टी उत्तर प्रदेश मे गोला गोकर्णनाथ सीट को कायम रखने की कोशिश कर रही है जबकि सत्तारूढ़ बीजू जनता दल शासित ओडिशा मे मौजूदा विधायक के निधन से खाली हुई धामनगर सीट पर सहानुभूति का लाभ उठाने के लिए दिवंगत विधायक के बेटे को उम्मीदवार बनाया गया है।

# विज्ञापन नहीं, जिंदगी में बदलाव लाने पर भरोसा: मोदी

- प्रधानमंत्री ने तीन हजार झुग्गी वासियों को सौंपी फ्लैटों की चाबी, दिल्ली की मौजूदा व पूर्ववर्ती सरकारों पर छोड़े व्यंग्य बाण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


नई दिल्ली में झुग्गी वासियों को ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की चाबी सौंपते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**अपने** घर का सपना हुआ पूरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राजधानी के झुग्गी-झोपड़ी वासियों को पक्का घर देने के लिए कालकाजी इलाके में जहां 'झुग्गी, वहीं मकान' पुनर्वास परियोजना के तहत नवनिर्मित 3,024 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की चाबी इनके मालिकों को सौंपी।

आवासों का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार विज्ञापन में नहीं, लोगों की जिंदगी में बदलाव लाने में यकीन रखती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (आप) पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि आम लोगों का जीवन बेहतर बनाने को केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए, लेकिन प्रचार-प्रसार के लिए विज्ञापनों का सहारा नहीं लिया। लोगों के बैंक खाता खोलने, विभिन्न केंद्रीय योजनाओं का पैसा सीधे लाभार्थियों के खाते में पहुंचाने, मुद्रा, स्वनिधि और गरीब कल्याण, अनधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण सहित कुछ अन्य योजनाओं से लोगों को मिलने वाली सहूलियतों का उल्लेख करते हुए पीएम ने कहा कि यदि वह इन सबके लिए विज्ञापन देते तो न जाने कितने पैसे खर्च होते। उन्होंने कहा कि जितनी चीजें ऊपर गिनाई हैं, यदि उनके लिए विज्ञापन दिया जाता तो कितना पैसा खर्च हो जाता। कितने अखबार विज्ञापन से भर जाते। मेरी फोटो चमकती। लेकिन, हमारा इसमें विश्वास नहीं है, हम आम लोगों की जिंदगी में बदलाव लाने के लिए जीते हैं।

प्रधानमंत्री ने हालांकि आम आदमी पार्टी का नाम नहीं लिया लेकिन उनका इशारा स्पष्ट तौर पर उसी की ओर था। भारतीय जनता पार्टी अक्सर आम आदमी पार्टी पर विज्ञापनों पर भारी-भरकम राशि खर्च करने और जमीन पर कुछ न करने का आरोप लगाती रही है। मोदी ने इस अवसर पर मेट्रो सेवाओं में हुए विस्तार, शहर के चारों ओर सड़कों के निर्माण और अवसंरचना विकास के लिए किए (शेष पेज 8)

# जस्टिस चंद्रचूड़ के खिलाफ दायर याचिका सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

- नौ नवंबर को देश के 50वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने से रोकने की मांग की थी
- अदालत ने याचिका को गलत धारणा पर आधारित बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**सुप्रीम** कोर्ट ने अपने वरिष्ठतम न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को प्रधान न्यायाधीश के रूप में नौ नवंबर को शपथ लेने से रोकने का अनुरोध करने वाली याचिका बुधवार को खारिज कर दी और इस याचिका को गलत धारणा पर आधारित बताया। प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित, न्यायमूर्ति एस. रवीन्द्र भट और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा, वकील की दलील सुनने के बाद, हमें याचिका की सुनवाई करने का कोई कारण दिखाई नहीं देता...हमारे सुविचारित मत के अनुसार, याचिका गलत धारणा पर आधारित लगती है और इसलिए याचिका खारिज की जाती है। इससे पहले एक वकील ने जब बृहस्पतिवार को सुनवाई के लिए इस मामले का जिक्र किया, (शेष पेज 8)

# यूपी में औद्योगिक विकास का नया परिवेश तैयार: नंदी

- औद्योगिक विकास मंत्री बोले-यमुना प्राधिकरण के दायरे में उद्योगों के लिए आने वाले समय में अपार संभावनाएं, निवेशकों को हरसंभव मदद के लिए राज्य सरकार तैयार



मेडिकल डिवाइस पार्क कार्यक्रम में मौजूद उत्तर प्रदेश सरकार में औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश मंत्री नंद गोपाल गुप्ता तथा राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी। फोटो: रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी और जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का डंका आज पूरे देश में बज रहा है। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार की नई औद्योगिक विकास नीति और शानदार कानून-व्यवस्था ने राज्य में औद्योगिक विकास के लिए नया परिवेश तैयार किया है।

दिल्ली के एक होटल में यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण क्षेत्र में बनाये जाने वाले मेडिकल डिवाइस पार्क और टॉय पार्क के रोड शो कार्यक्रम में औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल नंदी ने उक्त बात कही। यमुना एक्सप्रेसवे के पास यूपी का पहला मेडिकल डिवाइस पार्क बनाया जा रहा है। इसके लिए देश के दूसरे शहरों में ऐसे रोड शो आयोजित किए जाएंगे।

इंवेस्टर समिट में मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि यमुना प्राधिकरण के दायरे में उद्योगों के लिए आने वाले समय में अपार संभावनाएं हैं। निवेशकों को हरसंभव मदद के लिए सरकार हर समय तैयार है। मेडिकल डिवाइस पार्क से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। समिट में उप्र के औद्योगिक विकास मंत्री के साथ राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी, यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा अरूण वीर सिंह सहित यमुना प्राधिकरण के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। मेडिकल डिवाइस पार्क एमडीपी योजना में बड़ी देशी-विदेशी कंपनी को लाने के लिए देश भर में रोड शो किए जाएंगे जिनमें मेडिकल डिवाइस पार्क में कंपनी को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। यमुना प्राधिकरण ने इसके लिए सेक्टर-28 में 350 एकड़ भूमि विकसित करने की योजना बनाई है। प्राधिकरण ने पहले चरण के लिए योजना पिछले दिनों निकाली थी। 136 भूखंडों के लिए 173 आवेदन आये थे। मानक पूरा करने वाली 37 कंपनियों को भूखंड आवंटित किए गए हैं।

अथॉरिटी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इन कंपनी के सीईओ को अथॉरिटी की ओर से आमंत्रण लेटर भी भेजे जा रहे है। यमुना सिटी के सेक्टर-28 में बनने वाले मेडिकल डिवाइस पार्क में मेडिकल से संबंधित उपकरण बनाए जाएंगे। मेडिकल डिवाइस पार्क में सिरिंज से लेकर तमाम तरह के उपकरण कंपनियां निर्माण करेंगी। इन कंपनियों को सभी तरह की तमाम बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

मेडिकल डिवाइस पार्क के इंटरनल डिवलेपमेंट प्लान के लिए अब तक अथॉरिटी की ओर से 1300 करोड़ रुपए के टेंडर जारी किए जा चुके हैं। सेक्टर-28 में अलग से 220 केवीए का बिजली सब स्टेशन से लेकर एसटीपी आदि का निर्माण कराया जा रहा है। मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश के लिए अमेरिका के बाद लंदन, सिंगापुर, ताइवान समेत अन्य देशी में भी रोड़ शो होगा।

# एयरपोर्ट और मेडिकल पार्क से लाखों को मिलेगा रोजगार, होगा अरबों का निवेश

- मेडिकल सुई से लेकर दवाएं बनेंगी



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जेवर के पास बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की बदौलत नोएडा और ग्रेटर नोएडा को पीछे छोड़ते हुए यमुना सिटी वैश्विक पटल पर खुद को स्थापित कर रही है।

अभी तक लोगों को रोजगार मिलने के आंकड़े आते थे, जिनके मुताबिक 2.3 हजार युवकों को नौकरी मिल रही थी। अब यमुना सिटी में मैडिकल डिवाईस पार्क, टॉय सिटी और अपैरल पार्क में रोजगार के आंकड़े 10 लाख के पार जाएंगे। मेडिकल डिवाइस पार्क में सिरिंज से लेकर दवाएं और तमाम मैडिकल उपकरण यमुना सिटी में बनने लगेंगे। विदेशों से मेडिकल उपकरण नहीं मंगवाने पड़ेंगे। एक ही स्थान पर मेडिसिटी बसाई जाएगी। हॉस्पिटलों को सस्ते में अपने देश में बने मेडिकल उपकरण मिलने लगेंगे। इससे इलाज सस्ता और सुलभ होगा। इसके अलावा देशी-विदेशी पूंजी निवेश में यमुना अथॉरिटी अब नोएडा और ग्रेटर नोएडा समेत देश के अन्य शहरों को पीछे छोड़ देगी।

यमुना अथॉरिटी ने फाइव स्टार होटल में मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए इन्वेस्टर समिट और रोड शो किया। जिसमें 30 से अधिक देश.विदेश की कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। मेडिकल सेक्टर से जुड़ी दुनिया की कंपनियों ने यमुना सिटी में बनने वाले मैडिकल डिवाइस पार्क में निवेश की इच्छा जताई है। इनमें बेबी प्रोडक्ट बनाने वाली दुनिया की जानी.मानी कंपनी जॉनसन एंड जॉनसन समेत कई कंपनी शामिल हैं। यह कंपनी अकेले मेडिकल डिवाइस पार्क में 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने के इच्छुक हैं। इसके अलावा यमुना सिटी में टॉय सिटी सेक्टर.33 में बसाई जा रही है। विश्व खिलौना मार्केट करीब 7 लाख करोड़ रुपये का है। जिसमें भारत की हिस्सेदारी कम है। सन 2014 में भारत की हिस्सेदारी 774 करोड़ रुपये थी। जो अब बढ़कर 2587 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। यमुना सिटी का टॉय पार्क सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। एक हजार वर्ग मीटर से लेकर दस हजार वर्ग मीटर तक के 136 प्लॉट हैं। अभी तक 53.23 एकड़ जमीन अलॉट की जा चुकी है। जिसमें 400.84 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है और 6004 लोगों को रोजगार मिलेगा।

# समीक्षा बैठक में पुलिस कप्तान के सख्त तेवर, बोले- अपराधियों पर कसें शिकंजा

- बच्चियों व महिलाओं के साथ घटित होने वाले मामलों का गंभीरता से करें निस्तारण: मुनिराज



समीक्षा बैठक अधिकारियों संग एसएसपी मुनिराज जी।

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

एसएसपी मुनिराज जी के काम करने का अंदाज बिलकुल अलग है। वह जमीनी तौर पर पुलिसिंग को मजबूत करना चाहते हैं। यही वजह है कि हर छोटी से लेकर बड़ी घटना पर खुद ही नजर रखते हैं।

अपराधों को लेकर समय.समय पर वह समीक्षा बैठक करते हैं। उनके निशाने पर एक साल में हुई लूट और स्नेचिंग में अब तक हुई कार्रवाई को लेकर जिले के सभी एडिश्नल एसपी, सीओ और थाना प्रभारियों को पूरी डिटेल के साथ कि कितनी कार्रवाई हुई तलब किया था। बैठक में सात थाना प्रभारियों को सख्त अल्टीमेटम दिया गया। पुलिस लाइन के सभागार में कप्तान मुनिराज जी के द्वारा ली गई पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक ठंड़ी के मौसम में हॉट रही। सूत्रों की माने तो एसएसपी मुनिराज जी ने कई मामलों में जहां अधिनस्थों विशेषकर कुछ थाना प्रभारी निरीक्षकों, थाना प्रभारियों की जमकर क्लास ली। गोष्ठी के दौरान एसएसपी का मेन फोकस 26 अक्टूबर तक हुई लूट की वारदातों के अनावरण पर रहा। थाना प्रभारियों को निर्देशित हुए कहा कि वो सभी लूट की उन सभी वारदातों का खुलासा करने में देरी ना लगाये, जिन लूट का अनावरण अभी तक नहीं हुआ है। मुनिराज जी ने बच्चियों, छात्राओं, युवतियों व महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधिक मामलों के निस्तारण में भी गंभीरता दिखाकर संपूर्ण सुरक्षा का भाव जागृत करें।

## राहुल पाल बने गाजियाबाद के मुख्य अग्निशमन अधिकारी

गाजियाबाद। शासन ने मुख्य अग्निशमन स्तर के तीन दर्जन से अधिक अधिकारियों का तबादला कर दिया। इस क्रम में हमीरपुर जनपद में तैनात राहुल पाल को गाजियाबाद का मुख्य अग्निशमन अधिकारी बनाया गया है, वहीं जिले में काफी समय तक सीएफओ के पद पर तैनात रहे सुनिल कुमार सिंह का स्थानांतरण रायबरेली कर दिया।

इसके अलावा मथुरा में तैनात प्रमोद शर्मा को बुलंदशहर, रायबरेली में तैनात सुरेंद्र चौबे को प्रतीक्षारत, रमेश कुमार तिवारी को उन्नाव से कासगंज, जितेंद्र कुमार को हरदोई से शामली, अनिमेष सिंह को वाराणसी से अलीगढ़, मुकेश कुमार को मुरादाबाद से बांदा, जयप्रकाश सिंह को बुलंदशहर से अंबेडकरनगर, सतेंद्र प्रकाश पाण्डेय को आजमगढ़ से फिरोजाबाद, कृष्णकांत ओझा को झांसी से संभल, रेहान अली को शाहजहांपुर से हमीरपुर, अरूण कुमार सिंह को गौतमबुद्धनगर से शाहजहांपुर भेजा गया है।

# पीजी व एलएलबी की पहली ओपन मेरिट आज

**सीसीएसयू**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय कैंपस एवं संबद्ध कॉलेजों में पीजी ट्रेडिशनल.प्रोफेशनल, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट एवं एलएलबी कोर्स में रिक्त सीटों पर आज पहली ओपन मेरिट जारी करेगा। छात्र गुरुवार दस बजे से अपनी लॉगइन आईडी से ऑफर लेटर डाउनलोड कर कल यानी चार नवंबर तक संबंधित कॉलेज में जमा कर सकेंगे।

कॉलेज रिक्त सीटों के सापेक्ष प्राप्त ऑफर लेटर से पांच नवंबर को मेरिट तैयार करते हुए प्रवेश करेंगे। पहली ओपन मेरिट से प्रवेश की अंतिम तिथि नौ नवंबर रहेगी। इसी दिन कॉलेजों को समस्त प्रवेश पोर्टल पर कंफर्म करने होंगे। बता दें कि नोएडा के सरकारी और गैर सरकारी कॉलेजों में पीजी पाठ्यक्रमों की अभी दो हजार सीटें रिक्त है। वहीं कुमारी मायावती और नोएडा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में करीब 76 प्रतिशत सीटें खाली पड़ी है। ओपन मेरिट के तहत छात्रों के पास प्रवेश का अच्छा मौका रहेगा।

पीजी स्तर पर एलएलबी की शुरुआती दो मेरिट में सर्वाधिक प्रवेश हुए हैं। प्रवेश पोर्टल के अनुसार एलएलबी में 12 हजार 720 सीटों के सापेक्ष सात हजार 853 प्रवेश हुए हैं जो 61.7 फीसदी हैं। कैंपस एवं कॉलेज में एलएलबी की करीब 38.3 फीसदी सीटें खाली हैं। एमए, एमएससी, एमएससी एजी और एमकॉम सहित डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स में कुल 21 हजार 177 सीटों पर मात्र 7265 प्रवेश हुए हैं जो मात्र 34.3 फीसदी हैं।

पीजी कोर्स में 65.7 फीसदी सीटें रिक्त हैं। इन कोर्स में 13 हजार 912 सीटें खाली हैं। विश्वविद्यालय में बीपीईएस कोर्स में पंजीकृत, लेकिन अप्रवेशित एवं फिटनेस टेस्ट में सफल छात्र.छात्राओं के लिए अंतिम ओपन मेरिट आज जारी होगी। छात्र लॉगइन आईडी से ब्लैंक ऑफर लेटर डाउनलोड करते हुए किसी भी कॉलेज में आज और कल जमा करा सकते हैं। कॉलेज चार नवंबर तक इस मेरिट से प्रवेश करेंगे। विश्वविद्यालय कैंपस एवं कॉलेजों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी में प्रवेशित प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं दो जनवरी से होंगी। विवि ने एनईपी में संबंधित सेमेस्टर के विद्यार्थियों की आंतरिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराते हुए नंबर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित साहिबाबाद के करहैड़ा बिजली घर के पास मंगलवार रात मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से घायल लुटेरा गिरफ्तार किया गया।

उसके पास से तमंचा, कारतूस, फर्जी नंबर प्लेट लगी बाइक और 16500 रुपये बरामद हुए। उसका साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस अधीक्षक नगर द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार रात में हिंडन एयरफोर्स गोल चक्कर पर पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक सवार दो संदिग्धों को रूकने का इशारा किया गया। उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी और भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया। करहैड़ा बिजली घर के पास संदिग्धों ने फिर पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। पुलिस की गोली एक संदिग्ध के दाहिने पैर में लगी। दोनों संदिग्ध सड़क पर गिर गए। पुलिस ने घेराबंदी करके गोली लगे संदिग्ध को दबोच लिया। उसकी पहचान शालीमार गार्डन के शातिर लुटेरे शाहिद अफरीदी के रूप में हुई। उसे उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। उसका साथी अंधेरा का फायदा उठाकर फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है।

## पुलिस ने जमीन खोदकर निकाले नोटों के बंडल

**गाजियाबाद।** हरियाणा में मजदूरों के करोड़ों रुपए वेतन ठगने में रोहतक पुलिस ने मंगलवार रात गाजियाबाद के कस्बा मोदीनगर में एक घर पर छापा मारा। पुलिस ने घर में जमीन खोदकर नोटों के बंडल निकाले हैं।

कहा जा रहा है कि नोटों की कीमत एक करोड़ से ज्यादा है। हालांकि पुलिस कह रही कि गिनती के बाद स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस मकान मालिक, लेबर, ठेकेदार को गिरफ्तार करके रोहतक ले गई है। उसके दो साथी ठेकेदार पहले ही पकड़े जा चुके हैं।

रोहतक पुलिस ने मोदीनगर कस्बे की महेंद्रपुरी कॉलोनी में जिस घर पर छापा मारा है, उसका मालिक अरविंद भार्गव है। अरविंद, विकास और कीर्ति रोहतक की एक कंपनी में लेबर सप्लाई के ठेकेदार हैं। इन तीनों ने 550 मजदूरों के वेतन का एक करोड़ रुपए से ज्यादा पैसा हड़प लिया और फरार हो गए।

# किसानों पर हुए लाठी चार्ज के खिलाफ धरने पर बैठी महिलाएं

- रसूलपुर बाजार भी किया गया बंद, भारी पुलिस फोर्स तैनात

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के दादरी में एनटीपीसी प्लांट पर प्रदर्शन कर रहे किसानों और महिलाओं पर पुलिस ने कल लाठीचार्ज किया था। जिस के विरोध में आज महिलाएं धरने पर बैठ गई हैं।

रसूलपुर में महिलाएं धरने पर बैठी हुई है और लाठीचार्ज के विरोध में पूरे बाजार को भी बंद कर दिया गया है। मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात है। मंगलवार को किसानों ने एनटीपीसी प्लांट पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने किसानों पर वाटर कैनन से बौछार की और लाठीचार्ज भी किया। लाठीचार्ज में कई किसान घायल भी हो गए। पुलिस ने इस दौरान एक दर्जन से ज्यादा किसानों को गिरफ्तार कर लिया है। 500 से ज्यादा किसानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। लाठीचार्ज के विरोध में रसूलपुर के पूरे बाजार को भी बंद कर दिया गया। वहीं पर महिलाएं धरने पर बैठी हुई। महिलाओं ने कहा कि कल वह प्रदर्शन कर रहे थे और उसी दौरान पुलिस ने उन पर लाठी बरसानी शुरू कर दी।

कई लोग घायल हुए हैं और पुलिस ने काफी लोगों को गिरफ्तार किया है। उनकी मांग है कि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए और उनकी जो मांगे है वो पूरी होनी चाहिए। मंगलवार को लाठीचार्ज के बाद यह सभी लोग इकट्ठा होकर शाम को दादरी विधायक के आवास पर पहुंचे थे।

# चार दिन में इंदिरापुरम की सड़कें होंगी गड्ढामुक्त

- बारिश के चलते कई स्थानों पर खस्ताहाल है मार्ग

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



इंदिरापुरम में जीडीए ने बुधवार से सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का काम शुरू कर दिया है। अधिकारियों का दावा है कि चार दिन में सड़कों कों गड्ढा मुक्त कर दिया जाएगा।

जीडीए के अधिशासी अभियंता आलोक रंजन का कहना है कि बारिश की वजह से इंदिरापुरम की सड़कें जगह-जगह से खस्ताहाल हो गई थी, जिससे सड़कों में गड्ढे हो गए हैं। बुधवार से इंदिरापुरम में सड़कों के गड्ढे भरने का काम शुरू कर दिया गया। सुचिता कृपलानी मार्ग सहित अन्य आंतरिक सड़कों पर पैच वर्क करके गड्ढे भरने के साथ सड़कें जहां पर ज्यादा टूटी है वहां दोबारा निर्माण किया जा रहा है। अगले चार दिन में सड़कों के गड्ढे भरने का काम पूरा कर लिया जाएगा।

इंदिरापुरम में पिछले कई महिनों से सेंट्रल वर्ज और ग्रीन बेल्ट के पेड़.पौधों की छंटाई नहीं हुई है। इससे पेड़.पौधों की टहनियां सड़क पर लटक रही हैं, जिसे हादसे का खतरा बढ़ गया था। जीडीए के उद्यान प्रभारी एसके भारतीय का कहना है कि सेंट्रल वर्ज और ग्रीन बेल्ट के पेड़-पौधों की छंटाई का काम तेजी से करवाया जा रहा है। बहुत जल्द ही काम पूरा कर लिया जाएगा। छटाई के साथ टहनियां भी उठाई जा रही है जिससे कि राहगीरों व स्थानीय लोगों को परेशानी ना हो।

**ओके प्ले इंडिया लिमिटेड**
सीआईएन : एल28219एचआर1988पीएलसी030347
पंजी. कार्यालय : 17-18, रोज़-का-मेयो इंडस्ट्रियल एस्टेट, तहसील नूह, जिला मेवात, हरियाणा-122103
वेबसाइट : www.okplay.in ई-मेल : info@okplay.in
फोन : +91 124 2362335-36
फैक्स : +91 124 2362326

**सूचना**

सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 के साथ पठित विनियम 47 के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक सोमवार, 14 नवम्बर, 2022 को आयोजित की जाएगी, जिसमें अन्य के साथ, 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु कम्पनी के अ-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम (पृथक्कृत और समेकित) विचारित और अनुमोदित किए जाएंगे।

वास्ते ओके प्ले इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
तिथि : 02-11-2022 मीनू गोस्वामी
स्थान : नई दिल्ली कम्पनी सचिव

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री आशीष बाजयेयी पुत्र श्री कौशल कुमार बाजयेयी ने डीएलएफ, अंकुर विहार, गांव सदुलाबाद, परगना और तहसील लोनी, जिला गाजियाबाद, यूपी में स्थित निर्मित फ्री-होल्ड प्लॉट सं. बी-9/6, एरिया परिमाप 168.000 वर्ग गज, जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 11.10.2021, पंजीकरण सं. 9016, सब रजिस्ट्रार लोनी गाजियाबाद में पंजीकृत है, के माध्यम से मालिक हैं और श्रीमती मिथिलेश कुमारी पत्नी श्री कौशल कुमार बाजपेयी (स्वर्गीय मिथिलेश कुमारी की मृत्यु 05.01.2022 को हो गई, के मृत्यु बाद) और जीवित सदस्य प्रमाणपत्र संबंधित प्राधिकरण द्वारा श्रीमती अर्चना दीक्षित, श्रीमती वंदना मिश्रा, श्रीमती कल्पना मिश्रा और श्री आशीष बाजयेयी के पक्ष में जारी किया गया। सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री नितिन शर्मा और सिया रानी उपरोक्त संपत्ति को एक पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी के साथ श्री आशीष बाजयेयी पुत्र श्री कौशल कुमार बाजयेयी से खरीद रही है यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78, सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Mohd. Iqbal S/o Nawab Ahmad R/o 360/168A Second Floor Gali No.15 Gaffar Manzil Jamia Nagar Okhla New Delhi -110025 have changed my name Mohammad Iqbal Ansari to Mohd. Iqbal For all future purposes.

PD(90186)A

I Anisha D/O Sh. Mahesh Chandra R/O 2A/20 , Sector II, Peshwa Road, Gole Market, New Delhi-110001 have changed my name to ANISHA POKHRIYAL for all future purpose.

PD(90187)C

**PUBLIC NOTICE**

I KAUSHALYA HUSSEIN QARWASH D/o NARAYAN RAM R/o WZ-1369, Second Floor, Near Transformer, Nangal Raya, Delhi -110046 have embraced HINDUISM and renounced ISLAM with effect from 13 Dec., 2015.

**सूचना**

एतद्द्वारा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बृहस्पतिवार, 10 नवम्बर, 2022 को आयोजित की जाएगी, जिसमें, अन्य के साथ, 30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम विचारित और अनुमोदित किए जाएंगे।

इस सूचना में दी गई जानकारी कम्पनी की वेबसाइट www.cubical90.com तथा स्टॉक एक्सचेंज नामतः बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

वास्ते क्यूबिकल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता./
स्थान : नई दिल्ली (अश्वनी कुमार गुप्ता)
तिथि : 02 11 2022 प्रबंध निदेशक

**PUBLIC NOTICE**

Unit No. C-1003 was allotted to Mrs. Shashi Bansal & Mr. Narendra Paul Bansal, Unit No. C-401 was allotted to M/s Niti Foods Private Limited, Unit No. L-108 was allotted to Mr. Aakash Puri, Unit No. C-804 was allotted to Mr. Bipin jain, Unit No. C-801 was allotted to Mr. Pratap Kumar Barik & Mrs. Gauri Barik, Unit No. C-1804 was allotted to Mr. Prasad Rao Pantulu Voleti 7 Mrs. Shobha Voleti, Unit No. A-1903 was allotted to M/s Sunbright Foods Private Limited, Unit No. E-1401 was allotted to M/s Better Option Propmart Private Limited, Unit No. L-1607 was allotted to Mrs. Mridula Sharma & Mr. Kishor Kumar Kaushik, Unit No. L-1707 was allotted to Mr. Rajendra Kumar Mishra & Ms. Meenakshi Mishra, Unit no. L-105 was allotted to Mr. George Varghese Madathilathu & Mrs. Reena Verghese, Unit no. H-102 was allotted to Mr. Vijay Gupta in project Blossom County (Logix Infrastructure Pvt. Ltd.) Plot No.02, Sector 137, Noida Expressway, Noida - 201305. Pursuant to repeated reminders the allottees has defaulted in making payments and taking possession of the said unit.

This to intimate that in case nothing is heard from the concerned allottees within 2 working days of this public notice, the unite's shall stand cancelled without any right or lien of the allottees and Logix shall be free to deal with the said unit's.

For Logix Infrastructure (Pvt. Ltd.)
Authorized Signatory
Contact No. +919310365040

**कार्यालय नगर पालिका निगम, भिलाई**

क्र./परियोजना/ न.नि./2022/501/313 भिलाई, दिनांक 28.10.2022

**// RFP (Second call) //**

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत डोर-टू-डोर राजस्व (संपत्तिकर, समेतिकर, जलकर, विज्ञापन कर, यूजर चार्ज इत्यादि) करों की वसूली के सबंध में अनुभवी एवं सक्षम फर्म से प्रस्ताव (RFP) दिनांक 14.11.2022 तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त (RFP) दिनांक 16.11.2022 को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित एजेंसी अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

कार्य की विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में संपत्तिकर, शाखा एवं मुख्य कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई की वेबसाई www.bhilainagarnigam.com, http://eproc.cgstate.gov.in एवं UAD की साईट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, भिलाई

**पशु आहार निर्माण शाला, रूद्रपुर**
किच्छा बाईपास रोड, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) फोन नं: 05944-242552 ई-मेल: aanchalcattlefeed@gmail.com

पत्रांक 1927-30/निविदा सूचना/2022-23 दिनांक: 02.11.2022

**ई-प्रोक्योरमैन्ट नोटिस**

ई-निविदा सूचना संख्या-22/23/Raw Material/H.D.E.P./PP Bag/CFP/2022-23, Date - 03/11/2022

निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा के द्वारा Two Bid System के अन्तर्गत पशु आहार निर्माणशाला रूद्रपुर (उधमसिंहनगर) में प्रयुक्त होने वाले कच्चे माल आपूर्तिकर्ताओं/निर्माताओं/फर्मो से दिनांक 17/11/2022 के सांय 05.00 बजे तक निविदा आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 18/11/2022 प्रातः 11.00 बजे यू0सी0डी0एफ0 कार्यालय मंगल पड़ाव हल्द्वानी में खोली जायेगी।

तालिका क्रम संख्या 01

| क्र0 सं0 | कच्चा माल विवरण | कुल मात्रा M.T. | धरोहर धनराशि ₹ | निविदा शुल्क GST सहित ₹ | आपूर्ति शैड्यूल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डी0ओ0आर0बी0 | 7500 | 1416000.00 | 4720.00 | निविदा प्रपत्र के अनुसार |
| 2 | राईस पालिस | 2500 | 994000.00 | 4720.00 | |
| 3 | सोयाएक्स | 90 | 110500.00 | 4720.00 | |
| 4 | विटामीन AD-3 | 115 कि0ग्राम0 | 30500.00 | 1770.00 | |
| 5 | विटामीन E | 950 कि0ग्राम0 | 33600.00 | 1770.00 | |
| 6 | H.D.E.P. Bag 50 कि0 पैकिंग क्षमता टाईप-2 | 300000 नग | 212600.00 | 4720.00 | |
| 7 | H.D.E.P. Bag 50 कि0 पैकिंग क्षमता (भेड़ बकरी आहार) | 15000 नग | | | |
| 8 | H.D.E.P. Bag 50 कि0 पैकिंग क्षमता टाईप-1 | 10000 नग | | | |
| 9 | H.D.E.P. Bag 50 कि0 पैकिंग क्षमता प्लेन | 5000 नग | | | |
| 10 | H.D.E.P. Bag 25 कि0 पैकिंग क्षमता टाईप-2 | 120000 नग | 33000.00 | 1770.00 | |
| 11 | PP Bag Rahat 24 कि0 पैकिंग क्षमता | 95000 नग | 35100.00 | 1770.00 | |

नोट- निविदा की शर्ते तथा उपलब्धता एवं प्रस्तुतीकरण का तरीका-

निविदा प्रपत्रों का मूल्य उपरोक्त तालिका के अनुसार जी.एस.टी. सहित, प्रति आइटम, निविदा प्रपत्र Online Internet की वेबसाइट https://uktenders.gov.in पर उपलब्ध है, तथा यही से Download एवं Upload किये जा सकते हैं। ई-निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती हैं। ई-निविदा वेबसाइट पर दिनांक 03/11/2022 की अपरान्ह 02.00 बजे से उपलब्ध रहेगी। सामान्य प्रबन्धक

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | किरण इंटरनैशनल, अनीता चौहान, राज कुमार चौहान, अनीता चौहान, 832, पाकेट-1, राधिका अपार्टमेंट, सेक्टर-14, द्वारका, दिल्ली खाता नंबर - 025005500902 | डीडीए एलआईजी फ्लैट- 832, तृतीय तल, फेज-II, ग्रुप-3, पाकेट-1, राधिका अपार्टमेंट, सेक्टर-14, द्वारका, दिल्ली | 18-10-2022 रू.18,57,034/- | 27-07-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 01 नवम्बर, 2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**भौतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निपुण भारद्वाज/ प्योर पाम लिमिटेड/ निधि/ अचला भारद्वाज/ अभिषेक ट्यूब्स लिमिटेड/ LBDEL00003329116 | फ्लैट नंबर-डब्ल्यूटी-04-601, टावर-4, सेक्टर-112, छठी मंजिल, विंडचंट विलेज चौमा, गुड़गांव, हरियाणा -122101/ 28 अक्टूबर, 2022 | मार्च 28, 2021 ₹ 2,28,38,424/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : नवम्बर 03, 2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लि.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# महिलाओं के लिए खुलेंगे 100 मोहल्ला क्लीनिक

## बारह साल तक के बच्चों का भी होगा इलाज, टेस्ट समेत कई सुविधाएं मिलेंगी

● मुख्यमंत्री ने चार क्लीनिक का किया उद्घाटन


विशेष मोहल्ला क्लीनिक के उद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को घोषणा की है कि राष्ट्रीय राजधानी में महिलाओं के लिए 100 विशेष मोहल्ला क्लीनिक खोले जाएंगे।

चार महिला विशेष मोहल्ला क्लीनिक का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि 12 साल से कम उम्र के बच्चों और महिलाओं का यहां मुफ्त उपचार किया जाएगा।

मोहल्ला क्लीनिक अरविंद केजरीवाल सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक है और इसका मकसद शहर में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को बढ़ावा देना है। केजरीवाल ने कहा कि चार महिला मोहल्ला क्लीनिक आज खोले जा रहे हैं जो महिलाओं के लिए विशेष क्लीनिक हैं, जहां उनके और 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए स्त्री रोग संबंधी सेवाएं, परीक्षण और दवाएं मुफ्त उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि पहले चरण में महिलाओं और बच्चों के लिए ऐसे 100 मोहल्ला क्लीनिक खोले जाएंगे।

उन्होंने कहा कि इन क्लीनिकों में चिकित्सक और कर्मी महिलाएं होंगी। मुख्यमंत्री ने हालांकि इस बात का कोई उल्लेख नहीं किया कि ये क्लीनिक कब तक खोले जाएंगे।

औसतन, प्रत्येक मोहल्ला क्लीनिक में एक दिन में करीब 116 मरीज देखे जाते हैं और कुल मिलाकर एक दिन में 60 हजार से ज्यादा मरीज यहां देखे जाते हैं।

# सरकारी अस्पतालों में नर्सों की हड़ताल शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार द्वारा संचालित विभिन्न अस्पतालों की नर्सों ने उनकी सेवाओं को नियमित करने और काफी समय से लंबित पदोन्नति देनेसहित विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को हड़ताल शुरू कर दी दिल्ली नर्स फेडरेशन (डीएनएफ) ने कहा कि यह एक प्रतीकात्मक हड़ताल है, जोदो से चार नवंबर के बीच सुबह 9 से 11 बजे तक होगी। डीएनएफ के महासचिव लीलाधर रामचंदानी ने कहा, हालांकि, आपातकालीन और आईसीयू सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी, क्योंकि कुछ नर्सें इन दोनों सेवाओं के लिए काम करेंगी। नर्सिंग स्टाफ की बुधवार से शुरू हुई हड़ताल के कारण ओपीडी सेवाएं और वार्ड प्रभावित होंगी। उन्होंने बताया कि डीएनएफ द्वारा घोषित हड़ताल में दिल्ली सरकार द्वारा संचालित सभी प्रमुख सरकारी अस्पताल शामिल हो गए हैं।रामचंदानी ने कहा कि दिल्ली के अन्य सरकारी अस्पताल, मसलन एलएनजेपी अस्पताल, जीबी पंत अस्पताल, डीडीयू अस्पताल, जीटीबी अस्पताल, बीएसए अस्पताल, डॉ. हेडगेवार अस्पताल और एसजीएम अस्पताल भी हड़ताल का हिस्सा हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली में नर्सों के 8,000 स्वीकृत पद हैं, लेकिन 6,000 नर्सें ही काम कर रही हैं। रामचंदानी ने दावा किया, तीन नए अस्पताल बने हैं और अन्य अस्पतालों के कर्मचारियों को वहां भेज दिया गया है। बिस्तर तो बढ़ा दिए गए हैं, लेकिन नर्सिंग स्टाफ की संख्या में वृद्धि नहीं की गई है।

# आईजीआई पर 30 करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ महिला गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर देश में 30 करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन की तस्करी करने के लिए नाइजीरियाई महिला को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इससे पहले तीन यात्रियों के पास से 6.67 किलोग्राम सोना बरामद किया गया। जिसकी अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमत 3 करोड़ आंकी गई है।

अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि महिला के पास से करीब चार किलो हेरोइन मिला है, जिसकी कीमत 30 करोड़ रुपये है। आरोपित महिला एक बैग के अंदर हेरोइन छिपाकर भारत लाई थी। इसे भारतीय बाजार में खपाने की साजिश थी। कस्टम के अधिकारियों ने मादक पदार्थ को जब्त कर लिया गया है यात्रियों के पास से मिला करोड़ों का सोना इससे पहले इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मंगलवार को सोना की बरामदगी के बाद अब हेरोइन तस्करी का मामला सामने आया है। सोना तस्करी मामले में कस्टम विभाग ने मंगलवार को एयरपोर्ट से तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 6,637 ग्राम सोना बरामद किया गया है।

**बैग से मिला सोने का पेस्ट**

अधिकारियों ने बताया कि अंतराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत करीब 2.95 करोड़ रुपये आंकी गई है। कस्टम विभाग की संयुक्त आयुक्त निशा गुप्ता ने बताया कि आरोपित यात्री शारजाह से नई दिल्ली आए थे। टर्मिनल 3 पर जब इनके बैग की तलाशी ली गई तब अधिकारियों को संदेह हुआ। इसके बाद सघन तलाशी में पता चला कि इन्होंने अपने बैग में एक बेल्ट रखा है। इस बेल्ट में कई खांचे बने हैं। जब इन्हें खोलकर देखा गया तो मालूम हुआ कि इसमें पेस्ट है जो सोने को गलाकर बनाया गया है।

# 'पंजाब के किसानों को निशाना बना रही भाजपा'

● बढ़ते प्रदूषण को लेकर पर्यावरण मंत्री ने साधा विपक्षी दल पर निशाना



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया कि कृषि कानूनों के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों की वजह से वह पंजाब में किसानों को पराली जलाने के लिए निशाना बना रही है। कृषि कानूनों को अब वापस ले लिया गया है।

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता ने कहा कि पंजाब में किसान पराली जलाने को मजबूर हैं, क्योंकि भाजपा नीत केंद्र सरकार ने पराली नहीं जलाने के लिए उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करने की राज्य सरकार की योजना का समर्थन नहीं किया।

राय ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हर कोई एक ही सवाल कर रहा है कि दिल्ली और पंजाब में आप के सत्ता में होने के बावजूद पराली जलाने की घटनाओं में कमी क्यों नहीं आई। पराली जलाने की घटनाओं में कमी नहीं आई है क्योंकि केंद्र ने समर्थन देने से इनकार कर दिया। दिल्ली एवं पंजाब की सरकारों ने जुलाई में संयुक्त रूप से केंद्र को प्रस्ताव भेजा था कि वे कृषि प्रधान राज्य में किसानों को पराली नहीं जलाने के लिए नकद प्रोत्साहन देने में मदद करें।

प्रस्ताव के अनुसार, दिल्ली और पंजाब सरकार 500-500 रुपए और केंद्र सरकार।,500 रुपए प्रति एकड़ का योगदान देगी। पंजाब सरकार के अधिकारियों के अनुसार, केंद्र ने उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया और कहा कि वह किसानों को सब्सिडी के साथ मशीनें उपलब्ध करा रही है एवं नकद प्रोत्साहन देने के लिए उसके पास पैसे नहीं हैं। पर्यावरण मंत्री राय ने कहा कि केंद्र ने किसानों के साथ विश्वासघात किया है।

## निर्माण स्थलों पर प्रदूषण नियंत्रित करने का प्रयास

नई दिल्ली। बिगड़ती वायु गुणवत्ता के बीच राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने छिड़काव मशीनें एवं धूमरोधी उपकरण लगाकर अपने निर्माण स्थलों पर वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। दिल्ली और मेरठ के बीच एनसीआरटीसी देश की पहली क्षेत्रीय त्वरित आवागमन प्रणाली (आरआरटीएस) स्थापित कर रहा है जो रेल आधारित उच्च गति वाली क्षेत्रीय यात्रा प्रणाली है।

निगम ने कहा कि वह निर्माणस्थलों पर पहले से तैयार किए गए सीमेंट के ढांचों का उपयोग कर रहा है और चूंकि आनंद विहार दिल्ली में एक बड़ा आवागमन केंद्र है, गलियारे पर सीमेंट के ढांचों के दस 10 निर्माण स्थल बनाए गए हैं।

# प्रदूषणः स्कूलों को बंद कर ऑनलाइन कक्षाओं की मांग

● नौनिहालों की सुरक्षा को कांग्रेस, भाजपा और बाल आयोग ने उठाई आवाज


प्रदूषण कम करती फॉग मशीन।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के बीच नौनिहालों के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित भाजपा, कांग्रेस और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने स्कूलों को बंद करने और ऑनलाइन कक्षाओं को संचालित करने की मांग की है।

भाजपा की दिल्ली इकाई ने वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के मद्देनजर बच्चों को बचाने के लिए स्कूलों को बंद कर ऑनलाइन कक्षाओं को बहाल करने की मांग की। इस संबंध में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने बुधवार को दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना से आग्रह किया कि राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण की स्थिति में सुधार होने तक स्कूलों और अन्य शिक्षण संस्थानों को बंद रखा जाए।

दिल्ली के अधिकतर क्षेत्रों में वायु प्रदूषण खतरनाक श्रेणी में पहुंच गया है, जो प्रदूषण मॉनिटरिंग स्टेशनों पर ए.क्यू.आई. 400-500 तक दर्ज हो रहा है और दिल्ली गैस चैम्बर बन चुकी है जिससे दिल्ली की शत प्रतिशत जनसंख्या प्रभावित हो रही है।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने भी दिल्ली सरकार से राजधानी में वायु प्रदूषण की स्थिति में सुधार होने तक स्कूलों को बंद रखने को कहा है। प्रमुख प्रियंक कानूनगो ने दिल्ली के मुख्य सचिव को पत्र लिखा और उचित कदम उठाने पर विचार करने को कहा। दिल्ली सरकार से कहा कि वायु गुणवत्ता में सुधार होने तक स्कूलों को बंद रखा जाए। दिल्ली की वायु गुणवत्ता में मौसम की अपेक्षाकृत बेहतर परिस्थितियों के कारण बुधवार सुबह मामूली सुधार हुआ और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने कहा कि ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के चौथे चरण के तहत प्रतिबंध लागू करने की तत्काल आवश्यकता नहीं है।

# आश्रय गृह से पांच उज्बेक महिलाएं लापता

● महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस के अधिकारी को किया तलब


स्वाति मालीवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत में कथित तौर पर तस्करी कर लाने के बाद यौन उत्पीड़न का शिकार हुई उज्बेकिस्तान की सात महिलाओं में से पांच के यहां एक निजी आश्रय गृह से लापता हो जाने के बाद दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी को तलब किया है। डीसीडब्ल्यू ने पुलिस उपायुक्त, नई दिल्ली, को तलब कर उनसे इस मामले में कार्वाई रिपोर्ट मांगी है।

डीसीडब्ल्यू ने कहा कि सात महिलाओं ने आरोप लगाया था कि उन्हें उज्बेकिस्तान से तस्करी कर लाया गया था और वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर किया गया। आयोग ने कहा कि महिलाएं किसी तरह तस्करों के चंगुल से बच निकलीं और इस साल 28 अगस्त को चाणक्यपुरी पुलिस थाने में उन्होंने प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने कहा कि यह महिलाएं 18 से 25 साल के आयुवर्ग की थीं और मामले में जांच जारी है।

आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने निजी आश्रय गृह को भी नोटिस जारी किया है, जिससे यह जाना जा सके कि किन परिस्थितियों में यह महिलाएं आश्रय गृह से लापता हुईं। अधिकारियों ने कहा कि यह मामला तब सामने आया जब आयोग को सात उज्बेक महिलाओं से एक अंतरराष्ट्रीय तस्करी और वेश्यावृत्ति गिरोह के बारे में शिकायत मिली। महिलाओं का कहना था कि उनमें से कुछ को नेपाल के रास्ते भारत लाया गया था।

# ईडब्ल्यूएस फ्लैट : भाजपा और आप पर कांग्रेस का हमला

● छह साल की देरी, 68 प्रतिशत अधिक लागत से हुआ निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


कांग्रेस ने कालकाजी में इन सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए 3,024 फ्लैटों के निर्माण में छह साल की देरी और 68 प्रतिशत की लागत में वृद्धि का आरोप लगाया।

इस परियोजना का उद्घाटन व फ्लैटों का आवंटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार शाम विज्ञान भवन में किया। कांग्रेस मुख्यालय में एक पत्रकार वार्ता के दौरान पार्टी की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि इस परियोजना की योजना बनाने और इसे शुरू करने का श्रेय शीला दीक्षित के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार को जाता है। भाजपा उनके काम का श्रेय ले रही है।

कांग्रेस ने कहा कि यह इन-सीटू पुनर्वास परियोजना 18 सितंबर, 2013 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित द्वारा शुरू की गई थी। सुभाष चोपड़ा ने कहा कि यह परियोजना कांग्रेस और सोनिया गांधी के दिमाग की उपज है। 3,024 फ्लैटों के साथ इसका पहला चरण 2013 में शुरू हुआ और 2016 में पूरा होने वाला था। श्रीनेत ने दावा किया कि प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन किए जाने वाले पहले चरण को छह साल की देरी के बाद पूरा किया गया है और इसकी लागत 68 प्रतिशत बढ़ गई है।

# डेंगू से सरिता विहार एचएचओ की मौत

● अक्टूबर में डेंगू के 1,200 से अधिक मामले सामने आए, अब तक संख्या 2,000 के पार हुई


रजनीश शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में डेंगू का प्रकोप हर रोज बढ़ता जा रहा है। दक्षिण पूर्वी जिले के सरिता विहार थाने में तैनात एचएचओ रजनीश शर्मा की बुधवार को डेंगू से मौत हो गई। उनका उपचार रोहिणी के एक अस्पताल में चल रहा था। हालांकि पुलिस अधिकारियों की तरफ से डेंगू से मौत होने की वजह की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। डीसीपी ईशा पांडेय ने बताया कि सरिता विहार थाने में तैनात एसएचओ (इंस्पेक्टर) रजनीश शर्मा पिछले महीने 26 अक्तूबर से डेंगू से पीड़ित थे। उन्हें 28 अक्तूबर को रोहिणी के अग्रसेन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई।

रजनीश शर्मा वर्ष 1997 में दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्त हुए थे। डीसीपी ने इंस्पेक्टर रजनीश शर्मा को श्रद्धांजलि दी। मालूम हो कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अक्टूबर में डेंगू के 1,200 से अधिक मामले सामने आए हैं। इससे इस साल अब तक मरीजों की संख्या 2,000 के पार चली गई है। निगम की ओर से जारी होने वाली रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर माह में छब्बीस तारीख तक दर्ज किए गए 1,238 मामले इस साल दर्ज किए गए डेंगू के कुल मामलों के आधे से अधिक हैं।

# अंतर-धार्मिक विवाह पंजीकरण के लिए हाईकोर्ट पहुंचे विदेशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्च न्यायालय बुधवार को दो विदेशी नागरिकों की उस याचिका पर सुनवाई करने के लिए राजी हो गया, जिसमें अंतर-धार्मिक जोड़ों से संबंधित भारतीय विवाह कानून के तहत अपने इच्छित विवाह के आयोजन और पंजीकरण की मांग की गई है।

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की एकल पीठ ने याचिकाकर्ताओं के साथ-साथ दिल्ली सरकार को अपनी दलीलों का सारांश दाखिल करने की छूट देते हुए कहा कि सरकार के लिए किसी भी अंतर-धार्मिक जोड़े को शादी करने से रोकना संभव नहीं है, लेकिन सवाल यह है कि क्या सिर्फ याचिका कर्ताओं के यहां रहने की वजह से उन्हें विशेष विवाह अधिनियम के तहत लाभों का दावा करने का अधिकार है।

याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि उनके मुवक्किल दो अलग-अलग धर्मों से ताल्लुक रखते हैं और छह महीने से अधिक समय से दिल्ली में रह रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वे विशेष विवाह अधिनियम के तहत अपनी शादी रचाने और उसे पंजीकृत करने का इरादा रखते हैं, लेकिन इसके लिए वे ऑनलाइन आवेदन करने में असमर्थ हैं, क्योंकि वेबसाइट पर कम से कम एक पक्ष का भारतीय होना अनिवार्य है।

## गौतम गंभीर-एमसीडी को कोर्ट का समन जारी

नई दिल्ली। कड़कड़डूमा कोर्ट ने डलावघर की भूमि पर पुस्तकालय बनाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए पूर्वी दिल्ली के सांसद गौतम गंभीर और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को नोटिस व समन जारी किया है।


एडिशनल सीनियर सिविल जज हिमांशु रमन सिंह के कोर्ट में याचिका पर हुई में अगली सुनवाई 13 दिसंबर को तय की गई है।

अधिवक्ता रवि भार्गव और रोहित कुमार माहिया ने कड़कड़डूमा कोर्ट में याचिका दायर की। याचिकाकर्ताओं ने बताया कि कड़कड़डूमा कोर्ट के पास प्रिया एन्क्लेव में मेन रोड पर 300 गज भूमि पर एमसीडी का डलावघर हुआ करता था।

# यूक्रेन से मां की मर्जी के बिना बच्चे को भारत ले आया पति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● अदालत ने भारतीय और उसके तीन साल के यूक्रेनी बच्चे का पता लगाने के दिल्ली पुलिस को दिए निर्देश




दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली पुलिस को एक भारतीय व्यक्ति और उसके तीन साल के यूक्रेनी बेटे का पता लगाने का निर्देश दिया जिसे यूक्रेन-रूस युद्ध के दौरान अवैध रूप से भारत लाए जाने का दावा किया जा रहा है। बच्चे की यूक्रेनी मां ने अदालत को सूचित किया कि उसका अपने पति के साथ तलाक हो गया था और चूंकि बच्चे के संरक्षण की अनुमति यूक्रेन की एक अदालत ने उसे दी है, इसलिए व्यक्ति बिना उसे सूचना दिए उनके बेटे को ले गया।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने कहा, पहली प्राथमिकता आपके बेटे का पता लगाना है। उसके बाद हम आपका पक्ष सुनेंगे। एक बार आपके बेटे का पता चल जाए, उसके बाद जरूरत पड़ने पर हम और सवाल पूछेंगे। उच्च न्यायालय ने महिला की याचिका पर गृह और विदेश मंत्रालयों, दिल्ली पुलिस तथा उस व्यक्ति को नोटिस जारी किए। उसने केंद्र और दिल्ली सरकार के वकील को मामले में निर्देश लेने के लिए समय दिया और अगली सुनवाई के लिए 14 नवंबर की तारीख तय की। पीठ ने विदेश मंत्रालय का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता अजय दिग्पौल से कहा आपको केवल यह बताने की जरूरत है कि क्या वह व्यक्ति और महिला का पुत्र भारत आए। इस बीच दिल्ली पुलिस को उस व्यक्ति तथा तीन साल के बच्चे का पता लगाने तथा उन्हें यथाशीघ्र अदालत में पेश करने का निर्देश दिया जाता है।

## डीयू का नया सत्र शुरू

# छात्र चहकते हुए पहुंचे कॉलेज, बरसे फूल


नई छात्रा को तिलक लगाती सीनियर छात्रा। साथ ही फूल बरसाते साथी। फोटो रंजन डिमरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय में बुधवार को पहले वर्ष के छात्रों के लिए नया सत्र शुरू हो गया। ओरिएंटेशन से पूर्व कई कॉलेजों में वरिष्ठ छात्रों ने मिठाई खिलाकर फूलों से प्रथम वर्ष के छात्रों का स्वागत किया। नए छात्रों को आसपास के रास्तों से उन्हें अवगत कराया, और कॉलेजों को सजाया गया। वहीं नए छात्र भी अपने स्वागत के समय बड़े उत्साहित नजर आए। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) परिसर बुधवार को शैक्षणिक सत्र 2022-23 के पहले दिन छात्र-छात्राओं से गुलजार रहा।

इस दौरान, विद्यार्थियों में उत्साह के साथ-साथ घबराहट भी थी क्योंकि उन्होंने आज से जीवन में एक नया अध्याय शुरू किया। दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का शैक्षणिक सत्र बुधवार से शुरू हो गया।

कई कॉलेज ने नए बैच (फ्रेशर्स) को पाठ्यक्रम और अन्य गतिविधियों से अवगत करवाने के मकसद से संवाद (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान कुछ छात्र घबराए हुए थे तो कुछ रोमांचित थे। बहुत सारे बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी मौजूद थे।

रामजस कॉलेज में इतिहास (ऑनर्स) में दाखिला लेने वाली नेहल के साथ परिसर में पहले दिन उनकी मां भी आई थीं। नेहल ने कहा, रामजस मेरी पहली पसंद नहीं था, लेकिन मैं शिकायत नहीं कर रही, यह एक अच्छा कॉलेज है। मैं डीयू के परिसर में पहली बार आ रही हूं। मेरे कुछ दोस्तों ने भी इसी कॉलेज में दाखिला लिया है। यह एक अच्छा अनुभव होगा।

श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) में दाखिला लेने वालीं हरियाणा की गरिमा राजपूत अपनी नई यात्रा को लेकर उत्साहित और आशा से भरी थीं। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए खास दिन है। मैं यहां से बीकॉम (ऑनर्स) की पढ़ाई करूंगी। यह कॉलेज बहुत प्रसिद्ध है। यह परिसर बहुत खूबसूरत है। राजपूत ने कहा, हम कॉलेज के पहले दिन केवल दस्तावेज जमा करने हैं और फिर संवाद कार्यक्रम होगा। मुझे नहीं लगता कि पहले दिन कोई कक्षा होगी। नए बच्चों के स्वागत के लिए कॉलेज भर में पोस्टर चस्पा किए गए थे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) जैसे छात्र संगठनों के सदस्य नए छात्रों की सहायता करते नजर आए।

नेहल और राजपूत उन हजारों विद्यार्थियों में शामिल हैं, जिन्होंने सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के अंकों के आधार पर दाखिला लिया। हालांकि, डीयू के विभिन्न कॉलेजों में 70,000 सीटों पर प्रवेश अब भी जारी हैं, लेकिन पहले सेमिस्टर के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक वर्ष बुधवार से शुरू हो गया है।

### छात्र संगठनों ने लगाई हेल्प डेस्क

रामजस और कई अन्य कॉलेजों में आरएसएस से जुड़े अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के स्वयंसेवक प्रवेशद्वार पर इकट्ठा हुए और छात्रोंओरिएंटेशन रूम में ले गए। एबीवीपी की रामजस कॉलेज इकाई के अध्यक्ष शिवम तिवारी ने कहा, हमने सुबह 4 बजे उठकर पोस्टर तैयार किए। हमने हर कॉलेज में हेल्प डेस्क लगाए हैं। एनएसयूआई नेता लोकेश चुग ने कहा, छात्रों को यह महसूस नहीं होना चाहिए कि वे किसी बाहरी माहौल में आ रहे हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय एक बड़ा परिवार है और हमने पुराने छात्रों के रूप में प्रथम वर्ष के सभी छात्रों का स्वागत किया है।

### रामजस कालेज में नो रैगिंग के बोर्ड लगा

नए सत्र के पहले दिन मिरांडा हाउस में भी वरिष्ठ और नए छात्रों के बीच जुगलबंदी दिखी। इस दौरान छात्रों ने एक दूसरे को परिचय दिया। प्रथम दिन रामजस कालेज में नो रैगिंग के बोर्ड लगे नजर आए। ज्ञात हो कि डीयू के लगभग हर कालेज में एंटी-रैगिंग समितियों का भी गठन किया गया है। ताकि रैगिंग पर लगाम लग सके। प्रथम दिन एसआरसीसी कालेज में भी छात्र छात्राएं उत्साहित नजर आए। एसआरसीसी कालेज में बड़े ही धूमधाम से नए छात्रों का स्वागत किया गया। वहीं नए छात्रों ने मुस्कुराइए आप एसआरसीसी में हैं के सेल्फी स्टैंड के साथ सेल्फी भी ली।



### ओरिएंटेशन प्रोग्राम का महत्व

*ओरिएंटेशन प्रोग्राम में कॉलेजों के प्रिंसिपल ने छात्रों को कॉलेज लाइफ के महत्व और कॉलेज की विशेषता एवं उपलब्धियों से अवगत कराया। साथ ही छात्रों को उनके दायित्व व भविष्य में बेहतर लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा दी। डीयू के प्रोफेसर हंसराज सुमन ने बताया कि इस दौरान छात्रों से कहा गया कि कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है और यही मार्ग जीवन में सर्वोत्तम ऊंचाइयों तक ले जाता है। छात्रों को कॉलेज द्वारा किए गए विशेष कार्यों के बारे में भी जानकारी दी।*

# डेरा सच्चा सौदा ने शुरू की ड्रग इजेक्ट पीसफुली थ्रूआउट हिंदुस्तान मुहिम

## देश को नशा मुक्त बनाने के लिए नई मुहिम की शुरुआत

## धर्मों में पहले से लिखा है कि ऐसा समय आएगा जब हाथ को हाथ खाएगा और रिश्ते नाते खत्म हो जाएंगे





संजय कुमार मेहरा। रोहतक/बरनावा

**बुधवार** को पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां ने उत्तर प्रदेश के शाह सतनामजी आश्रम बरनावा से ऑनलाइन गुरुकुल के माध्यम से देश के कोने-कोने व विदेशों से जुड़ी साध-संगत को बेपरवाह साईं शाह मस्ताना जी महाराज के पावन अवतार महीने की बधाई दी। इस दौरान ऑनलाइन गुरुकुल के माध्यम से गुरुजी ने हरियाणा के रोहतक, राजस्थान के तारानगर, हिमाचल प्रदेश के जवाली, मध्य प्रदेश के आमला व बिजुरी अनूपपुर, महाराष्ट्र के किसान नगर, गुजरात के गांधीधाम, और बिहार के सासाराम में पहुंचे लाखों लोगों का नशा और बुराइयां छुड़वाकर गुरुमंत्र, नाम शब्द दिया।

इस अवसर पर गुरुजी ने नशे व बुरी आदतों से कैसे बचा जाए, आत्मबल जो सफलता की कुंजी है, इसे कैसे बढ़ाया जाए, भगवान जो सर्वशक्तिमान है, उसके दर्शनों के काबिल कैसे बना जा सकता है, का तरीका भी समझाया। वहीं इस दौरान पूज्य गुरुजी ने पूरे देश को नशा मुक्त बनाने के लिए मुहिम शुरू की है, जिसे डेप्थ (डीईपीटीएच) नाम दिया है। जिसमें डी अर्थात ड्रग, ई यानि इजेक्ट, पी यानी पीसफुली टी यानि थ्रूआउट और एच यानी हिंदुस्तान से शांतिपूर्वक तरीके से नशे को खत्म करना है।

गुरुजी ने रूहानी सत्संग फरमाते हुए सर्वप्रथम साध-संगत को साईं शाह मस्तानाजी महाराज के अवतार माह की मुबारकबाद देते हुए कहा कि सच्चे सौदे के संस्थापक साईं शाह मस्तानाजी महाराज ने जो शिक्षा दी, शाह सतनामजी ने जो हमें शिक्षा दी, उसकी चर्चा दिन रात करते रहते हैं। गुरुजी ने कहा कि आज समाज में चहुंओर जैसा वातावरण है, जैसा समय चल रहा है। बेहद ही घातक है, बेहद दर्दनाक है, बहुत ही घोर कलयुग का समय है। दूसरे शब्दों में बुराइयों योवन पर हैं। आज समाज में नशों की वजह से त्राहिमाम और जिधर देखों उधर लोग नशे की चर्चा करते नजर आते हैं, चुगली निंदा करते नजर आते हैं।

उन्होंने कहा कि आज के समय में या चहुंओर बुराइयों का राज है, बुराइयां छा रही हैं। हमारे सभी धर्मों के सभी पवित्र ग्रंथों में सबसे पहले लिखा गया कि ऐसा दौर आएगा जब हाथ को हाथ खाएगा। ऐसा समय आएगा रिश्ते नाते मिट जाएंगे, इंसान सिर्फ और सिर्फ गर्ज और स्वार्थ का पुतला बन जाएगा। पूज्य गुरुजी ने फरमाया 1990 में एक बार परम पिता जी के साथ घूम रहे थे और परम पिता जी एक जगह बैठ गए, कहने लगे कि जो दिन गुजर गया वो अच्छा है और शुक्र मनाओ। आने वाला हर दिन पिछले दिन से ज्यादा बुराइयां लेकर आता है तथा बुरा होता चला जाता है। फिर फरमाया कि किसको कहें, कौन अच्छा है। पूज्य गुरु जी ने कहा कि इस कलियुग के दौर में वो इन्सान बचे हैं जो ओम, हरि, अल्लाह, वाहेगुरु, गॉड के नाम से जुड़े हैं या वो बचे हैं, जो संत-पीर फकीर की बातों को सुनकर जिन्दगी में अमलीजामा पहना लेते हैं। वरना इन बुराइयों से बचना बड़ा ही मुश्किल है।

### सत्संग में बैठेगा इन्सान तो शुद्ध ही सुनने को मिलेगा

**गुरुजी** ने फरमाया कि हमारी महान संस्कृति गायब होती जा रही है। तो साईं मस्ताना जी महाराज आए, बिलौचितान से चलकर आए, सावण शाह साईं जी ने उन्हें नवाजा, दाता रहबर साईं जी ने और फिर शाह मस्ताना जी दाता भी साईं ही कहलाये। उन्होंने सिखाया कैसे हम ऐसे वातावरण में शुद्ध रहे। खाना-पीना शुद्ध हो, बोलना शुद्ध हो, तो आकर अगर आप जो सत्संग में बैठते हैं, यहां से तो आप शुद्ध ही सुनोगे।

# गुरुजी ने रोहतक की संगत के कार्यक्रमों को खूब सराहा

**ऑनलाइन** कार्यक्रम में गुरुजी ने सबसे अंत में रोहतक की साध-संगत से बात कही। रोहतक का नाम बोलने से पहले ही संगत झूम उठी। भाई, बहनें, बच्चे, बुजुर्ग समेत समारोह में मौजूद आम और खास लोगों ने तालियां बजाकर गुरुजी का स्वागत किया। रोहतक के मेयर मनमोहन गोयल, मंत्री मनीष ग्रोवर के पुत्र हिमांश ग्रोवर समेत जिले के अनेक गांवों के पंच-सरपंच, जिला परिषद, ब्लॉक समिति के सदस्यों ने भी शिरकत की। सभी राज्यों में संगत से बात करने के बाद ठीक 03:15 बजे गुरुजी ने सूची में अंतिम नाम हरियाणा के रोहतक जिले का पढ़ा। पहले से ही तैयार बच्चियों, बहनों, भाईयों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम करने शुरू कर दिया। गुरुजी के ही गाये गये गीतों पर संगत झूमने लगी। किसी ने गुब्बारे छोड़े तो किसी ने नाचकर खुशी का इजहार किया। बहन साक्षी इंसा ने गुरुजी से बात करते हुए कहा कि वे पांच साल से रोहतक में रह रहे हैं। रोहतक पर ऐसी रहमत करें कि यहां के हर गली-मोहल्ले हर घर से नशा खत्म हो जाए। रोहतक को ऐसा ना दें, जो कि पूरे विश्व में जाना जाए। गुरूजी ने पूरी संगत को नशों के खिलाफ ऐसे ही काम करते रहने को प्रेरित किया। लोगों को नशा छुड़ाकर राम-नाम से जोड़ने की प्रेरणा दी। गुरुजी के सामने बच्चियों, बहनों और भाइयों की तरफ से झांकियां प्रस्तुत की गई। बहनों ने ग्राम्य जीवन को झांकियों में दिखाया। कुएं से पानी निकालना, गाय की दूध निकालना, कुंडी-सोटा से चटनी बनाना, छाज से अनाज साफ करना, औखली में बाजरा कूटने की झांकी शामिल रही। हरियाणा परिधानों में बहनों, बच्चियों ने गुरूजी के जीवन पर बनाए गए भजन-एक छोटा नंबरदार पर दमदार नृत्य किया। लॉक भंगीदास राजेश नारंग ने भी रोहतक की संगत की ओर से गुरुजी को नमन किया।

# समाज को दिशा देने में संत-महात्माओं की महत्वपूर्ण भूमिका : मनोहर लाल

## युवाओं को सही दिशा देकर संस्कारित करने में संत महात्मा दें योगदान

## सेक्टर-47 में रामकृष्ण मिशन विवेकानंद इस्टीट्यूट ऑफवैल्यूज का प्रदेश का पहला केंद्र हुआ शुरू



गुरुग्राम के सेक्टर-47 में राम कृष्ण मिशन विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ वेल्यूज के प्रदेश के पहले केंद्र का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने आज कहा कि संत महात्मा समाज को दिशा देते हैं। उन्होंने युवाओं की तुलना वायु से करते हुए कहा कि जिस प्रकार वायु की कोई दिशा नहीं होती, जिधर दबाव होता है उसी तरफ वायु चली जाती है, उसी प्रकार युवाओं को भी सही दिशा देना जरूरी है, जिसमें संत महात्माओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा युवाओं को संस्कारित करना जरूरी है। वे बुधवार को सेक्टर-47 में नवनिर्मित राम कृष्ण मिशन विवेकानंद इंस्टिट्यूट ऑफ वैल्यूज के प्रदेश के पहले केंद्र में ऑडिटोरियम का उद्घाटन करने उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मिशन की ओर से मुख्यमंत्री के हाथों गुरुग्राम का केंद्र बनाने में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करवाया गया।

मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के आदर्श हैं। वर्तमान परिवेश की यह आवश्यकता है कि युवकों को उनके विचारों से प्रेरित किया जाए। स्वामी विवेकानंद के चित्र के सामने जाते ही युवाओं में जोश भर जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के समय संस्कारयुक्त शिक्षा का जो पौधा लगाया गया था, आज वह वट वृक्ष का रूप लेकर न केवल देश में अपितु पूरे संसार में उनके विचारों का प्रचार प्रसार कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश में दूसरे नरेंद्र (मोदी) भी इस विचार के हैं-एक भारत श्रेष्ठ भारत। स्वामी विवेकानंद का भी बचपन का नाम नरेंद्र था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि देशवासियों में आपस में सांस्कृतिक विचारों का आदान प्रदान हो और सभी एकजुट रहें। उन्होंने कहा कि देश को अखण्ड रखना भी संत महात्माओं की परंपरा से आया है। आदी शंकराचार्य ने सारे देश का भ्रमण कर देश को एकसूत्र में बांधा था। उन्होंने कहा कि समाज को अहिंसा, दया, मानवता, सदाचार, सेवा आदि के भाव संत महात्मा देते हैं। उन्होंने बताया कि वतज़्मान राज्य सरकार संत महात्माओं को सम्मान दे रही है, उनके विचारों का प्रसार करने के लिए उनकी जयंती मनाई जा रही हैं और कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की धरती संत महात्माओं की धरती है। यहां से भगवान श्रीकृष्ण ने पूरी मानवता को गीता का दिव्य संदेश दिया था। उन्होंने बताया कि गीता के संदेश को प्रसारित करने के लिए कुरूक्षेत्र में अंतराज़्ष्ट्रीय गीता महोत्सव मनाया जाता है। गीता के संदेश का प्रसार पूरी दुनिया में करने के लिए मोरिसस, कनाडा, यूके में अंतराज़्ष्ट्रीय गीता महोत्सव के कायज़्क्रम आयोजित करवाए गए और अब ऑस्ट्रेलिया में इंडियन डायस्पोरा से भी वहां पर गीता जयंती के कायज़्क्रम आयोजित करने की मांग आ रही है।

उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है जहां आबादी का दो तिहाई हिस्सा औसत 35 वर्ष की आयु के करीब है। आज वैश्विक पटल पर विभिन्न देशों में हुए परिवर्तन के बाद वहां की आबादी में बड़ी आयु के लोगों की संख्या अधिक है, जिसकी वजह से वहां संकट खड़ा हो गया है। कुछ देशों में यह संकट खड़ा हो भी चुका है। ऐसे के हमारे देश के शिक्षा व संस्कारयुक्त युवाओं की काफी देशों में डिमांड है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य के रूप में मानव भी एक संसाधन ही है। हमारे देश में संस्कारित करने का कार्य पहले किया जाता है व बाद में उसे कौशल शिक्षा प्रदान की जाती है। अगर इन दोनों गुणों का मिश्रण सही हो तो वह व्यक्ति दुनिया के किसी भी कोने में चला जाए वहां अपने कार्यों व विचारों से एक अच्छी छाप ही छोड़ेगा। आयोजकों की तरफ से गुरुग्राम के सेक्टर-47 में स्वामी रामकृष्ण मिशन को केंद्र निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध करवाने पर स्वामी शांति आत्मानंद ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। मिशन के उपाध्यक्ष स्वामी गौत्मानंद, सचिव स्वामी शांति आत्मानंद, स्वामी सुविरानंद, स्वामी निखलेश्वरानंद, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड, भाजपा नेता एवं हरियाणा आवास बोर्ड के पूर्व चेयरमेन जवाहर यादव, डीसीपी ईस्ट विरेंद्र विज, बादशाहपुर के एसडीएम सतीश यादव, कैनविन फाउंडेशन के नवीन गोयल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# हिपा में आईटेक कार्यक्रम का हुआ आगाज



**गुरुग्राम।** हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) गुरुग्राम में बुधवार से सतत विकास के लिए शहरी और ग्रामीण योजना में प्राचीन प्रौद्योगिकी के पहलुओं को शामिल करना- हरियाणा से उदाहरण विषय पर पहला फिजिकल भारतीय तकनीक एवं आर्थिक सहयोग (आईटेक) कार्यक्रम शुरू किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी ने दीप प्रज्जवलित करते हुए किया।

दो सप्ताह तक चलने वाला यह आईटेक कार्यक्रम विदेश मंत्रालय (एमईए), भारत सरकार द्वारा प्रायोजित किया गया है। इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन के साथ ही हिपा अब अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के आयोजन के लिए मान्यता प्राप्त संस्थान के रूप में पहचान बना चुका है। इस कार्यक्रम में 6 देशों के प्रतिनिधि नामत: मलावी, मालदीव, मॉरीशस, सुडान ताजिकिस्तान और इराक भाग ले रहे हैं। सुडान के राजदूत अब्दुल्ला ओमर बशीर, ताजिकिस्तान के राजदूत लुकमान बोबोकलोंजोडा, भारत में मालदीव के उच्चायुक्त इब्राहिम शाहीब और भारत में मॉरीशस के उच्चायुक्त सीडी ए जेयसन कोवालेन रामास्वामी भी उद्घाटन सत्र में उपस्थित थे। इस दौरान उन सभी ने अपना परिचय देते हुए कहा कि वे इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पहली बार हरियाणा आए हैं। उन्होंने महसूस किया कि यह कार्यक्रम भारत के साथ-साथ इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागी देशों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समझने और सांझा करने में मददगार सिद्ध होगा, जिससे ऐतिहासिक स्थलों को पर्यटक आकर्षण के रूप में विकसित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। सभी प्रतिभागियों द्वारा हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में पुरातत्व महत्व के प्रसिद्ध स्थलों जैसे- लाल किला, पुराना किला, हुमायूं का मकबरा, दिल्ली में कुतुब मिनार, गुरुग्राम में सुल्तानपुर पक्षी अभ्यारण्य, कुरुक्षेत्र में ब्रह्म सरोवर, ज्योतिसर (पवित्र गीता का जन्म स्थान), धरोहर संग्रहालय, पंचकुला में पिंजौर गार्डन, सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़, आगरा, ताजमहल आदि प्रसिद्ध स्थलों का अध्ययन दौरा करेंगे।

अपने उद्घाटन संबोधन में हरियाणा के मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डीएस ढेसी ने हरियाणा की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर देश की अपनी संस्कृति और विरासत में कुछ अनूठापन होता है, जिससे कुछ सीखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की योजना बनाते समय यहां पाए गए पुरातत्व महत्व के स्थलों से पहलुओं को भी शामिल किया गया है। हरियाणा व पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ को एक फ्रांसीसी वास्तुकार ली कॉर्बूसियर द्वारा डिजाइन किया गया था।

# संक्षिप्त-समाचार

## पूर्व राष्ट्रपति कोविन्द विपश्यना संस्थान में करेंगे साधना

**सोहना।** खंड के गांव राहाका में बना देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द विपश्यना साधना संस्थान धम्मसोत में पहुंचे। जहां पर पूर्व राष्ट्रपति दस दिन की साधना करेंगे। बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द गांव राहाका में बना विपश्यना साधना संस्थान धम्मसोत में दोपहर के बाद पहुंचे। यहा पर पूर्व राष्ट्रपति दस दिन की आत्ममथन के लिए साधना करेंगे। 13 नवंबर को पूर्व राष्ट्रपति वापस चले जाऐंगे। विपश्यना साधना संस्थान धम्मसोत के अंदर पूर्व राष्ट्रपति की सुरक्षा तैनात कर दी गई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल भी इस साधना संस्थान में दो बार आकर ध्यानार्थ कर चुके है। जानकारी के अनुसार यहा पर विदेशों से भी वीआईपी लोग आते व जाते रहते है।

## अधिवक्ता से हमलावरों ने 10 हजार रुपये लूटे

**सोहना।** शहर थाना पुलिस ने गांव बालूदा निवासी अधिवक्ता की शिकायत पर आधा दर्जन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला करने और 10 हजार रुपये लूटने का मामला दर्ज किया है। मंगलवार सुबह साढ़े पांच बजे शहर के वार्ड-6 की हरीनगर कॉलोनी बालूदा निवासी अधिवक्ता रतनपाल ने पुलिस को बताया कि पांच- छह हमलावर पहले से ही बीच रास्ते में योजना बनाकर इको कार को सड़क किनारे खड़ा करके बैठे थे। जिसके लिए हमलावरों ने पहले से ही योजना बनाते हुए उसके योगा शिविर में जाने के समय को जांच व परख लिया था। उन्हें मालूम था कि वह साढ़े पांच बजे के करीब पलवल मार्ग पर स्थित अग्रवाल भवन में योग शिविर में जाता है। रतनपाल ने बताया कि जिस समय आरोपी उसकी पिटाई कर रहे थे। उस समय एक ने उसके लॉवर की जेब में रखें 10 हजार रुपये लूट लिए। जाते समय आरोपी उसे दोबारा से हमला करके जान से खत्म करने की धमकी देकर गए। मुंह पर कपड़े बांधे होने से वह पहचान नहीं सका। पुलिस ने आरोपियों की पहचान करने के लिए बालूदा मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है। सीसीटीवी कैमरे में इको कार के नंबर न आने से पहचान करना मुश्किल हो रहा है।

## खेड़ला में चुनाव प्रचार के पोस्टर लगाने के दौरान ऑटो चोरी

**सोहना।** खंड के गांव खेड़ला में ऑटो चोरी हो गया। सदर थाना पुलिस ने ऑटो चालक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है। मूलरूप से बिहार निवासी संतोष माहतो ने सदर थाना पुलिस सोहना को बताया कि मैं हाल में गुरुग्राम भीमगढ़ खेरी में दो साल से रह रहा हूं। बुधवार को वह खेड़ला गांव में एक प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में पोस्टर लगवाने के लिए गुरुग्राम से आया हुआ है। वह अपने ऑटो को लेकर गांव में अन्य लोगों के साथ पोस्टर लगवाने के लिए एक गली से दूसरी गली रास्ते में घूम रहे थे। समय करीब ढाई बजे वह और उसके साथ अन्य लोग दीवारों पर पोस्टर लगाने लगे और ऑटो को रास्ते में खड़ा कर दिया। वे लोग पोस्टर लगाते हुए कुछ आगे निकल गए। जब वह ऑटो के पास आया तो वहां से उसका ऑटो गायब मिला। अज्ञात व्यक्ति उसके ऑटो को चोरी कर ले गया। पुलिस मामला दर्ज करने के बाद उसकी तलाश में जुट गई है।

# शराब ठेके बंद कराने की मांग कर रहीं महिलाएं

**सोहना।** पंचायत चुनाव की समय सीमा नजदीक आते देख प्रचार-प्रसार गरमाने लगा है। पंच पद से लेकर सरपंच, समिति सदस्य और जिला पार्षद पद पर चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों ने मतदाताओं तक पहुंचने की दौड़ पहले से तेज कर दी है।

खंड की 35 ग्राम पंचायतों में होने वाले आम चुनाव में नामांकन भरने से लेकर चुनाव चिह्न देने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी अपने-अपने समर्थकों को लेकर मतदाताओं तक पहुंचने लगे हैं। सुबह छह से देर रात 11 बजे तक प्रत्याशी मतदाताओं के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदाताओं को नेक नीयत से विकास कार्य कराने और मूलभूत समस्याओं को प्राथमिकता से कराने का आश्वासन दे रहे हैं।

**मतदाताओं के निशाने पर शराब के ठेके :** इस बार पंचायत चुनाव में मतदाताओं द्वारा विकास कार्य से अलग हटकर प्रत्याशियों के समक्ष अपनी मांग रख रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से महिला मतदाताओं द्वारा प्रत्याशियों के समक्ष रखी जा रही है। महिला मतदाताओं के निशाने पर गांव-गांव में खुले शराब ठेके हैं। महिला मतदाता सरपंच, समिति सदस्य और जिला पार्षद पद के प्रत्याशी से शराब के ठेकों को बंद कराने की मांग रख रही हैं। महिलाएं शराब ठेकों का पूरी ताकत से विरोध रही हैं। महिला मतदाता केवल ऐसे प्रत्याशी को ही अपना वोट देंगी। जिससे उसे शराब के ठेका को बंद कराने का दम लगेगा। इसके साथ-साथ जो प्रत्याशी वोट लेने के लालच में शराब वितरण करेगा। उसका कड़ाई से विरोध किया जा रहा है।

**खेत-खेत जाकर मांग रहे हैं वोट :** वर्तमान समय खेतों में रबि की फसल बिजाई व नलाई का कार्य चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में किसान घर की अपेक्षा अपने खेतों पर अधिक समय रह रहा है। प्रत्याशी किसान से अपने पक्ष में समर्थन मांगने के लिए एक खेत से दूसरे खेत तक सफर कर रहे हैं। सुबह 11 बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक प्रत्याशी खेतों पर दौड़ लगा रहे हैं।

# बिजली निगम को एनओसी देने से हुई 40 लाख की आय

**सोहना।** बिजली निगम समेत दो बैंकों द्वारा पंचायती चुनाव में उम्मीदवारों को अनापत्ती प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने से करीब 55 लाख रुपये की बकाया राशि वसूली हुई। बिजली निगम द्वारा करीब दो हजार लोगों को अनापत्ती प्रमाण पत्र देने से करीब 40 लाख रुपये वसूल हुए हैं।

पंचायत चुनाव में नामांकन भरने के दौरान प्रत्याशियों को दी गुड़गांव केन्द्रीय सहकारी बैंक के अधीन आने वाले मात्र 11 गांवों में चुनाव लड़ने वालों को ही एनओसी दी गई। बैंक को एनओसी देने से मात्र 38000 रुपये की कमाई हुई। बैंक के प्रबंधक अमर सिंह ने बताया कि उन्हें उच्चाधिकारियों के आदेश थे कि बकायादार किसान को एनओसी जारी करनी है। दी गुड़गांव जिला प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक ने 678 नागरिकों को एनओसी जारी की। जिससे बैंक को करीब 14 लाख रुपये की वसूली हुई। बैंक फील्ड अधिकारी रणदीप सिंह ने बताया कि बकायादार किसानों ने चुनाव नहीं लड़ा है। एक मात्र बकायादार किसान से बकाया राशि के 10 लाख की वसूली हुई। अन्य वसूली हजारों में ही रही। निगम के स्थानीय एसडीओ लियाकत अली ने बताया कि उन्हें एनओसी प्रत्र जारी करने से बकायेदारों से करीब 40 लाख रुपये का लाभ हुआ।

# क्षेत्र के विकास के लिए प्रयत्नशील हैं विधायक

## विधायक सुधीर सिंगला की धर्मपत्नी ने राजेंद्रा पार्क में किया सीवर व सड़क कार्य का शुभारंभ

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता सिंगला ने बुधवार को वार्ड-11 राजेंद्रा पार्क में क्षेत्र में सीवर व सड़क कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर इलाके के पार्षद योगेन्द्र सारवान, कृष्ण, सुरेश पंडित, पोनी भाई, अनिल, रिंकू, रामपल, मांगेराम, संजय, राहुल, रमेश, सुनीता, बैजन्ति व अन्य वरिष्ठ मौजूद रहे।

सुनीता सिंगला ने कहा कि शहर के विकास में विधायक जी दिन-रात प्रयत्नशील रहते हैं। उनका सोच में शहर को आगे बढ़ाना ही रहता है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष भी वे शहर के मुद्दों पर सदा चर्चा करके उन्हें आगे बढ़ाने का काम कराते हैं। उन्होंने क्षेत्र के लोगों के सड़क और सीवरेज की इस सुविधा को भी सराहा।



गुरुग्राम के राजेंद्रा पार्क में सीवर, सड़क के निर्माण को लेकर पहुंचीं सुनीता सिंगला का स्वागत करती क्षेत्र की महिलाएं।

श्रीमती सिंगला ने कहा कि इन कामों के होने से आसपास के लोगों को बहुत सहूलियत मिलेगी और जनजीवन सुलभ होगा। उन्होंने यह भी कहा कि गुरुग्राम में अनेक विकास के काम चल रहे हैं। सड़कें, सीवरेज, बिजली, गलियों का काम हर जगह हो रहा है। शहर की समस्याओं को समाप्त करना जनप्रतिनिधि का दायित्व होता है। इस दायित्व का विधायक जी पूरी तरह से निर्वहन कर रहे हैं।

# आठ दिसंबर तक किया जाएगा वोटर सूची में नाम दर्ज करने का कार्य

## बूथों की चैकिंग के लिए लगाई गई टीमें, रोजाना भेजेंगी रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जिला** में नए मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने व पुराने मतदाता की आपत्तियों व दावों के अनुरूप संशोधन के लिए 9 नवंबर से 8 दिसंबर तक विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 19 व 20 नवंबर तथा 3 व 4 दिसंबर को सभी बूथों पर विशेष कैम्प आयोजित किए जाएंगे।

आमजन इन बूथों पर जाकर अपने नए वोट बनवाने के साथ अपने वोटर कार्ड को आधार कार्ड से भी लिंक करवा सकते हैं। इस अभियान के तहत बूथों की चैकिंग को लेकर क्षेत्रवार टीमें लगाई गई हैं जो रोजाना इन बूथों की चैकिंग कर इसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय में भेजेंगी।




गुरुग्राम के उपायुक्त निशान्त कुमार यादव लघु सचिवालय स्थित सभागार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण-2023 के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

इसे लेकर बुधवार को उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिन व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में नही है और उनकी आयु 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष या इससे अधिक है, वे फार्म नंबर-6 भरकर नया वोट बनवाने के लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए व्यक्ति को फार्म के साथ रंगीन फोटो, आयु व रिहायशी प्रमाण पत्र लगाना होगा। उन्होंने कहा कि पात्र मतदाताओं की वोट बनवाने के लिए 19 व 20 नवंबर तथा 3 व 4 दिसंबर को शनिवार व रविवार के दिन प्रात: 9 से सांय 5 बजे तक विशेष अभियान के तहत कैंप भी आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान सभी बीएलओ द्वारा मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप लगाकर दावे व आपत्तियां प्राप्त की जाएगी।

इस अभियान के तहत बूथों की चेकिंग को लेकर क्षेत्रवार टीमें लगाई गई हैं जो रोजाना अपनी रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपेंगी। उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थियों सहित महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को जागरूक किया जाए कि वे अपना वोट बनवा लें। उन्होंने बैठक में उपस्थित शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे एक जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले विद्यार्थियों की जानकारी जिला प्रशासन को उपलब्ध करवाएं, ताकि उनके वोट बनवाएं जा सके।

# अमेजन फ्रेश के सुपर वैल्यू डेज में सर्दियों से जुड़ी किराने की जरूरी वस्तुओं की करें खरीदारी




पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**खुशनुमा** मौसम के साथ शरद ऋतु का स्वागत कीजिए और 7 नवंबर तक Amazon.in पर सुपर वैल्यू डेज के दौरान अपनी ग्रॉसरी बास्केट को भरिये और अपने पसंदीदा स्वादिष्ट व्यंजनों और रेसिपी का आनंद लीजिए।

ग्राहक यहां मिल रहे डिस्काउंट का लाभ उठा सकते हैं? अमेजन फ्रेश पर खरीदारी करके किराना, घरेलू जरूरत का सामान, पैकेज्ड फूड, स्नैक्स और पेय पदार्थ, और अन्य चीजों पर 45त्न तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। ग्राहकों को अपनी इस सबसे पसंदीदा ऑनलाइन शॉपिंग डेस्टिनेशन से दावत, टाटा संपन्न, फॉर्च्यून, डेटॉल और आशीर्वाद जैसे लोकप्रिय ब्रांडों के रोमांचक ऑफर का भी अनुभव भी मिलेगा। ग्राहक 2,500 रुपये के न्यूनतम ट्रांजेक्शन के साथ SBI क्रेडिट कार्ड और क्रेडिट EMI का उपयोग करके 10% का इंस्टेंट डिस्काउंट प्राप्त कर सकते हैं, और 1 से 3 नवंबर 2022 तक 250 रुपये तक की छूट और न्यूनतम 2,500 के लेनदेन के साथ ICICI क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 10% का इंस्टेंट डिस्काउंट प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही ग्राहकों को 4 से 7 नवंबर 2022 तक 300 रुपये तक की छूट का लाभ भी मिलेगा।

- 7 नवंबर 2022 तक किराना और घरेलू जरूरत के सामान, पैकेज्ड फूड, स्नैक्स और पेय पदार्थ, स्टेपल पर 45त्न तक की छूट प्राप्त करें
- 249 रुपये से अधिक के सभी ऑर्डर पर प्राइम मेंबर्स के लिए फ्री डिलीवरी
- 1,000 रुपये के न्यूनतम ऑर्डर पर नए ग्राहकों के लिए फ्लैट 150 रुपये का कैशबैक
- 1 से 3 नवंबर 2022 तक SBI क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके अतिरिक्त 10% की बचत करें और 4 से 7 नवंबर 2022 तक ICICI क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर 10% के इंस्टेंट डिस्काउंट का लाभ उठाएं।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 3 नवंबर, 2022



# बीके : डाटा ऑपरेटरों की कमी का खामियाजा भुगत रहे मरीज

## अवकाश के बाद ओपीडी में इलाज को पहुंचे हजारों मरीज हुए परेशान

कविता। फरीदाबाद




 री-विजिट काउंटर पर लगी ओपीडी के बाहर तक भीड़। विभिन्न प्रकार की बीमारियों के उपचार को आए मरीजों की भीड़ ओपीडी के भीतर।

**शहर** में बदलता मौसम और बढ़ता प्रदूषण मरीजों की संख्या बढ़ा रहा है। मंगलवार को हरियाणा दिवस के अवकाश के बाद 2202 मरीज अपना इलाज कराने के लिए बीके सिविल अस्पताल में पहुंचे। यहां री-विजिट काउंटर पर सबसे अधिक मरीज पहुंचे, लेकिन यहां मात्र दो ही काउंटर चालू थे। जिस कारण मरीजों की लाइन रूम नम्बर 22 से ओपीडी के गेट तक लगी रही। वहीं रजिस्ट्रेशन पर तीन काउंटर खुले थे। जिससे यहां भी भीड़ देखने को मिली। पंजीकरण और रिविजिट काउंटरों की संख्या अस्पताल में सात है, लेकिन यहां भीड़ के बावजूद मात्र पांच ही काउंटर खुले थे। सूत्रों की माने तो यहां 20 ऑपरेटरों की आवश्यकता है, लेकिन फिलहाल यहां 10 ही कार्यरत हैं। जिसमें एक अवकाश पर है, शेष नौ की ओपीडी पंजीकरण, री-विजिट, कमरा नम्बर 40, आपातकालीन कक्ष के एमएलसी काउंटर और पीएमओ दफ्तर में ड्यूटी होती है। जिससे यहां भीड़ में मरीजों को लम्बी लाइनों में लगना पड़ता है।

**लगी लम्बी लाइन :** बीके अस्पताल में विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रस्त 2202 मरीज इलाज को बुधवार को पहुंचे। जिसमें नए मरीजों की संख्या 609 और दोबारा आए मरीजों की संख्या 1593 थी। री-विजिट काउंटर पर 1593 मरीज होने के बाद भी मात्र दो ही काउंटर खुले थे। जिसके कारण काउंटर से ओपीडी के गेट तक लम्बी लाइने लगी थी। जिससे काउंटरों पर लोगों को कार्ड बनवाने में परेशानियां झेलनी पड़ी।

**प्रदूषण व अवकाश :** हरियाणा दिवस के अवकाश और शहर में बढ़ते प्रदूषण के कारण ओपीड़ी में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। मरीजों के कारण ओपीडी में लम्बी लाइनों में इलाज करवाते लोग नजर आए। सबसे अधिक यहां फिजिशियन, शिशु रोग विशेषज्ञ, सीओपीसी, महिला ओपीडी, ऑर्थो और ईएनटी विशेषज्ञ के पास मरीज आए।

**मात्र 10 ऑपरेटर :** सबसे बड़े सिविल अस्पताल में करीब 20 कम्प्युटर ऑपरेटरों की आवश्यकता है। लेकिन फिलहाल यहां 10 ही ऑपरेटर तैनात है। जिसमें एक अवकाश पर है। शेष नौ ओपीडी पंजीकरण, री-विजिट, कमरा नम्बर 40, आपातकालीन कक्ष के एमएलसी काउंटर और पीएमओ दफ्तर में ड्यूटी दे रहे हैं। मरीजों की भीड़ को देखते हुए यहां चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से भी कम्पयुटर ऑपरेटरों का कार्य लिया जाता है। फिर भी बुधवार को पांच ही काउंटर खुले थे। जिस कारण अस्पताल में भीड़ देखने को मिली।

## ऑटो की टक्कर से महिला की मौत

**फरीदाबाद।** तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से आगरा नहर रोड स्थित श्याम कॉलोनी के पास एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान दिल्ली के बदरपुर स्थित लखपत कॉलोनी निवासी वंदना के रूप में हुई है। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस हादसे के बाद ऑटो समेत मौके से फरार चालक की तलाश कर रही है।

मृतका के भाई दिगम्बर झा ने पुलिस को बताया है कि वह अपने परिवार के साथ लखपत कॉलोनी में रहते हैं। उसकी बहन वंदना एक निजी एक्सपोर्ट कंपनी में काम करती थी। 31 अक्टूबर को कंपनी से छुट्टी मिलने के बाद दोनों आगर नहर के रास्ते पैदल घर जा रहे थे। इस दौरान पल्ला की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार ऑटो ने वंदना को पीछे से टक्कर मार दी।

# संक्षिप्त समाचार

## सीईटी परीक्षा में नहीं आए कोई परेशानी : डीसी विक्रम सिंह



**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि 5 व 6 नंवबर को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित सीईटी 2022 की परीक्षा में परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की कोई भी परेशानी नहीं आनी चाहिए। उपायुक्त विक्रम बुधवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय में सीईटी परीक्षाओं के सफल संचालन की तैयारियों को लेकर बैठक को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त विक्रम ने बताया कि फरीदाबाद में लगभग 60 हजार परीक्षार्थियों के लिए 56 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सिटी कोऑर्डिनेटर व सेंटर सुपरवाइजर नियुक्त किये जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित सीईटी परीक्षा में कोई भी कोताही नहीं बर्दाश्त की जाएगी। दोषी पाए जाने पर उक्त व्यक्ति के खिलाफ तुरंत कार्यवाही करना सुनिश्चित की जाएगी। उपायुक्त विक्रम ने बताया कि आगामी 5 व 6 नंवबर को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित सीईटी 2022 की परीक्षा में भाग लेने के लिए आने वाले परीक्षार्थियों के लिए ठहरने की भी व्यवस्था की गयी है। ताकि परीक्षार्थियों को किसी कठिनाई का सामना न करना पड़े। अग्रवाल धर्मशाला, पंचायत भवन, बल्लभगढ़ के अलावा जाट भवन, सेक्टर-3, बल्लभगढ़, ब्राह्मण धर्मशाला, नजदीक नई सब्जी मंडी, बल्लभगढ़, सैनी धर्मशाला, सैनी मोहल्ला, ऊंचा गांव, बल्लभगढ़, वाल्मीकि धर्मशाला, वाल्मीकि मोहल्ला, बल्लभगढ़, पंजाबी धर्मशाला, बल्लभगढ़, गुरुद्वारा, सेक्टर-15, हुड्डा मार्केट के सामने, फरीदाबाद, अग्रवाल धर्मशाला, मैंन बाजार थाने के सामने, ओल्ड फरीदाबाद, नई अग्रवाल धर्मशाला, बाजार, ओल्ड फरीदाबाद, अग्रसेन भवन, सेक्टर-19, फरीदाबाद, किसान भवन, सेक्टर-16, फरीदाबाद, पंजाबी भवन, सेक्टर-16, फरीदाबाद, जाट भवन, सेक्टर-16, फरीदाबाद, गुर्जर भवन, सेक्टर-16, फरीदाबाद, चिमनी बाई धर्मशाला, एनआईटी फरीदाबाद को शामिल किया है। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, नगराधीश अमित मान, एसीपी देवेंदर, जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी सहित अन्य विभाग के अधिकारी व जिला के स्कूलों के प्रिंसिपल उपस्थित रहे।

## जलभराव की समस्या का होगा स्थाई समाधान

**फरीदाबाद।** जिला में पानी की निकासी सुनिश्चित करने के लिए एनएचएआई, नगर निगम सहित अन्य सभी सम्बंधित विभाग आपस में मिलकर कार्य करें। बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से आम नागरिकों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है तथा जल भराव के कारण सड़कें टूटने की वजह से यातायात काफी मुश्किल हो जाता है। उपायुक्त विक्रम ने बुधवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जल भराव व सड़कों के मरम्मत कार्य की समीक्षा करते हुए यह बात कही। उपायुक्त ने नगर निगाम के अधिकारियों को जल निकासी के सभी चैम्बर्स की साफ सफाई कराने व उनकी मरम्मत करने के आदेश दिए। बैठक में अज्रोंदा चौक, बाटा चौक, बल्लभगढ़ बस स्टैंड चौकी जैसे अन्य चिन्हित स्थानों की समीक्षा की गयी जहां अक्सर जल भराव की स्थिति उत्पन्न होने के कारण आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उपायुक्त ने बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सभी विभागों को आदेश दिए की बैठक में रखे गए बिन्दुओं सहित अन्य बिन्दुओं को चिन्हित कर जल्द से जल्द उन चिन्हित बिन्दुओं पर समस्या का समाधान किया जाए। उपायुक्त ने सबही विभागों के अधिकारियों को निरंतर स्पॉट इंस्पेक्शन करने के निर्देश भी दिए। जिससे समय पर ही समस्या को चिन्हित कर उसका समाधान किया जा सके। उपायुक्त ने वायु की गिरती गुणवत्ता को देखते हुए कहा कि सभी विभाग अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली सड़कों पर स्वीपिंग व पानी का छिड़काव निरंतर कराएं तथा साइन बोर्ड्स लगवाएं। बैठक में नगर निगम, एनएचएआई के अधिकारियों सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## अवैध हथियार समेत चोर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेंद्र कुमार की टीम ने अवैध हथियार के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी का नाम शिवम है जो फरीदाबाद की जनता कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को सराय एरिया से अवैध हथियार सहित काबू किया। आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा बरामद किया। आरोपी को थाने लाकर मुकदमा दर्ज करके पूछताछ की गई।

## राख के गुबार से बीमार हो रहा है शहर : भड़ाना



**फरीदाबाद।** राख के रूप में फरीदाबाद के लोगों को परोसा जा रहा है जहर। अरावली वन क्षेत्र में पॉवर हाउस से निकलने वाली राख उड़-उड़कर शहर में आ रही है और लोगों की सांसों में घुल रही है। यही कारण है आज फरीदाबाद प्रदूषित शहरों की सूचि में नं. दो पर है और वह दिन दूर नहीं जब हम नंबर एक बनने बनेंगे। प्रशासन द्वारा अरावली वन क्षेत्र से राख को उठाने का ठेका दिया गया है, जिसके चलते यह राख पूरे शहर में उड़ रही है और लोगों की सांसों में घुल रही है। बुधवार को आसपास के गांवों एवं सैनिक कॉलोनी के लोग अरावली वन क्षेत्र में पहुंचे और इसका जमकर विरोध किया। स्थानीय लोगों का कहना था कि राख का यह काला खेल सरेआम खेला जा रहा है, एक तरफ तो प्रशासन प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ग्रेडेड रिस्पोंस एक्शन प्लान के तीसरे चरण को लागू करता है, वहीं खुलेआम राख को ट्रकों में भरकर पूरे शहर को प्रदूषित करने का काम किया जा रहा है।

# एफएमडीए द्वारा शहर में कई विकास परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं: राजपाल

## एफएमडीए द्वारा दशहरा ग्राउंड, सेक्टर 15/15ए रोड, सेक्टर 14/15 रोड, सेक्टर 16/17 रोड और चिमनी बाई रोड का किया गया है उन्नयन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



एफएमडीए की बैठक को संबोधित करते मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल।

**फरीदाबाद** महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) ने शहर के निवासियों को बेहतर नागरिक सेवाएं प्रदान करने के लिए फरीदाबाद में प्रमुख बुनियादी ढांचा उन्नयन परियोजनाओं को शुरू किया है। इनमें दशहरा ग्राउंड का विकास और शहर की शहर की विभिन्न सड़कों का उन्नयन जैसे फरीदाबाद उपायुक्त (डीसी) आवास के सामने सेक्टर 15/15ए रोड, चिमनी बाई रोड के साथ-साथ सेक्टर 14/15 और सेक्टर 16/17 को डिवाडिंग रोड का उन्नयन शामिल है।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) क्षेत्र में 15.85 एकड़ के अनुमानित क्षेत्र के साथ द शहरा मैदान वर्ष भर विभिन्न बड़े पैमाने पर धार्मिक और सामाजिक समारोहों के लिए लोकप्रिय स्थल है। लोगों को अधिक स्थापित और सुनियोजित स्थान प्रदान करने के लिए एफएमडीए दशहरा मैदान का विकास कार्य कर रहा है और इस परियोजना के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं जिनका वित्तीय मूल्यांकन किया जा रहा है। इसके तहत तीन प्रवेश/निकास द्वार, चार गार्ड रूम, शौचालयों के साथ दो ग्रीन रूम और जमीन की चारदीवारी के साथ फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, दशहरा ग्राउंड के पुनर्वास के कार्य के दायरे में चारदीवारी पर ग्रिल लगाना, जमीन को समतल करना, मंच का विस्तार करना, वृक्षारोपण और बागवानी कार्य के साथ-साथ हाई मास्ट लाइट प्रदान करना भी शामिल है।

दशहरा ग्राउंड शहर में एक महत्वपूर्ण और प्रतिष्ठित गंतव्य है और बड़े पैमाने पर सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए एक लोकप्रिय विकल्प है। एफएमडीए इस मैदान को विकसित करेगा और सभी आवश्यक सुविधाओं और प्रावधानों को लाएगा जो वर्ष भर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान निवासियों को अधिक अनुभव प्रदान करेगा। इस परियोजना के पूरा होने की अवधि काम के आवंटन के छह महीने बाद है, एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने कहा।

**विशेष सड़क मरम्मत कार्य :** इसके अलावा, दशहरा मैदान के निकट स्थित चिमनी बाई रोड पर भी विशेष मरम्मत की जाएगी। यह सड़क लगभग 2.5 किमी लंबी है और सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ईएसआई चौक और फरीदाबाद के मीट मार्केट से गुजराती है। एफएमडीए इस सड़क पर बिटुमिनस और सीमेंट कंक्रीट फुटपाथ का काम करेगा। सड़क पर बरसाती पानी के नालों की मरम्मत, सेंट्रल वर्ज की पेंटिंग, सड़क सुरक्षा फर्नीचर की स्थापना के साथ-साथ सड़क पर तीन रोटरी (चौक) का जीर्णोद्धार भी किया जाएगा। परियोजना के लिए एफएमडीए ने निविदाएं आमंत्रित की हैं।

चिमनी बाई रोड के अलावा, एफएमडीए 15/15ए सड़क के 1.5 किलोमीटर लंबी सेक्टर डिवाइडिंग रोड की विशेष मरम्मत भी कर रहा है जो डीसी निवास के सामने है। 4 लेन की सीमेंट कंक्रीट की सड़क बनाई जाएगी और इस परियोजना के लिए प्राप्त बोलियों का वित्तीय मूल्यांकन अभी प्रगति पर है। सेक्टर 14/15 और 16/17 की डिवाडिंग सड़कों की कुल 3 किलोमीटर लंबी सड़कों की भी विशेष मरम्मत की जाएगी।

# नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों का सख्ती से हो पालन : डीसी विक्रम सिंह



सेक्टर 12 लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते डीसी विक्रम सिंह।

**फरीदाबाद।** सभी अधिकारी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेशों व हिदायतों के अनुसार जिला में चल रही अवैध पोल्युटिंग व नॉन-पोल्युटिंग उद्योग इकाइयों पर शिकंजा कसने का काम करें। उपायुक्त विक्रम ने बुधवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में लंबित केसों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता की व बैठक में उपस्थित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने सभी अधिकारीयों को सभी जरूरी हिदायतों अनुसार जल्द से जल्द लंबित केसों के निपटान के आदेश दिए। बैठक में 15 एजेंडा रखे गए थे। बैठक में अवैध उद्योग इकाइयों की समस्या व उनकी ट्रैकिंग तथा ट्रेसिंग के विषय में उपायुक्त ने पुलिस विभाग व सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उन इकाइयों के बिजली कनेक्शन के माध्यम से आरोपियों को धर-पकड़ करने के आदेश दिए।

उन्होंने कहा अगर कोई अवैध इकाई किसी रेंटल जगह पर ऑपरेट कर रही है तो उस स्थिति आवश्यक कार्यवाही हेतु उस रेंटल जगह के मालिक से पूछताछ की जाए। अवैध इकाइयों की ट्रैकिंग के लिए निरंतर छापेमारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी छापेमारी के किसी सही व्यक्ति व संस्थान को बेवजह परेशान न किया जाए। बैठक में एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम इंदरजीत कुलड़िया, एडीए नैना वशिष्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने स्कूल में छात्राओं को किया जागरूक



**फरीदाबाद।** कम्युनिटी पुलिस इंचार्ज इंस्पेक्टर सविता की टीम ने गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बल्लभगढ़ में छात्राओं शिक्षकों तथा वहां पर मौजूद नागरिकों को साइबर व महिला विरुद्ध अपराध के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्कूल प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने पुलिस टीम का स्वागत किया। इंस्पेक्टर सविता के साथ दुर्गा शक्ति की टीम तथा स्कूल की तरफ से शिक्षक बिजेंद्र सिंह, देवदत्त, कविता ज्योति शर्मा तथा रमा गुप्ता उपस्थित रहे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस ने स्कूल कॉलेज की छात्र-छात्राओं को सामाजिक मुद्दों के बारे में अवगत करा रही है। क्योंकि यह छात्र आगे चलकर देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देंगे और देश की प्रगति में अपना सहयोग देकर देश को नए आयाम तक पहुंचाएंगे इसलिए आवश्यक है कि इन्हें शुरू से ही सामाजिक मुद्दों की जानकारी दी जाए ताकि आगे चलकर वह सामाजिक कुरीतियों से लड़कर एक बेहतर समाज के निर्माण में अपना योगदान दे सकें। फरीदाबाद पुलिस की टीम छात्राओं को जागरूक करने के लिए बल्लभगढ़ स्थित गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहुंची जिन्होंने छात्रों को महिला विरुद्ध अपराध तथा भ्रूण हत्या के बारे में जानकारी प्रदान की। महिला विरुद्ध अपराध के प्रति जागरूक करते हुए इंस्पेक्टर सविता ने बताया कि नारी समाज में सम्मान का पात्र है और उसे अपनी गरिमा को बचाए रखने के लिए समाज के नकारात्मक व्यक्तियों के विरुद्ध अपनी लड़ाई जारी रखनी पड़ेगी।

# बेटे के इलाज को क्राउड फंडिंग से जुटा रहे रुपये

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**दिल्ली** का जांगड़ा परिवार देश के अग्रणी काउड फंडिंग प्लेटफॉर्म इंपैक्टगुरु डॉट कॉम के माध्यम से अपने आठ महीने के बेटे कनव जांगड़ा के लिए धन जुटा रहा है। कनव एसएमए (स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉफी) टाइप 2 से पीड़ित है। विशेषज्ञों के अनुसार इस बीमारी के इलाज का अनुमानित खर्च करीब 21 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 17.5 करोड़ रुपये) है। इस बीमारी के कारण कनव के लिए चलना, खाना, सांस लेना मुश्किल हो रहा है। उसकी नर्व सेल्स धीरे-धीरे मर रही हैं और वह अपना मांसपेशी नियंत्रण पूरी तरह खो सकता है।

सात महीने की उम्र में कनव के एसएमए से पीड़ित होने का पता चला था और तभी से उसका इलाज चल रहा है। कनव के पिता अमित निजी सेक्टर में काम करते हैं और मां गृहिणी हैं। अमित के लिए बेटे के इलाज का खर्च उठा पाना संभव नहीं है और अब उनकी उम्मीद बस क्राउड फंडिंग पर टिकी है। बच्चे को इस गंभीर बीमारी से जूझते हुए देखकर उनकी उम्मीदें लगातार टूट रही हैं।

अमित कहते हैं, 'जिस दिन कनव का जन्म हुआ था और डॉक्टरों ने उसे मेरी गोद में रखा था, हम बहुत खुश थे। हम हमेशा से चाहते थे कि बेटा अन्य बच्चों की तरह ही सामान्य एवं स्वस्थ जिंदगी जीये, लेकिन भाग्य को कुछ और ही मंजूर था। शायद उसकी जिंदगी अन्य लोगों जितनी आसान नहीं हैं, हालांकि हमने उम्मीद नहीं खोई है। मेरे बेटे को यह दर्द नहीं मिलना चाहिए और आप सभी के सहयोग से उसे दोबारा जिंदगी मिल सकती है। उसे एसएमए के इलाज के लिए जीन थेरेपी के रूप में जोलगेंस्मा दवा की जरूरत है।'

स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉफी-टाइप 2 यानी एसएमए-2 एक जेनेटिक न्यूरोमस्कुलर डिसऑर्डर है, जिससे मांसपेशियों को नियंत्रित करने वाली नर्व सेल्स प्रभावित होती हैं। बिना इलाज के मांसपेशियां कमजोर रह जाएंगी और धीरे-धीरे मस्कुलर मूवमेंट बंद हो जाती है। इससे हृदय एवं फेफड़े की गति प्रभावित होती है और अंगों का हिलना-डुलना भी संभव नहीं रह जाता है। कनव के पिता ने सभी से अपील करते हुए कहा, 'आपकी ओर से की गई छोटी सी सहायता भी मेरे बच्चे के इलाज की दिशा में बड़ा कदम हो सकती है।

## नगर पालिका एवं अग्निशमन विभाग राज्य कमेटी की बैठक

**फरीदाबाद।** फायर ब्रिगेड में अनुबंध आधार पर लगे 1327 फायरमैनो व ड्राइवरों को स्वीकृत 2023 पदों पर समायोजित कर पक्का होने तक 58 वर्ष नौकरी की गारंटी दे सरकार एवं पालिकाओं, परिषदों, नगर निगमो एवं फायर ब्रिगेड में लगे पार्ट वन के सभी तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम से बाहर कर पक्का करने की नीति बनाए तथा हकरन में रजिस्ट्रेशन न करने वाले कर्मचारियों का रुका हुआ वेतन जारी करें सरकार। यह निर्णय बीते कल नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री की अध्यक्षता में हुई नगर पालिका एवं अग्निशमन विभाग की राज्य कमेटी की बैठक में लिया।

नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य महासचिव मांगेराम तिगरा ने कहा कि सरकार ने यदि 6 नवंबर तक मानी गई मांगों को लागू नहीं किया तो आंदोलन शुरू कर देंगे।

## हितेश शर्मा ने पूरे डीएवी का किया नाम रोशन : डॉ सविता भगत

# डीएवी कॉलेज में आई दादा लखमी की स्टारकास्ट

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



डीएवी शताब्दी कॉलेज में आयेजित कार्यक्रम में भाग लेती हरियाणा की फिल्म दादा लखमी की स्टारकास्ट की टीम।

**68वी** राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार एवं 57वे अंतराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित फिल्म दादा लखमी का प्रोमोशनल इवेंट डीएवी शताब्दी महाविद्यालय में जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग द्वारा आयोजित किया गया। फिल्म की प्रमोशन के लिए एक्टर एवं निर्देशक यशपाल शर्मा, प्रोड्यूसर रविंद्र सिंह रजावत, प्रोड्यूसर रामपाल बल्हारा, राजू मान, राजेंद्र भाटिया, डॉ. अल्पना सुहासिनी, हितेश शर्मा, मोनिका, ऋतु सिंह, समेत कास्ट के अन्य सदस्यों ने भी शिरकत की। फिल्म दादा लखमी हरियाणवी कवि एवं लोक कलाकार पंडित लखमी चंद की जीवनी पर आधारित है जो आठ नवंबर को सिनेमा घरों में प्रदर्शित की जाएगी।

अपने वक्तव्य में यशपाल शर्मा बताते हैं कि फिल्म काफी रिसर्च के बाद परदे पर उतारी गई है। कास्ट के टीमवर्क की मिसाल देते हुए वे कहते हैं कि ये फिल्म क्रांति लाने वाली है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हरियाणा में फिल्म जगत का भविष्य उज्वल हैऔर कहा आठ नवंबर त्योहार है। फिल्म की तारीफ करते हुए महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ. सविता भगत ने हरियाणा के सधे हुए कलाकारों को लेकर बनाई गई इस फ़िल्म में हरयाणवी पारंपरिक लोक गीत संगीत, संस्कृति, सभ्यता, वेशभूषा के साथ हरयाणवी मां बोली और माटी की महक से आप रूबरू होंगे और साथ ही कहा ये पूरे डीएवी परिवार के लिए गर्व की बात हैं की हितेश शर्मा जो की फिल्म में दादा लखमी का किरदार निभा रहे हैं वो डीएवी के ही छात्र है। यशपाल शर्मा और दादा लखमी की पूरी टीम ने जिस जज्बे, मेहनत, लगन और प्रतिबद्धता से काम किया है उसके लिए सभी को मेरा सलाम, बधाई और शुभकामनाएं।जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग की साक्षी ने फॉक डांस और रितिक ने हरियाणवी रैप तथा बीबीए की साक्षी ने डांस कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की संयोजिका एवं विभागाध्यक्ष रचना कसाना ने मंच का संचालन किया और कहा कि फिल्म दादा लखमी जोकि हरियाणा के एक सपूत दादा लखमी चंद की जीवन पर आधारित है।

# हवा चलने से एक्यूआई में 57 अंकों की गिरावट



**फरीदाबाद।** जिले की हवा लगातार जहरीली बनी हुई है। बुधवार को मंगलवार की तुलना में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में 57 अंको की गिरावट के बाद भी बहुत खराब श्रेणी में है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से जारी सूची के अनुसार दूसरे दिन भी एक्यूआई 346 के साथ फरीदाबाद देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा। जबकि दिल्ली एक्यूआई 376 अंक के साथ टॉप पर है। अधिकारियों के प्रदूषण नियंत्रण के दावे एक बार फिर हवा हवाई साबित हुए।

स्मार्ट सिटी की हवा पिछले एक सप्ताह लगातार बहुत खराब श्रेणी में बनी हुई है। वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार 400 से करीब बना हुआ है। मंगलवार को फरीदाबाद का वायु गुणवत्ता सूचकांक 403 तक पहुंच गया था। बुधवार को हल्की हवा चली, जिस कारण वायु गुणवत्ता सूचकांक में 57 अंकों की गिरावट दर्ज की गई है। बुधवार को फरीदाबाद का एक्यूआई 346 दर्ज किया गया। हालांकि यह भी सामान्य से लगभग साढ़े सात गुना अधिक है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से बुधवार शाम चार बजे तक देश भर के 172 शहरों की सूची जारी की गई है, जिसके तहत फरीदाबाद देश का दूसरा सबसे अधिक प्रदूषित शहर रहा। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों की बात करें तो एनआईटी क्षेत्र सबसे अधिक प्रदूषित रहा। यहां का एक्यूआई 395 दर्ज किया गया। वहीं, सेक्टर 11 क्षेत्र में 388, सेक्टर 16ए क्षेत्र में 376 और सेक्टर 30 में 266 एक्यूआई दर्ज किया गया।

# अबू धाबी टी10 लीग में बांग्ला टाइगर्स को स्पोंसर करेगा परीमैच न्यूज

## सीजन-2022 के दौरान ब्रांड का लोगो, टाइगर्स की जर्सी के फ्रंट पर दिखेगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**एक** स्पोर्ट्स, ई-स्पोर्ट्स और एंटरटेनमेंट आउटलेट, परीमैच न्यूज जो देशभर के स्पोर्ट्स फैंस के लिए हाई-क्वालिटी कवरेज और कटिंग-एज एनालिटिक्स प्रोडक्शन के लिए समर्पित है, ने अबू धाबी टी10 लीग की बांग्ला टाइगर्स टीम के साथ, एक साल का टाइटल स्पॉन्सरशिप डील साइन किया है। इस समझौते की शर्तों के तहत, टाइगर्स विशेष रूप से अपनी जर्सी के फ्रंट पर ब्रांड का लोगो स्पोर्ट करेंगे।

आईसीसी से स्वीकृत एकमात्र टी10 लीग और लगभग 400 मिलियन अंतरराष्ट्रीय दर्शकों को समेटे हुए, अबू धाबी टी10 लीग, 23 नवंबर को शुरू हो रहा है। यह 4 दिसंबर को समाप्त होगा, जिसमें सभी मैच अमीरात के शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में होंगे। लीग में इस सीजन के अंतर्गत दो नई टीमें, मॉरिसविले सैम्प आर्मी और न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स शामिल होंगी, जो बांग्ला टाइगर्स, दिल्ली बुल्स, टीम अबू धाबी, नॉर्दर्न वॉरियर्स, डेक्कन ग्लैडिएटर्स और चेन्नई ब्रेव्स के साथ लीग का हिस्सा होंगी। इस सीजन डेक्कन ग्लैडिएटर्स अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे, जिन्होंने 2021 के फाइनल में दिल्ली बुल्स पर जीत हासिल कर, टाइटल अपने नाम किया था।

अपने आइकन शाकिब अल हसन की कसानी में बांग्ला टाइगर्स की टीम के पास बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की पेस और एविन लुईस, कॉलिन मुनरो व हजरतुल्लाह जजई जैसे विस्फोटक बल्लेबाजों की विशेषता होगी। टाइगर्स के पास प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक होने के अलावा, दूसरा सबसे बड़ा फैन बेस भी होगा। इसके अलावा, यह एडीटी10 लीग में पहली बांग्लादेशी ग्लोबल क्रिकेट फ्रेंचाइजी है। बांग्ला टाइगर्स के मालिक मोहम्मद यासीन चौधरी ने कहा, हम परीमैच न्यूज के साथ सहयोग करके खुश हैं। यह अपने सेगमेंट की कुछ लीडिंग ऑर्गेनाइजेशन में से एक है। वे दुनियाभर में विशेष रूप से भारतीय क्षेत्र में क्रिकेट को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

पीएमआई के सीसीओ दिमित्री बेलियानिन ने कहा, हमने देखा है कि कैसे टी20 ने नए दर्शकों को आकर्षित किया है, और मेरा मानना है कि टी10 का दुनियाभर में समान प्रभाव पड़ेगा। यही कारण है कि अबू धाबी टी10 लीग के साथ परीमैच न्यूज का जुड़ना बहुत गर्व की बात है, खासकर जब से हमारा एक प्रमुख लक्ष्य यूरोप जैसे अनछुए सेक्टर्स में खेल को लोकप्रिय बनाना है। निजी तौर पर, मैं बांग्ला टाइगर्स को एक्शन में देखने के लिए उत्सुक हूं, खासकर इसके शाकिब अल हसन और मोहम्मद आमिर जैसे वर्ल्ड-क्लास स्टार्स को।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 3 नवम्बर, 2022



# मस्क की रणनीति

## संतुलन आवश्यक

**एलेन** मस्क को भारत में बिना किसी परेशानी के अपनी 'चिड़िया' उड़ाने के लिए संतुलन बनाए रखना होगा। टेस्ला के सह-संस्थापक व सीईओ एलेन मस्क ने ट्विटर खरीदने के बाद भारतीय सीईओ पराग अग्रवाल को हटा दिया है। हालांकि, एक और भारतीय श्रीराम कृष्णन परिवर्तन में उनके निकट सहयोगी होंगे। मस्क की मूल्य व्यवस्था को देखते हुए अग्रवाल का बाहर जाना अपरिहार्य था। मस्क 'मुक्त अभिव्यक्ति चरमपंथी' हैं। लेकिन विडंबना है कि वह उदारवादियों की नजरों में खलनायक बन गए हैं। एक समय दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति की विचारक व ग्लैमर की दुनिया के लोग प्रशंसा करते थे क्योंकि वह अन्य चीजों के साथ जलवायु परिवर्तन में विश्वास करते थे। लेकिन जब उन्होंने 'मुक्त अभिव्यक्ति' की पैरवी शुरू की तो यह सब बदल गया। सरसरी तौर से देखने पर यह आश्चर्यजनक लगता है क्योंकि उम्मीद की जाती है कि उदारवादी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का समर्थन करेंगे, लेकिन अब ऐसा नहीं होता है। इसलिए मस्क के प्रति शत्रुता की भावना स्वाभाविक है। उनके द्वारा कंपनी के अधिग्रहण की शुरुआत से ही बड़े पैमाने पर छंटनी की अफवाहें थीं। खबरें थी कि 44 बिलियन डालर का समझौता पूरा होते ही लगभग तीन चौथाई कर्मचारी अपनी नौकरी खो देंगे, लेकिन मस्क ने ऐसी किसी योजना से इनकार किया है। इसके बाद कई मीडिया संगठनों ने दो छंटनी किए कर्मचारियों को बाहर जाते दिखाया, लेकिन पता चला कि वह अफवाह फैलाने वाले थे। तथ्य यह है कि अनेक मीडिया मंचों को चालाकी से अफवाह फैलाने वालों ने यह विश्वास दिला दिया था कि ट्विटर के अधिग्रहण को आलोचनात्मक दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। लेकिन इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि कृष्णन ने स्वयं सोशल मीडिया की इस विशाल कंपनी में मस्क की 'सहायता' करने की बात स्वीकार की है।



तकनीकविद तथा सिलिकान वैली के एक वेंचर कैपिटल उद्यम में साझीदार रहे कृष्णन की प्रोफाइल के अनुसार, 'वह ट्विटर की प्रमुख उपभोक्ता टीमों का नेतृत्व करेंगे, वह होम टाइमलाइन समेत उत्पादों के लिए जिम्मेदार होंगे तथा प्रयोगकर्ताओं को शोध, खोज व अनुभव में नयापन देंगे और प्रयोगकर्ताओं की संख्या बढ़ाएंगे।' उम्मीद है कि वह मस्क द्वारा प्रस्तावित परिवर्तन लागू करने में प्रमुख भूमिका अदा करेंगे। कंपनी के नए खरबपति मालिक अपने प्रयोगकर्ताओं की नई पुष्टि प्रक्रिया चाहते हैं। खबरों के अनुसार ट्विटर खाताधारक की पहचान पुष्ट करने वाले 'ब्लू चेक मार्क' के लिए फीस लेने पर विचार कर रहा है। खबर यह भी है कि नए ट्विटर ब्लू सब्सिक्रिप्शन के लिए 19.99 डालर भुगतान लिया जाएगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि एक बड़े बाजार भारत में मस्क का ट्विटर कैसा प्रदर्शन करेगा। सरकार ने अधिग्रहण के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है। एलेक्ट्रानिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, 'मध्यस्थों के लिए हमारे नियम और कानून वही रहेंगे, भले ही प्लेटफार्मों का स्वामी कोई भी क्यों न हो। इस प्रकार भारतीय नियमों व कानूनों के पालन की उम्मीद की जाती है।' हमारे देश में मस्क के 'मुक्त अभिव्यक्ति चरमपंथ' की कठिन परीक्षा होगी। आरोप है कि यहां हर घंटे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर चारों ओर से हमले होते हैं। भारत में भावनायें इतनी नाजुक हैं कि वह पूरे समय आहत होती रहती हैं। विडंबना है कि राजनीतिक पार्टियों व सरकारों को हमेशा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बजाय इन भावनाओं की चिन्ता अधिक रहती है। संक्षेप में कहा जाए तो मस्क को अनेक आयामों पर ध्यान देना होगा जिनमें मुक्त अभिव्यक्ति का उनका विश्वास, भारत में भावनाओं को भड़काने वाले उदारवादी लोग तथा पश्चिम के उदारवादी शामिल हैं। ट्विटर की सफलता काफी कुछ इस संतुलन पर निर्भर करेगी।

# शी जिनपिंग का तीसरा कार्यकाल

### चीन भारत समेत पड़ोसियों से लगी सीमाओं पर तनाव बढ़ा सकता है। इसके लिए अवश्य ही जवाबी उपाय लागू करने की शुरुआत होनी चाहिए



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका, पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)



**चीनी** राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा अपने भावी कार्यकाल के लिए व्यक्त दृष्टिकोण लोकतांत्रिक देशों को डराने वाला है। 'लड़ने और जीतने' के लिए सैनिकों के प्रशिक्षण व युद्धक तैयारियों की अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं के साथ ही जिनपिंग ने 'रणनीतिक प्रतिरोधक' बनाने की आवश्यकता बताई है। इससे स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि चीन से लगी सीमाओं पर स्थिति आक्रामक बनी रहेगी। चीन ने पहले ही अपनी सैनिक क्षमतायें बढ़ाने तथा सिविल-सेना एकजुटता में ज्यादा सिनर्जी विकसित करने हेतु फंडिंग शुरू कर दी है। 2020 के अंत में बीजिंग ने अपनी राज्य स्वामित्व वाली उद्यम व्यवस्था में सुधार के लिए तीन वर्षीय योजना शुरू की थी जो उसके रक्षा-उद्योग क्षेत्र का महत्वपूर्ण अंग थी। निजी-सार्वजनिक स्वामित्व तथा रक्षा शोध संस्थानों को शेयर बाजार लिस्टिंग के माध्यम से जोड़ा गया था जिसमें राज्य-स्वामित्व वाले प्रमुख रक्षा ठेकेदारों को आक्रामक रूप से स्वीकार किया गया था। 2022 की सेना बैलेंस रिपोर्ट के अनुसार 2012 व 2020 के बीच कुल 370 बिलियन डालर जोड़े गए थे जिसमें से केवल 2020 में 20.7 मिलियन डालर का योगदान हुआ था। इसके परिणामस्वरूप बीजिंग ने वित्त वर्ष 2022 में 229 बिलियन डालर का रक्षा बजट घोषित किया जो 2021 के बजट से 7.1 प्रतिशत अधिक था। 2023 में पूरे होने वाले सुधारों के परिणामस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों में एक सक्रिय सिविल-सेना फ्यूज़न तैयार होगा। इसमें समुद्री, अंतरिक्ष, साइबर, जैवतकनीकी, नई ऊर्जा, एआई व क्वांटम तकनीकें शामिल हैं।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की 20वीं कांग्रेस में गलवान क्लिप दिखाने का अर्थ भारत को आधिकारिक रूप से दुश्मन का दर्जा देना हो सकता है। इसके पहले शिंगहुआ विश्वविद्यालय में सेंटर फार इंटरनेशनल सिक्यूरिटी एंड स्ट्रेटिजी के वरिष्ठ फेलो झू बो ने भारत-चीन संबंधों पर बहुत आक्रामक टिप्पणी की थी। उन्होंने चेतावनी दी थी कि 'यदि नई दिल्ली हिंद महासागर को हिंदुओं के लिए महान समुद्र मानता है या भारत हिंद महासागर में सुरक्षा प्रदाता की भूमिका निभाने का प्रयास करता है तो दोनों पक्षों के बीच टकराव और यहां तक कि युद्ध भी हो सकता है।' इस प्रकार संकेत हैं कि शी के नए कार्यकाल में इस क्षेत्र में उथलपुथल व टकराव की संभावना है। दूसरी ओर, बढ़ती चीनी आक्रामकता से जापान को चिन्ता पैदा होनी स्वाभाविक है। उसे डर है कि चीन इस क्षेत्र में रूस-यूक्रेन जैसे टकराव को जन्म दे सकता है। यदि ताइवान के मामले पर सैनिक टकराव होता है तो इसके प्रभाव पूरे क्षेत्र पर पड़ सकते हैं। जापान के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र-ईईजेड में मिसाइल छोड़ने की घटनाओं के साथ नैंसी पैलोसी की ताइवान यात्रा के समय दिखी आक्रामकता पर ध्यान देते हुए जापान ने अपनी रणनीतिक पहुंच बढ़ाने तथा सैनिक नीतियों में परिवर्तन के स्पष्ट संकेत दिए हैं। 2021 में क्षेत्रीय सैनिक खर्च को देखते हुए चीन का पूरे एशिया के रक्षा खर्च में हिस्सा 43 प्रतिशत या 207 बिलियन डालर है। इसके उलट, भारत का 2022 में सेना पर खर्च केवल 70 बिलियन डालर था। जापानी प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा ने 2023 वित्त वर्ष के लिए 40.4 बिलियन डालर रक्षा खर्च का बजट पेश किया था। इस प्रकार सामूहिक रूप से देखने पर भी चीन का रक्षा खर्च भारत और जापान से बहुत अधिक है। अमेरिका, जापान व भारत के बीच भू-राजनीतिक व टैक्टिकल कनवर्जेंस की स्थिति है। हिंद प्रशांत क्षेत्र में भावी क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य प्रमुखत: चीनी खतरे को सीमित रखने पर केन्द्रित होगा। अमेरिका, चीन व भारत के बीच त्रिकोणीय गत्यात्मकता के साथ ही चीन, भारत व जापान के बीच संबंधों से भारत के लिए चुनौतियां व अवसर पैदा होंगे। अमेरिका तथा उसके प्रमुख सहयोगी इस्राइल के साथ पहले से ही उच्चस्तरीय सैनिक सहयोग जारी है। इससे भारत को खुफिया सूचनायें पाने व आतंकवाद-विरोध में तकनीकी सहयोग विकसित करने में सहायता मिली है। ऐसे में काफी कुछ भारत और जापान के बीच टैक्टिकल सहयोग पर निर्भर करता है।

किशिदा ने जापान के रक्षा खर्च में 'भारी' वृद्धि कर इसे अगले पांच साल में जीडीपी के दो प्रतिशत तक लाने तथा 'जवाबी आक्रमण क्षमतायें' विकसित करने का लक्ष्य बनाया है। 2017 में जापान ने अपने रक्षा खर्च का 13 प्रतिशत आरएंडडी पर खर्च किया था। जापान की तकनीकी श्रेष्ठता को देखते हुए रक्षा खोज व उत्पादन में संयुक्त आरएंडडी के विकास से भारत को चीन से निपटने में सहायता मिलेगी जो दोनों देशों के लिए खतरा है। उदाहरणार्थ, जापान की मित्सुबिशी एलेक्ट्रिक कार्पोरेशन जैसी निजी कंपनी मूलत: भारतीय रक्षा कंपनी की भूमिका निभा सकती है। मित्सुबिशी के जे-एफपीएस-3 एक्टिव एलेक्ट्रानिक स्कैनिंग एरे राडार व जे-टीपीएस-पी14 मोबाइल एयर सर्विलियंस राजारों का निर्यात हाल ही में फिलीपीन्स को किया गया है। वे दक्षिण चीन सागर में चीनी खतरे का मुकाबला करने में सहायक होंगे। भारत भी ऐसी तकनीकें मांग सकता है जिनका किसी दूसरे देश को निर्यात न हुआ हो। शत्रुतापूर्ण परिस्थितियों में क्वाड चीन की आक्रामकता का सैनिक जवाब हो सकता है। अब तक क्वाड एक अनौपचारिक व्यवस्था है जिसे चीन-विरोधी उद्देश्य से संस्थाबद्ध नहीं किया गया है। यह नौवहन की स्वतंत्रता, मलाबार नौसैनिक अभ्यास के आसपास द्विपक्षीय व बहुपक्षीय व्यवस्थाओं, सूचनाओं के साझे, परस्पर समन्वय व समन्वित सैनिक गतिविधियों पर केन्द्रित किया जा सकता है। क्वाड सदस्यों के बीच अनेक संधियों की तरह भारत और जापान बढ़ती सैनिक चुनौतियों पर साझा दृष्टिकोण रखते हैं। इसलिए भविष्य में दोनों देश बहुपक्षीय समझौतों की ओर बढ़ सकते हैं। इनमें परस्पर लाजिस्टिक सहायता समझौता, गंभीर अपराध निवारण व समाधान, परस्पर पहुंच समझौता तथा जियो-स्पेटियल समझौता शामिल हो सकते हैं।

इस प्रकार दोनों समूह व्यापक रूप से चीन की बढ़ती वर्चस्ववादी प्रवृत्तियों के खिलाफ सहयोग कर सकते हैं। भारत-जापान सहयोग मजबूत करने की आवश्यकता है। दोनों देशों ने रक्षा परियोजनाओं, जैसे यूएवी, ड्रोन-विरोधी प्रणालियों, रोबोटिक्स व पानी के नीचे संचार में नई पहलें की हैं। रक्षा क्षेत्र में रोबोटिक्स के प्रयोग से सैनिक रोबोट तथा कृत्रिम बुद्धि-एआई के प्रयोग से आतंकवाद-विरोधी कार्रवाइयों में हताहतों की संख्या घटाई जा सकती है। इसके साथ ही प्राकृतिक विभीषिकाओं से निपटने में सहायता मिल सकती है। हालांकि, भारत व जापान के बीच रोबोटिक्स में सक्रिय सहयोग है तथा भारत में अनेक जापानी कंपनियों, जैसे एबीबी रोबोटिक्स, कावासाकी रोबोटिक्स व यासाकावा ने भारी निवेश किया है। लेकिन ये सब मुख्यत: सिविलियन प्रयोग व वाणिज्यिक प्रकृति के हैं। भारत और जापान को अपनी टैक्टिकल साझेदारी तथा सिविल-सैनिक फ्यूज़न को ज्यादा गति देनी चाहिए।

इसके साथ ही ताइवान, भारत व जापान के बीच त्रिपक्षीय सहयोग तीनों के बीच एक सिनर्जी विकसित कर सकता है जो हिंद प्रशांत क्षेत्र में स्वतंत्रता बनाए रखने में सहयोगी होगा। ताइवान सेमीकंडक्टर निर्माण में अग्रणी है तथा कारों में प्रयोग होने वाले 80 प्रतिशत माइक्रोकंट्रोलर ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी-टीएसएमसी में बनाए जाते हैं। ऐसे में माइक्रोकंट्रोलर्स के लिए ताइवान व रोबोटिक्स के लिए जापान से सहयोग के साथ भारत अपनी साफ्टवेयर तकनीक का प्रयोग कर रोबोट सैनिकों का निर्माण कर सकता है। यह हिंद प्रशांत के विस्तृत होते युद्ध परिदृश्य में नया अध्याय जोड़ सकते हैं। वैसे भी जापान मेटीरियोलाजिक एजेंसी तथा भारतीय मेटीरियोलाजिकल विभाग के बीच सहयोग है। पिछले कुछ साल में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख व खासकर जवाहर टनल व वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर बादल फटने की घटनायें बार-बार सामने आई हैं। निकट भविष्य में हमें बिलासपुर-लेह रेल लाइन जैसे स्थलों की अचानक मौसम परिवर्तन से रक्षा करनी होगी। ऐसी घटनाओं का संबंध ग्लोबल वार्मिंग से है, लेकिन हमारे विरोधियों के पास एवलांच, कृत्रिम बरसात व बादल फटने जैसी आपदायें पैदा करने की क्षमता है। इनका प्रयोग राजनीतिक हितों के लिए भी किया जा सकता है। इन तकनीकों से सैनिक कार्रवाई का खर्च बहुत घट सकता है तथा इनका पता लगाना तथा जवाब देना कठिन है। 'मौसम युद्ध' व हाइब्रिड युद्ध में मौसम में कृत्रिम बदलाव कर इसे युद्ध के हथियार की तरह प्रयोग कर भोजन की कमी व सैनिक हताहतों की संख्या बढ़ाने जैसे काम किए जा सकते हैं। भारतीय रक्षा एजेंसियों व शोध संस्थानों को इसे अनदेखा नहीं करना चाहिए। इस प्रकार मजबूत भारत-जापान रक्षा सहयोग समय की आवश्यकता है जिससे दोनों देशों के रणनीतिक हित पूरे होंगे।

# सुनक को करना होगा कड़ी चुनौतियों का सामना

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



**ग्रेट** ब्रिटेन के प्रधान मंत्री के रूप में ऋषि सुनक हताशा का उत्पाद हैं, वह सभी ब्रिटिश लोगों की पसंद नहीं है। उनके जूते में अधिकांश नेता सहज रूप से उनके पूर्ववर्ती बोरिस जॉनसन को दुनिया में सबसे अच्छे पदाधिकारी के रूप में वर्णित करने की रक्षा करने को प्राथमिकता देंगे। यह एक गलती है जो युवा ऋषि को नहीं करनी चाहिए। इससे भी अधिक, क्योंकि उन्हें द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ब्रिटेन के सबसे बड़े संकटों से निपटने के लिए चुना गया है, निर्वाचित नहीं किया गया है। इसके अलावा, सनक भूरा, युवा और साथ ही अपेक्षाकृत अनुभवहीन है; सांसद के रूप में उनके पहले चुनाव और पीएम के रूप में उनके चयन को केवल सात साल बीत चुके हैं। वह हिंदू है और ईसाई या मुसलमान नहीं है। संयोग से, ऋषि सनक ब्रिटिश इतिहास में सबसे कम उम्र के प्रधान मंत्री नहीं हैं। 18वीं शताब्दी में सबसे छोटा विलियम पिट केवल 24 वर्ष का था जब उसे शीर्ष पद के लिए चुना गया था। उन्होंने ब्रिटेन में पहले की तरह समृद्धि लाई और 22 वर्षों तक लगातार शासन किया। 46 साल की उम्र में उनकी कुर्सी पर ही उनकी मृत्यु हो गई। विचित्र रूप से, पिट ने बजट के बाद ऐसा बजट बनाने की योजना बनाई थी कि उनके शासन के अंत से पहले, खजाना इतना समृद्ध होगा कि उसके बाद, देश जीवित रह सके ब्याज आय ताकि लोगों को कोई कर न देना पड़े। दुर्भाग्य से उसके और उसके लोगों के लिए, नेपोलियन बोनापार्ट ने पूरे यूरोप का मालिक बनने के अपने विस्तारवादी आग्रह में युद्ध की घोषणा की थी और पिट को इसे वित्तपोषित करना था।

प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को यह दिलचस्प लग सकता है। इन सभी परिस्थितियों में ब्रिटेन को आर्थिक खाई में गिरने से रोकने के लिए जादुई या चमत्कारी फॉर्मूला खोजने के अलावा उसके पास कुछ विकल्प हैं। सूत्र कितना भी जोखिम भरा हो, उसे जोखिम उठाना ही होगा। ऐसा लगता है कि उन्होंने संसद के कंजर्वेटिव सदस्यों से कहा था कि उनके पास एकजुट या मरो के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। अब हमें उसे बताना चाहिए कि उसे सार्वजनिक जीवन में सफल या नष्ट होना चाहिए।



सबसे पहले, मुद्रास्फीति के उत्तर के रूप में, यूके की छोटी लेकिन विश्वसनीय खाद्य श्रृंखलाओं में प्रत्येक स्टोर में एक छोटे से हिस्से में, भोजन की पांच सबसे बुनियादी वस्तुएं निश्चित उचित मूल्य पर पहचान के प्रदर्शन पर उपलब्ध होनी चाहिए। यदि कोई अतिरिक्त खर्च करना है, तो सरकार को भुगतान करने के लिए कदम उठाना चाहिए। इस तरह के उपाय से यह सुनिश्चित होगा कि कोई भी नागरिक, चाहे वह कितना ही गरीब क्यों न हो, भूखा नहीं सोना पड़ेगा। तब कोई मुद्रास्फीति सर्पिल जीवन का दावा नहीं करेगा। एक पूर्ण पेट जनसंख्या पर मुद्रास्फीति के हमले को टाल सकता है।

आवश्यक वित्त प्राप्त करने के पहले कदम के रूप में, व्यय के सभी मदों में 10 प्रतिशत की कटौती से लगभग £100 बिलियन की बचत होगी। यह राजनीतिक या आर्थिक रूप से गलत होने के डर के बिना तत्काल कार्रवाई को सक्षम करेगा। कमजोर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था से निपटने के अलावा अगला खतरा वैश्विक मंदी और गिरते निर्यात से होगा। एक और £100 बिलियन की कटौती का लक्ष्य होना चाहिए। उन मदों का पता लगाने के लिए जिनके तहत यह बचत की जा सकती है, विशेषज्ञों और सहकर्मियों के साथ अध्ययन करने, सोचने और बहस करने के लिए कुछ समय की आवश्यकता होगी। इसके लिए सरकार को पूरे महीने विचार करना चाहिए ताकि जल्दबाजी में कोई भूल न हो।

इसके बाद, द्विपक्षीय व्यापार समझौतों पर ध्यान दिया जा सकता है। शुरुआत में भारत-ब्रिटेन समझौता वांछनीय होगा। दोनों देशों की अर्थव्यवस्था आकार में तुलनीय है; साथ ही, दोनों देशों के अधिकारियों और व्यवसायियों को एक-दूसरे के काम करने के तरीकों से परिचित होना चाहिए। साथ ही, भारत के सशस्त्र बलों और उनकी संस्कृति को ब्रिटिश निर्देशन में आकार दिया गया था।

उदाहरण के लिए, हम रोल्स रॉयस ऑटोमोबाइल और इंजन और युद्ध के बाद के ब्रिटिश लड़ाकू विमानों से परिचित हैं, जो हमारी वायु सेना का प्रारंभिक मुख्य आधार थे। हम यह नहीं भूल सकते कि हमने अपना पहला विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत रॉयल नेवी से खरीदा था। औद्योगिक मशीनरी के लिए कंप्यूटर चिप्स और स्पेयर पार्ट्स से, हम ब्रिटेन से खरीद और निर्यात कर सकते हैं, चीजों की एक लंबी सूची होगी। दूसरी ओर, आधुनिक ब्रिटेन भारत से असंख्य निर्यातों पर बना था। कई अन्य देश ब्रिटेन के साथ व्यापार करेंगे, खासकर यदि ब्रिटिश कीमतें वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने के लिए अधिक उचित थीं।

ब्रिटिश चरित्र को जानते हुए, कंजर्वेटिव पार्टी सबसे अधिक तब तक एकजुट रहेगी जब तक कि ऋषि सनक को कुशलता से वितरित किया गया प्रतीत होता है। सुनक जितना बेहतर प्रदर्शन करेंगे, विपक्षी लेबर पार्टी के उतने ही अधीर होने की संभावना है। वैसे भी, यह विशेष विपक्षी दल पाकिस्तान समर्थक होने की छवि रखता है।

यह भी महसूस किया जाना चाहिए कि विफलता की स्थिति में, ब्रिटेन का एकमात्र आश्रय संयुक्त राज्य अमेरिका में विलय करना होगा; कहते हैं, चार राज्यों के रूप में, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड। इन चार राज्यों को आठ सीनेट सीटों से पुरस्कृत किया जाना चाहिए। यदि प्रशांत महासागर में हवाई संयुक्त राज्य अमेरिका का हिस्सा हो सकता है, तो अटलांटिक महासागर में उस देश के राज्य क्यों नहीं हो सकते? आखिरकार, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ब्रिटेन अपनी विदेश नीति में पूरी तरह से अमेरिकी खेमे में रहा है।

## आप की बात

### कब समझेंगे लोग?

**कितनी** भी बड़ी त्रासदी क्यों न हो जाए, आपदा प्राकृतिक हो या मानव जनित, सब कमियां ढूंढ़ लेते हैं। पिछले दो दिन से समाचार जगत और सोशल मीडिया पर लोग अपने हिसाब से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। जहां विपक्ष सारा ठीकरा वर्तमान प्रधानमंत्री पर फोड़ने का प्रयास कर रहा है और सरकार प्रयासरत है कि किस तरह इस परिस्थिति में पीड़ित लोगों की सहायता हो सके, वहीं कुछ लोग धार्मिक एंगल भी ले आए हैं। मदद करने वालों में, संघ के आनुशांगिक संगठनों ने मदद की और कुछ मुस्लिम युवकों ने भी। जिसने भी आपात काल में सहायता की वो सराहनीय है, परन्तु जनता आबादी बढ़ाये और राशन, रोजगार सरकार से मांगे, भीड़ आप बढ़ाए और जिम्मेदारी सरकार पर डालें, जनसंख्या नियंत्रण के विरोधी भी आप बने, समान नागरिक संहिता के खिलाफ आप जाएं, अवैध घुसपैठियों को रोकने के प्रयास का आप विरोध करें। अर्थात सरकारी हस्तक्षेप से जिन लोगों को हमेशा समस्या है वही लोग दुष्परिणाम सामने आते ही घेरने लगते हैं सरकार को, इस तरह के हालात सुधरने चाहिए, अन्यथा निर्दोष लोग जागरूकता के अभाव में इसी तरह मरते रहेंगे।

– **मनोज शर्मा**, मेरठ

### हमारी न्याय व्यवस्था

**हमारे** न्यायालय बिना भेदभाव न्याय देने के लिए जाने जाते हैं इनमें सरकार का दख़ल बहुत कम होता है। परंतु लंबित मुक़दमे एक दुखद पहलू है। कई बार न्याय मिलने में इतनी देरी हो जाती है कि उसका कुछ मतलब ही नहीं रह जाता। जजों की कमी न्यायालयों में लम्बे अवकाश व अधिवक्ताओं द्वारा किया जाने वाला विलम्ब चिंतनीय विषय है। परंतु एक ही मुक़दमा निर्णय आ जाने के बाद भी कई न्यायालयों में चलता है। अगर कोई व्यक्ति या संस्था निचली अदालत में मुक़दमा हार जाता है तो उच्च न्यायालय और फिर उच्चतम न्यायालय तक जा सकता है इससे ना केवल एक ही मामला कई सालों तक चलता है, परंतु उन अदालतों पर भी प्रश्नचिन्ह लगता है जिन्होंने फ़ैसला दे दिया था। न्याय का लाभ केवल सामर्थ्यवान ही ले जाते हैं क्योंकि उच्च न्यायालयों तक जाने के लिए जो धन व संसाधन चाहिए वह साधारण व्यक्ति के बस की बात नहीं। कई धार्मिक व सामाजिक मामले भी इस व्यवस्था की भेंट चढ़ जाते हैं। जैसे राम जन्मभूमि के मामले में निचली अदालतों में फ़ैसले आ जाने के बाद भी उच्च न्यायालयों में मामला चलता रहा जिससे राजनैतिक दलों व अराजक तत्वों को व देश का माहौल ख़राब करने का मौक़ा मिला।

– **पुनीत अरोड़ा,** मेरठ

### देशद्रोहियों को सबक

**महोदय**, बेंगलुरु की विशेष अदालत ने पुलवामा विस्फोट में 40 जवानों की शहादत पर खुशी जताने वाले इंजीनियरिंग छात्र फैज रशीद को पांच वर्ष की कैद के साथ-साथ 25 हजार रुपये के जुर्माने की जो सजा सुनाई है, वह काफी महत्वपूर्ण है। इससे उन देश विरोधी तत्वों को अवश्य सबक मिलेगा जो अब तक भारत में रहकर की रोटी खाकर भारत की ही जड़े खोदने में लगे हुए हैं। वह युवक भले ही इंजीनियर रहा हो उसकी प्राथमिक शिक्षा अवश्य ही किसी मदरसे में हुई होगी, जहां पढ़ाई के नाम पर ऐसी नकारात्मक बातें सिखाई जाती है. यह तो एक बंदा पकड़ा गया है मगर इससे कहीं बड़ी तादाद में ऐसे युवा विद्यार्थी जो को शिक्षा प्राप्त करके बाहर निकले हैं वह मानसिक रूप से राष्ट्रप्रेम के नाम शून्य है। अब वक्त आ गया है कि पूरे देश में एक जैसी शिक्षा और एक जैसा पाठ्यक्रम सभी के लिए लागू किया जाए। और धार्मिक आधार पर बने हुए स्कूलों की पढ़ाई को शासकीय मान्यता नहीं दी जाए, तभी इस प्रवृत्ति को रोका जा सकेगा।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




“ **आज** देश दशकों पुरानी गलतियां सुधार रहा है। भारत का अतीत, वर्तमान व भविष्य आदिवासी समुदायों के बिना पूरा नहीं है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**रूस** द्वारा स्थगित करने के बावजूद हम अन्न पहल जारी रखेंगे।

– **वोलोदिमिर जेलेन्स्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति



**गुजरात** के मुख्यमंत्री को पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है। उन्हें फौरन इस्तीफा देना चाहिए।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री ”

# जनप्रतिनिधियों के सुझाव लें पर दबाव में कोई गलती न करें: केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि ग्राम्य विकास विभाग द्वारा गांव में विकास के नए मॉडल और नए प्रतिमान स्थापित किए जाएंगे। कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का नया युग आया है,ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारीयों को निर्देश दिए हैं कि वह अपनी प्रतिभा और क्षमता का भरपूर उपयोग करें। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग से जुड़े अधिकारीयों को निर्देश दिए हैं कि विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों के सुझाव लिये जाएं, लेकिन किसी के दबाव में कोई गलत काम न किया जाए। अधिकारी कार्यक्रम बनाकर गांवो का भ्रमण करें। गांवों की ग्राउण्ड रिपोर्ट सामने आना चाहिए। समस्याओं को टालने से नहींए निस्तारित करने से सरकार की छवि बनती है।

मनरेगा योजना का उल्लेख करते हुए श्री मौर्य ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए रोजगार सृजन हेतु भौतिक लक्ष्य 2600 लाख मानव दिवस अनुमोदित किया गया है और इस वर्ष अब तक 69.62लाख श्रमिकों को रोजगार देते हुये 2186.68 लाख मानव दिवस सृजित किए गए हैं और कुल 7281.64 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की चुकी है। इस तरह मनरेगा में कार्य कराने के मामले में उत्तर प्रदेशए देश में अग्रणी पंक्ति में है। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 मे 20 लाख परिवारो को 100 दिवस का पूर्ण रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया हैए चालू वर्ष में अब तक 178503 परिवारों को पूर्ण 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

## कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे आज पुराने लखनऊ में करेंगे पदयात्रा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अंध्यक्ष पूर्व मंत्री नकुल दुबे 3 नवम्बर गुरुवार को को भारत जोड़ो यात्रा के तहत राजधानी लखनऊ के कई वार्डों में पदयात्रा करेंगे। प्रवक्ता संजय सिंह ने बताया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाई जा रही भारत जोड़ो यात्रा, देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से पीड़ित आम जनता को भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों से जागरूक कर निजात दिलाने एवं लोगों में जो नफरत की खाई बढ़ गई है उसे पाट कर आपसी प्रेम बढ़ाने के लिए है। इसी क्रम में गुरुवार को प्रात: 8 बजे से प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे राजधानी लखनऊ के न्यू हैदरगंज प्रथम वार्ड भारत जोड़ो यात्रा के तहत पदयात्रा शुरू करेंगे। उन्होंने बताया कि वार्ड न्यू हैदरगंज प्रथम से शुरू होने वाली पदयात्रा वार्ड अम्बरगंज, मौलाना कल्बे आबिद द्वितीय, अचार्य नरेन्द्रदेव, कश्मीरी मोहल्ला, गढ़ी पीर खां, भवानीगंज, शीतलादेवी. तिलकनगर, सआदतगंज, मौलाना कल्बे आबिद प्रथम, बालागंज, कालीजी से होते हुए कन्हैया माधवपुर वार्ड में सम्पन्न होगी। कार्यक्रम में लखनऊ उत्तरी शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव 'अज्जू' भी सम्मिलित होंगे।

## एक आपराधिक घटना की न दर्ज की जाए एक से अधिक एफआईआर

**लखनऊ।** डीजीपी डीएस चौहान ने किसी एक आपराधिक घटना से संबंधित मामले की विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस द्वारा अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए जाने और अलग-अलग आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किए जाने की कार्रवाई पर कड़ी आपत्ति जताई है। डीजीपी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए इस प्रथा पर रोक लगाने और एक आपराधिक घटना के संबंध में एक ही एफ आईआर दर्ज किए जाने के राज्य के पुलिस के अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। राज्य के सभी जोन के एडीजी, रेंज के आईजी, डीआईजी, जिलों के पुलिस कप्तानों और सभी पुलिस इकाइयों के प्रभारियों को भेजे अपने पत्र में डीजीपी ने कहा है कि संज्ञान में आया है कि पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाइयों में भी एक ही घटना अथवा एक ही संव्यवहार में घटित घटनाओं के आधार पर एक से अधिक मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। इन मुकदमों की विवेचना कर अलग-अलग आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किए जा रहे हैं । उन्होंने कहा है कि उदाहरण स्वरूप- मानव शरीर के विरुद्ध कारित अपराधों के अभियुक्त की गिरफ्तारी तथा अपराध कारित करने में उपयोग किए गए अवैध अस्त्र-शस्त्र की बरामदगी के उपरान्त आयुध अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अलग-अलग मुकदमा, अभियुक्त की निशानदेही पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा-27 के अधीन बरामद किए गए अवैध असलहों के सम्बन्ध में अलग मुकदमा, अवैध असलहों की बरामदगी होने पर एक ही फर्द बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के विरुद्ध अलग-अलग मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना के उपरान्त अलग-अलग आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किए जाते हैं।

## केंद्र की टीम 4 और 5 नवंबर को करेगी लखनऊ का दौरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पेंशन** और पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। नवंबर में केंद्रीय राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने किसी भी एंड्रॉइड मोबाइल फोन के माध्यम से जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक का शुभारंभ किया था। अब विभाग डिजिटल मोड के माध्यम से जीवन प्रमाणपत्र को बढ़ावा देने के लिए और फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक को लोकप्रिय बनाने के लिए विशेष राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू कर रहा है। सभी पंजीकृत पेंशनभोगी संघों, पेंशन संवितरण बैंकों, भारत सरकार के मंत्रालयों और सीजीएचएस वेलनेस केंद्रों को निर्देश दिया गया है कि वे पेंशनभोगियों के सुविधापूर्ण जीवन के लिए, जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र, फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक को बढ़ावा देने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन करें। इसी क्रम में संजीव नारायण माथुर संयुक्त सचिव पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग के नेतृत्व में केंद्र सरकार का एक दल लखनऊ का दौरा करेगा। जहां 4 और 5 नवंबर को केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए सभागार प्रत्यक्ष कर भवन रामतीर्थ मार्ग लखनऊ में यह अभियान आयोजित किया जाएगा। सभी पेंशनभोगी डिजिटल माध्यम से अपने जीवन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के लिए केंद्र पर जा सकते हैं।

# गोला विधान सभा सीट पर मतदान आज

## निष्पक्ष, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए व्यापक इंतजाम एवं सुरक्षा व्यवस्था कराई गई है

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**लखीमपुर** खीरी की गोला विधान सभ सीट पर उप चुनाव के लिए तीन नवंबर को मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे से लेकर शाम 6 बजे तक होगा। इस सीट से भाजपा विधायक रहे अरविंद गिरी की हार्ट अटैक से मृत्यु के बाद यह सीट खाली हुई थी। अब उनके बेटे अमन गिरी चुनाव मैदान में हैं। वहीं समाजवादी पार्टी से विनय तिवारी मैदान में हैं।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों में मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 अन्य पहचान पत्र मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की पहचान किये जाने के लिए मान्य होंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा निष्पक्ष, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए



व्यापक इंतजाम एवं सुरक्षा व्यवस्था कराई गई है। उक्त उप निर्वाचन में 3.91 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 2.06 लाख पुरूष, 1.85 लाख महिला तथा 25 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। मतदेय स्थलों पर जो मतदाता सायं 6 बजे उपस्थित रहेंगे, उन सभी मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा। गोला सीट पर कुल सात प्रत्याशी चुनाव लड़ रहें हैं। इसमें एक महिला उम्मीदवार भी है। उप चुनाव में कुल 441 मतदेय स्थल तथा 222 मतदान केन्द्र हैं। सभी मतदेय स्थलों पर रैम्प, शौचालय तथा पीने के पानी की सुविधा की गई है। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग द्वारा 1 सामान्य प्रेक्षक तथा 1 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। उक्त के अतिरिक्त 29 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 3 जोनल मजिस्ट्रेट तथा 19 माइको ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं। मतदान के पर्यवेक्षण के लिए लगभग 60 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तर पर किया जायेगा। उपरोक्त के साथ-साथ आवश्यकतानुसार वीडियो कैमरे की व्यवस्था भी की गई है। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त मात्रा में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती की गई है एवं ईवीएम के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को दी गई है। उक्त उप चुनाव में 441 मतदेय स्थलों के लिए मतदान के लिए आवश्यक ईवीएम एवं वीवीपैट की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप सभी निर्वाचकों को वितरित कराई गई हैं जिसके माध्यम से उन्हें अपने वर्तमान मतदेय स्थल एवं कम संख्या की जानकारी हो सकेगी। मतदान की अवधि में सभी बीएलओ को निर्देश दिये गये हैं कि वे मतदाता सूची के साथ हेल्पडेस्क पर उपस्थित रहेंगे एवं आने वाले मतदाताओं की सहायता करेंगे। उप निर्वाचन में कुल 5 आदर्श मतदान केन्द्र बनाये गये हैं।

# हिमाचल प्रदेश में मतदान व मतगणना के दिन यूपी के सीमावर्ती क्षेत्रों में रहेगा ड्राइ डे

- विदेशी मदिरा, बीयर, देशी मदिरा, ताड़ी एवं भांग की समस्त लाइसेंस प्राप्त दुकानें रहेंगी बन्द

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हिमाचल** प्रदेश में विधानसभा चुनाव के मतदान तथा मतगणना दिवस पर यूपी के हिमाचल प्रदेश से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों में शुष्क दिवस (ड्राई-डे) घोषित किया गया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि लोक शांति बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांति पूर्वक मतदान कराए जाने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश राज्य क्षेत्र में होने वाले सामान्य निर्वाचन-2022 के लिए नियत 12 नवम्बर 2022 को मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व तथा मतगणना दिवस 8 दिसम्बर 2022 को हिमाचल प्रदेश राज्य की भौगोलिक सीमा से लगे अपने जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में आबकारी दुकानों की बंदी एवं मादक वस्तुओं के उपभोग को प्रतिबंधित व नियंत्रित करने के साथ ही अवैध मदिरा की तस्करी पर भी प्रभावी अंकुश लगाया जाएगा। इस संबंध में आबकारी आयुक्त की अधिसूचना में आबकारी (संशोधन) नियमावली 1999 के अनुसार प्राविधान है कि यदि किसी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र में सामान्य या उप निर्वाचन में हो उस निर्वाचन क्षेत्र तथा उसके चारों ओर 8 किमी क्षेत्र में स्थित विदेशी मदिरा, बीयर, देशी मदिरा, ताड़ी एवं भांग की समस्त लाइसेंस प्राप्त दुकानें और उनकी बिक्री के लिए स्वीकृत अन्य लाइसेंस, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में उपबन्धित मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय से 48 घंटे की अवधि के दौरान बन्द रहेंगे।

# विपक्ष के बयानवीर नेताओं को रास नहीं आ रहा यूपी का विकास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बुधवार को कहा कि हताश और निराश विपक्ष के बयानवीर नेताओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रगति के पथ पर अग्रसर उत्तर प्रदेश का विकास सुहा नहीं रहा। उन्होंने कहा कि सपा-बसपा की सरकारों में अपराध और भ्रष्टाचार की गिरफ्त में रहे उत्तर प्रदेश की पहचान पिछड़े प्रदेश के रूप में बन गई थी। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार ने साढ़े पांच वर्ष के अपने कार्यकाल में भय मुक्त उत्तर प्रदेश का निर्माण किया है। प्रदेश में स्वास्थ्य, शिक्षा, बेहतर कानून व्यवस्था और लोक कल्याणकारी योजनाओं की प्रशंसा चहुंओर हो रही है लेकिन विपक्षी दल के नेताओं को सिर्फ बयानबाजी कर आमजन को गुमराह करने की कोशिश करने में ही खुशियां मिलती है। वे नहीं जानते जनता उनके भ्रम व छलावे को ठीक से समझती है। इसलिए 2014, 2017, 2019, 2022 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में विपक्षी दलों के मिथ्यारोपों का जबाब जनता ने बीजेपी को प्रचंड बहुमत देकर किया है। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि विपक्षी दल खासकर सपा मुखिया का काम संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाना भर रह गया है। जनता उनके शासनकाल के कारनामें भूली नहीं है। योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भय मुक्त प्रदेश बन गया है। प्रदेश में कानून का राज कायम है। अपराधी योगी सरकार के इकबाल के आगे थर-थर कांप रहे हैं। वे थानों में जाकर सरेंडर कर रहे है गुनाह न करने की कसमें खा रहे है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के हर जनपद में सरकार उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवा की व्यवस्था कर रही है। हम हर जनपद में एक मेडिकल कॉलेज बनवा रहे हैं। प्रदेश पिछड़े प्रदेश की सूची से बाहर निकल कर विकास की दृष्टि से अग्रणी राज्यों की सूची में कई पैमानों पर पहले स्थान पर है। विपक्षी पार्टी के मुखिया को आरोप लगाने से पहले अपने शासनकाल के दाग याद करने चाहिए कि कैसे उत्तर प्रदेश की इकोनॉमी एक्सटार्शन पर चलती थी। उद्यमी उद्योग लगाने से पहले किन-किन चौखटों पर माथा रगड़ते थे यह सब जानते हैं। उन्होंने कहा कि जनता का समर्थन व आशीर्वाद भाजपा के साथ है बेहतर होता कि विपक्षी दल अनर्गल आरोप लगाने के बजाय सत्ता में रहते हुए आपने कारनामें के लिए चिन्तन करते।

# कारबाइन लूट घटना: जख्मी विधायक के गनर की इलाज के दौरान मौत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सुल्तानपुर** जिले में श्रमजीवी एक्सप्रेस में कारबाइन लूट की घटना के दौरान अपराधियों द्वारा चाकुओं से किए गए हमले में जख्मी सपा विधायक मुन्नू अंसारी के गनर राकेश की इलाज के दौरान लखनऊ के ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। इस घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी और लूटी गई कारबाइन की बरामदगी यूपी पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है। जीआरपी औघ्र सुलतानपुर पुलिस के साथ ही एसटीएफ भी इस मामले में छानबीन में जुटी हुई है लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी कोई सफलता नहीं मिल सकी है। घटना बीती 25 अक्टूबर की शाम सुलतानपुर जंक्शन के पास हुई थी। पूर्वांचल के माफिया सरगना मुख्तार अंसारी के भतीजे और गाजीपुर जिले के मोहम्मदाबाद सीट से विधायक सुहेब उर्फ मुन्नू अंसारी का गनर राकेश चौधरी वाराणसी से लखनऊ जा रहे थे। चलती ट्रेन में बदमाशों ने गनर पर चाकुओं से हमलाकर उसे जख्मी कर दिया और सरकारी कारबाइन व मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए थे। बुरी तरह जख्मी हुए गनर को इलाज के लिए लखनऊ के ट्रामा सेंटर रिफर किया गया था। जहां अभी तक उनका इलाज चल रहा था। गनर के साथ हुई इस घटना के बाद कार्रवाई के नाम पर सिफ एसओ जीआरपी शमीम अहमद सिद्दीकी को निलंबित कर दिया गया था। अन्य किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई जबकि इस घटना से ट्रेन में चलने वाले एक्सकोर्ट की सक्रियता की पोल खोल दी है। राजगीर से नई दिल्ली जाने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस में एस्कोर्ट चलती है। इसके साथ ही बीच में पड़ने वाले जिले की जीआरपी के जवान भी ट्रेन की जांच करते हैं लेकिन घटना वाले दिन 25 अक्टूबर को श्रमजीवी एक्सप्रेस में ऐसा कुछ नहीं हआ।

# निकाय चुनाव से पहले बदले जाएंगे कई आईएएस अफसर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**निकाय** चुनाव से पहले यूपी में बड़े पैमाने पर आईएएस अफसरों के तबादले किए जा सकते हैं। इसमें पीसीएस से प्रमोशन पाए आईएएस अफसर को नई जिम्मेदारी दी जा सकती है। साथ ही जिलों में कई डीएम की परफार्मेंस के आधार पर उनको सचिवालय में तैनाती देते हुए कई अधिकारियों को फील्ड में तैनाती दी जाएगी। नियुक्ति विभाग में मंगलवार और बुधवार को दो दिन लगातार बैठकों का दौर जारी रहा। सूत्रों की मानें तो शासन स्तर के कुछ वरिष्ठ आईएएस अफसरों की जिम्मेदारियां कम की जा सकती हैं। कुछ अफसरों के पास जरूरत से अधिक काम है। प्रदेश में दिसंबर में निकाय चुनाव होना है। इसके लिए नवंबर के आखिरी सप्ताह तक अधिसूचना जारी होने की संभावना जताई जा रही है। चुनावी प्रक्रिया करीब एक माह तक चलेगी। इस बीच अधिकारियों के तबादले नहीं हो पाएंगे। कई विभागाध्यक्षों ने सचिव और विशेष सचिव की मांग की है। कुछ अफसर प्रमोशन पाने के बाद भी उन्हीं पदों पर काम कर रहे हैं। इसके अलावा मंगलवार को प्रदेश के 17 पीसीएस अफसर आईएएस बने हैं। इसीलिए इन्हें इनके पद के अनुरूप काम दिया जाना है। इसके अलावा कई जिलों के डीएम की कार्यप्रणाली पर भी उंगलियां उठी हैं।

शासन स्तर पर भी कुछ अफसरों को जो जिम्मेदारियां दी गई हैं वे उसके अनुरूप काम नहीं कर पा रहे हैं। कुछ विभागों के मंत्रियों से भी अपर मुख्य सचिव व प्रमुख सचिव की नहीं बन पा रही है। यह मामला मुख्यमंत्री तक पहुंचा है। इसीलिए यह माना जा रहा है कि जल्द ही आईएएस अफसरों के व्यापक पैमाने पर तबादले होंगे। सचिव व विशेष सचिव का काम शासन में देख रहे अफसरों को मंडलायुक्त और डीएम की जिम्मेदारी मिल सकती है। प्रदेश में मौजूदा समय वर्ष 2014 बैच के आईएएस को डीएम बनाया जा रहा है।

# यूपी में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल: अखिलेश

- डेंगू के खतरे से भाजपा सरकार अनजान बनी हुई है: सपा प्रमुख

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। प्रदेश में डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है। अब तक इससे कई मौंते हो चुकी हैं। कई हजार डेंगू केस दर्ज किए जा चुके हैं। अस्पतालों में बीमारों की कतारें लगी हुई है। बुखार, उल्टी, दस्त के बीमार बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं। दिल के मरीजों की देखभाल भी ठीक से नहीं हो पा रही है। ठण्ड की शुरूआत में ही प्रदेश में मरीजों का हाहाकार मचना शुरू हो गया है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने कोरोना काल में जिस तरह लोगों को अनाथ छोड़ दिया था, वही रवैया इन दिनों भी दिखाई पड़ रहा है। मुख्यमंत्री को निर्देश पर निर्देश देने का शौक है तो स्वास्थ्य मंत्री को छापेमारी से फुर्सत नहीं है। लेकिन इस सबके कोई नतीजे नजर नहीं आते हैं। सरकारी अस्पतालों में हालत वही ढाक के तीन पात वाली दिखती है। उन्होंने कहा कि डेंगू के खतरे से भाजपा सरकार जिस तरह जानकर भी अनजान बनी हुई है वह खतरनाक स्थिति है। चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि डेंगू वायरस के शिकार मरीज को दूसरा स्ट्रोक बेहद खतरनाक साबित होगा। इस सबसे नागरिकों में दहशत फैल रही है। जगह.जगह कूड़े के ढेर हैं। अस्पतालों में मरीजों के प्रति लापरवाही हो रही है। उससे लोग आतंकित हैं। उनमें सरकार के प्रति गहरा असंतोष पैदा हो रहा है। अखिलेश ने कहा कि एक हकीकत यह भी है कि जहां-जहां भाजपा के मेयर, चेयरमैन हैं वहीं पर हालात ज्यादा बिगड़े हुए हैं। अखिलेश ने कहा कि सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री जो स्वास्थ्य मंत्री भी हैं। जमीनी हकीकत पर उनका ध्यान नहीं जाता है। पता नहीं मुख्यमंत्री की मशहूर इलेवन और नाइन टीमें कहां गई और इलाज तथा दवा की व्यवस्था में इतनी ढील क्यों हो रही है, उनको अब जीवन रक्षक दवाओं की आपूर्ति और अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी दूर करने की सुध आ रही है जब हालात बेकाबू होने को है।

## सपा प्रतिनिधिमण्डल आज बदायूं व कल जाएगा कानपुर

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का 9 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल 3 नवम्बर गुरूवार को ग्राम सथरा जनपद बदायूं जायेगा। उसावा के पूर्व प्रमुख व सदस्य जिला पंचायत राकेश गुप्ता, उनकी पत्नी शारदा गुप्ता व उनकी मां शान्ति देवी की उनके घर में घुसकर बर्बरता पूर्ण तरीके से हत्या की जानकारी एवं शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने हेतु प्रतिनिधि मण्डल जाएगा। प्रतिनिधि मण्डल से सदस्य हैं धर्मेन्द्र यादव पूर्व सांसद, विमल कृष्ण अग्रवाल पूर्व मंत्री, मौलाना यासीन उस्मानी राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी अल्पसंख्यक सभा, प्रेमपाल सिंह पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी बदायूं, आशीष यादव पूर्व विधायक, आशुतोष मौर्य उर्फ राजू विधायक, ब्रजेश कुमार विधायक, हिमांशु सिंह विधायक एवं कैप्टन अर्जुन पूर्व प्रत्याशी दातागंज। इसके साथ ही सपा को दूसरा 6 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल शुक्रवार 4 नवम्बर को ग्राम सुजान निवादा थाना शिव सत्य नारायण सविता, जो बीएसएफ में निरीक्षक के पद पर कार्यरत थे, की तैनाती स्थल पर मृत्यु की जानकारी एवं शोकाकुल परिवार से मिलकर उन्हे सांत्वना देने हेतु प्रतिनिधि मण्डल जाएगा।

# डेंगू को लेकर कांग्रेस के पूर्व एमएलसी ने डिप्टी सीएम को लिखा पत्र

**लखनऊ।** प्रदेश में बढ़ते डेंगू के मामलों को लेकर कांग्रेस के पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को पत्र लिखा है। जिस पर उन्होंने कहा है कि सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश को डेंगू ने कोविड की भांति अपने आगोश में ले रखा है जिसका नतीजा यह है कि अब उत्तर प्रदेश के अस्पतालों में जगह नहीं बची हैंए प्राइवेट अस्पतालों में बेड के लिए सिफारिशें करनी पड़ रही हैं। लगभग 1 महीने से रोज डेंगू के मरीज और मौत के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैंए यदि आप चाहें तो पूर्व की भांती अस्पतालों का निरीक्षण कर दु:खद मंजर देख सकते हैं। इसके लिए सरकार द्वारा और कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। इस लापरवाही से डर लग रहा की इस महामारी से कोविड-19 की भांति अफरातफरी का माहौल न बन जाए, जिससे भविष्य में निजी और सरकारी कार्य भी प्रभावित होने लगे।

# डिजिटल के जरिए घर बैठे गन्ना विपणन से संबंधित जानकारियां पा रहे किसान: संजय आर. भूसरेड्डी

**लखनऊ।** आयुक्त गन्ना एवं चीनी संजय आर. भूसरेड्डी ने कहा कि भारत सरकार का डिजिटल इंडिया कार्यक्रम भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज एवं ज्ञान पर आधारित अर्थव्यवस्था में बदलने का एक प्रमुख कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा डिजिटल क्रांति के माध्यम से प्रदेश की छवि बदलने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीक के प्रसार का संकल्प लेने का ही प्रतिफल है कि आज यूपी के गन्ना किसान स्मार्ट एवं हाईटेक हो रहे हैं तथा इण्टरनेट एवं स्मार्ट फोन के माध्यम से अपनी गन्ना विपणन से संबंधित जानकारियां घर बैठे प्राप्त कर रहे हैं। डिजिटल क्रांति का यह युग समाज के सभी क्षेत्रों को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है। कृषि क्षेत्र में लगातार डिजिटल समाधानों की मांग की जा रही है। नवाचार सेवाओं के माध्यम से गन्ना किसानों को सही समय पर सूचना उपलब्ध कराना गन्ना विकास विभाग का ध्येय है, इसी ध्येय की पूर्ति करने, पारदर्शिता स्थापित करने एवं गन्ना किसानों की गन्ना आपूर्ति संबंधी व्यवस्था को सुगम बनाये जाने के दृष्टिगत विभाग द्वारा पेराई सत्र 2022-23 हेतु एसएमएस के माध्यम से गन्ना पर्ची किसानों के मोबाईल पर प्रेषित की जा रही हैं। गन्ना आयुक्त ने गन्ना कृषकों से अपील की है कि वह वेव साईट पर पंजीकृत अपने मोबाईल नम्बर की जांच कर लें अगर मोबाईल नम्बर गलत है तो अपने गन्ना पर्यवेक्षक के जरिए अथवा समिति सचिव से सम्पर्क कर सही मोबाईल नम्बर अपडेट करा लें। उन्होंने कहा कि मोबाईल में एसएमएस इन्बॉक्स भरा होने, मोबाईल स्विच ऑफ होने, नेटवर्क क्षेत्र से बाहर होने की स्थिति या फिर डीएनडी एक्टिवेट होने पर एसएमएस पर्ची का सन्देश 24 घण्टे बाद स्वत: निरस्त हो जायेगा। जिसके कारण गन्ना किसानों को अपनी गन्ना पर्ची की जानकारी प्राप्त नहीं हो पायेगी, इसलिये सभी किसान भाईयों से अनुरोध है कि वह समय से पर्ची प्राप्त करने के लिये मोबाईल को चार्ज रखें।

# ईकाना स्टेडियम में 4 से 6 नवम्बर तक आर्किटेक्ट्स का लगेगा जमावड़ा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वास्तुविद** संघ के त्रिदिवसीय सम्मेलन आविर्भाव 2022 का आयोजन 4 से 6 नवम्बर को लखनऊ के ईकाना स्टेडियम में होगा जिसमें दुनिया भर के आर्किटेक्ट्स शामिल होंगे। जहां आम आदमी को घर बनाने और निर्माण कार्य में गुणवत्ता साधने के बारें में जानकारी मिलेगी। लखनऊ आर्किटेक्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत पाल ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि सम्मलेन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त करने में निर्माण उद्योग एवं वास्तुविदो की भूमिका पर चर्चा करना है। इस सम्मेलन में देश व प्रदेश के विभिन्न भागों से 2000 से ज्यादा वास्तुविदो व सम्बंधित विशेषज्ञ सम्मिलित होंगे। इसके साथ ही समाज के निर्माण एवं जनजीवन के विभिन्न क्षेत्रों संस्कृति, पर्यटन, धरोहर, चिकित्सा, शिक्षा, खेल-कूद इत्यादि में वास्तुविदो के योगदान पर चर्चा होगी। इस त्रिदिवसीय सम्मेलन में एक निर्माण प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जा रहा है।

# यीडा ने मेडिकल डिवाइस व टॉय इंडस्ट्री पार्क के लिए आयोजित किया रोड शो

## इकाईयों को पूंजीगत ब्याज सब्सिडी के साथ ही दी जाएगी कई सुविधाएं: नंदी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यमुना** एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यीडा द्वारा विकसित किए जा रहे मेडिकल डिवाइस एवं टॉय इंडस्ट्री के विकास के लिए नई दिल्ली में रोड शो आयोजित किया। कार्यक्रम में देश की विभिन्न औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिन्होंने यमुना अथॉरिटी द्वारा डेवलप किए जा रहे मेडिकल डिवाइस और टॉय पार्क में अपनी इकाई स्थापित करने पर सहमति जताई।

प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि मोदी-योगी के नेतृत्व में उप्र लगातार औद्योगिक विकास के नए आयाम को छू रहा है। प्रदेश सरकार 25 करोड़ प्रदेशवासियों की खुशहाली व समृद्धि के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। पीएम मोदी के मूल मंत्र रिफार्म, ट्रांसफार्म पर प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। इंडस्ट्री को क्या-क्या सुविधाएं दे सकते हैं, क्या-क्या




सरलीकरण किया जा सकता है इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। उत्तर प्रदेश अब सर्वोत्तम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बननान के लिए सभी विभाग एकजुट होकर काम कर रहे हैं। जल्द ही नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी लागू होने जा रही है जो पूरे विश्व को आकर्षित करेगी निवेश के लिए। उन्होंने कहा कि आगामी 10, 11, 12 फरवरी को लखनऊ में ग्लोबल इनवेस्टर समिट का आयोजन किया जा रहा है। जिसके जरिये उत्तर प्रदेश में दस लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उत्तर प्रदेश फूड पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, टॉय पार्क डिजिटल पार्क के हब के रूप में विकसित हो रहा है। यीडा द्वारा विकसित किए जा रहे मेडिकल डिवाइस पार्क के प्रथम चरण में 37 मेडिकल डिवाइस बनाने वाली औद्योगिक इकाईयों को भूखंड आवंटित किए गए हैं। मेडिकल डिवाइस पार्क में स्थापित होने वाली इकाईयों को पूंजीगत ब्याज सब्सिडी, एसजीएसटी प्रतिपूर्ति, ईपीएफ प्रतिपूर्ति, शून्य अपशिष्ट प्रोत्साहन, कौशल विकास, पेटेंट फाइलिंग शुल्क, गुणवत्ता प्रमाणन, स्टाम्प ड्यूटी में छूट की सुविधा दी जाएगी। यीडा द्वारा सेक्टर 33 में टॉय पार्क विकसित किया जा रहा है। विश्व में खिलौना उत्पादन का मार्केट सात लाख करोड़ का है। जिसमें भारत की हिस्सेदारी अन्य देशों की अपेक्षा कम है। वर्ष 2014 में खिलौना उद्योग में भारत की भागीदारी 774 करोड़ थी जो कि वर्ष 2022-23 में 3.3 गुना बढ़ कर 2587 करोड़ पहुंच चुकी है। आने वाले समय में भारत विश्व के खिलौना उत्पादन में एक अग्रणी भूमिका निभा सके, इसके लिए यह रोड शो खिलौना उत्पादन बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, भारत सरकार के ज्वाइंट सेक्रेटरी एन युवराज सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार जीएन सिंह, प्रदेश सरकार की अपर मुख्य सचिव अनीता सिंह, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरणके सीईओ अरुणवीर सिंह एवं विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधिगण एवं प्राधिकरण के अधिकारीगण मौजूद रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 3 नवंबर, 2022



## तीन जिलों के बदमाशों को सीतापुर में पुलिस ने पकड़ा

# लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा के अभियुक्तों को बिसवां पुलिस ने धरदबोचा

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर की** पुलिस को बड़ी सफलता मिली है, बिसवां कोतवाली पुलिस ने तीन अन्तर्रजनपदीय अभियुक्तों को धर दबोचा है। अभियुक्तों के पास से मोबाइल फोन, अवैध असलहा, कारतूस समेत अन्य सामान भी बरामद हुआ है। यह अन्तर्रजनपदीय गिरोह के अभियुक्त बाराबंकी, गोंडा, लखनऊ के रहने वाले है। इनके कब्जे से दो मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल के तोड़े गए नंबर प्लेट व रिंच, सादी नंबर प्लेट, एक तमंचा 12 बोर व कारतूस, एक चाकू बरामद किया गया है, अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गयी है। प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह ने बताया

**● अन्तर्राजनपदीय गिरोह को घेराबंदी कर कोटरा पुल के पास पुलिस ने दबोचा**

**●बदमाशों के पास से मोटर साईकिल, मोबाइल फोन, तंमचा समेत अन्य सामान हुआ बरामद**

मोटरसाइकिल की लूट के सम्बन्ध में बिसवां थाना पर मुकदमा पंजीकृत था, मुखबिर ने सूचना दी कि मोटरसाइकिल लूटने वाले लुटेरे मोटरसाइकिल के साथ कोटरा पुल मार्ग से आ रहे हैं, सूचना मिलते ही पुलिस ने कोटरा पुल के पास घेराबंदी कर अभियुक्तों को धर दबोचा, जिसमें कौशल कुमार पुत्र राजपाल सिंह निवासी हाजीपुर थाना घुंघटेर जिला बाराबंकी व विष्णु प्रताप सिंह पुत्र उदय प्रताप सिंह निवासी बाबागंज थाना इटिया थोक गोंडा व जितेन्द्र उर्फ़अनूप पुत्र राजेश कुमार निवासी सूर्या विहार फेस 2 चिनहट लखनऊ के रहने वाले है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हरिप्रकाश यादव, हेड कांस्टेबल दीपक वर्मा व ब्रिजेन्द्र बहादुर सिंह व रामप्रताप यादव व कांस्टेबल अमित मिश्रा मुख्य रूप से शामिल रहे। पुलिस की इस सफलता के बाद मीडिया से सीओ बिसवां अभिषेक प्रताप अजेय ने मीडिया को जानकारी दी।

# अवैध शराब बनाने दंपति को पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने किया गिरफ्तार




**निघासन.खीरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद स्तर पर चलाये जा रहे वांछित वारंण्टी संदिग्धों की गिरफ्तारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान यादव के कुशल पर्यवेक्षण में अवैध कच्चीं अपमिश्रित शराब बनाते हुए पति पत्नी को गिरफ्तार किया गया।एक सौ पचास लीटर लहन को नष्ट करते हुए बीस लीटर शराब व दो सौ पचास ग्राम यूरिया बरामद की गयी।

तेजतर्रार कोतवाल चंद्रभान यादव व आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव की पुलिस की संयुक्त टीम की छापेमारी के दौरान अभियुक्त दिलेराम उर्फ छन्नू पुत्र फूलचंद व इनकी पत्नी संगीता निवासी चिडीमारनपुरवा मजरा रकेहटी जो गांव के दक्षिण गन्नें के खेत में अवैध कच्चीं अपमिश्रित शराब बनाते हुए धर दबोचे गये अभियुक्तों की जामातलाशी से एक प्लास्टिक की पिपिया में बीस लीटर शराबएदो सौ पचास ग्राम यूरिया को बरामद करते हुए एक सौ पचास लीटर लहन व प्रयोग किये जा रहे बर्तनों ड्रम आदि को मौके पर नष्ट किया गया।तथा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत धारा 60;2 व आबकारी अधिनियम 272 के तहत अभियोग पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला मुख्यालय भेजा गया हैं।अभियुक्त दिलेराम पर पहले से कोतवाली में संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हैं।पति पत्नी की गिरफ्तारी अभियान में उपनिरीक्षक ओमप्रकाश सरोज महिला कांस्टेबल मंजू देवी कांस्टेबल योगेन्द्र कुमार कौशल कुमार आबकारी कांस्टेबल विजय कुमार सिंह उमेश कुमार शामिल रहे।

## क्विक न्यूज

### बेहटा ब्लाक पांच माह से लाभार्थियों को नहीं मिला पोषाहार बीडीओ से शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**तंबौर सीतापुर।** गर्भवती महिलाओं और बच्चों को मिलने वाले पोषाहार पर डाका डाला जा रहा है। महिलाओं को बीते पांच माह से पोषाहार नहीं मिल पाया है। ताजा मामला ब्लाक बेहटा की ग्राम पंचायत रोहा चांदीखेरा का प्रकाश में आया है। यहां कि महिला लाभार्थियों का आरोप है कि उन्हें पोषाहार देने में आंगनबाड़ी कार्यकत्री आनाकानी करती है। यही नहीं उनपर तरह-तरह षब्दों से कटाक्ष भी किया जाता है। गाँव की सताना पत्नी अवधेश कुमार सहित तमाम महिलाओं ने बीडीओ आत्मप्रकाश रस्तोगी को प्रार्थना पत्र देकर आंगनबाड़ी रामदुलारी पत्नी बच्चूलाल मौर्या पर आरोप लगाते हुवे बताया कि आगनबाड़ी ने गर्भवती महिलाओं का पोषाहार व सरकारी स्कूल में पढ़ रहे बच्चों का पोषाहार पिछले 5 माह से नहीं दिया। जब पोषाहार लेने महिलाएं जाती है तो आंगनबाड़ी के पति बच्चूलाल मौर्य धमकाते हैं। सुनीता, काजल, रागनी, नीशू मोर्य, पूजा देवी, सुघरा, किरन, राजरानी, फूलमती, सोहनी, सताना, मनोरंजनी मौर्या आदि ने पायिनयर को जानकारी दी।

### हुतात्मा दिवस पर विहिप, बजरंगदल द्वारा किया गया रक्तदान

**सीतापुर।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल द्वारा घायल कारसेवकों रक्त न मिलने के कारण शहीद हो गए थे । विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के माध्यम से प्रत्येक वर्ष 2 नवंबर को हुतात्मा दिवस का कार्यक्रम मनाता है जिसमे रक्तदान शिविर का आयोजन सम्पूर्ण देश भर में किया जाता है ताकि रक्त की कमी से किसी की जान न जाने पाए । आज सीतापुर के जिला अस्पताल के रक्त कोष में लगाए गए कैंप की शुरुआत विभाग अध्यक्ष विपुल सिंह ने की । उन्होंने बताया की रक्तदान करना हर स्वास्थ्य मनुष्य के लिए आवश्यक है रक्तदान से कई प्रकार की बीमारियां नही होती। रक्तदान करने में सफीक ,सूरज , हिमांशु, समर्थ, दीपक, गौरव, ध्रुव, राजू लाला, उत्तम , श्याम बहादुर चतुर्वेदी, अभिषेक तिवारी आदि ने रक्तदान किया । शिविर में प्रांत सह संयोजक उत्तम सिंह, जिला अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष आकाश बजरंगी , जिला कार्याध्यक्ष प्रदीप सिंह, नगर अध्यक्ष प्रमोद सिंह , साहिल ठाकुर आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिला चिकित्सालय का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी।** सीएमओ डॉ अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी द्वारा जिला चिकित्सालय ओयल मोतीपुर का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान वहां पर अनाधिकृत रूम से घूम रहे दो युवकों को पकड़ा गया। सीएमओ डॉ अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली थी कि कुछ युवक डॉक्टरों के मना करने के बावजूद अस्पताल में अनाधिकृत रूप से मरीजों से वसूली कर रहे हैं। इसे लेकर बुधवार को उनके द्वारा भ्रमण किया गया। इस दौरान दो युवकों को पकड़ा गया जिन्हें फ्लिहाल हिदायत देकर छोड़ दिया गया है और उन्हें चेतावनी दी गई कि भविष्य में अगर ऐसा करते हुए पकड़े गए तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# रोट्रेक्ट क्लब गोला यूथ एवं रोटरी क्लब ने आयोजित की शतरंज प्रतियोगिता

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ.खीरी

**नगर के** सीजीएनपीजी कॉलेज में रविवार को डॉक्टर श्रीचंद्र मेमोरियल शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन रोट्रेक्ट क्लब गोला यूथ एवं रोटरी क्लब द्वारा किया गया। जिसमें नगर समेत आस.पास के जनपदों के खिलाड़ियों ने भी प्रतिभाग किया। कल देर शाम तक चले इस मुकाबले में कुल पांच राउंड हुए जिनमें प्रत्येक राउंड एक घंटे का रहा। प्रतियोगिता में त्रिवेणी बाजपेई ने प्रथम विजय मौर्या ने द्वितीय एवं शादाब ने तृतीय पुरुस्कार प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त चतुर्थ पंचम सहित ग्यारह पुरुस्कार क्रमशः प्रांशू श्रीवास्तव मंजीत सिंह उमेश वर्माए चंद्र प्रकाश मिश्रा अभिनय श्रीवास्तव फ्रीद खानए धर्मेंद्र शुक्लाए हेमंत वर्मा में वितरित किए गए।कार्यक्रम में तीन कैटेगरी

**● प्रतियोगिता में त्रिवेणी बाजपेई ने प्रथम विजय मौर्या ने द्वितीय एवं शादाब ने तृतीय पुरुस्कार प्राप्त किया**

पुरुस्कार भी वितरित किए गएए जिसमें सीनियर प्लेयर के रूप में लखीमपुर के कृष्ण मुरारी वर्माए यंगेस्ट प्लेयर यशप्रकाश मिश्रा एवं बेस्ट फीमेल प्लेयर अभूति शेखर को माल्यार्पण करके एवं नकद पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर के वरिष्ठ समाजसेवी व व्यवसायी केशव अग्रवाल नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवालए कार्यक्रम अध्यक्ष सीजीएनपीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो ?सर पंकज सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम प्रायोजक डॉक्टर विवेक वर्मा एवं डॉक्टर अभिलाषा वर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों ने सभी सफ्ल खिलाड़ियों का नकद पुरस्कार व प्रमाणपत्र देकर उनका मनोबल बड़ाया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब गोला के अध्यक्ष डॉक्टर योगेश कनौजिया सचिव प्रमोद वर्माए पूर्व अध्यक्ष आदर्श सोनी एवं रोट्रेक्ट क्लब गोला यूथ से अध्यक्ष पटेल सुशील वर्मा सचिव फ्रीद अहमद कोषाध्यक्ष ठाकुर गौरीश सिंह के साथ.साथ रोट्रेक्टर आनंद प्रताप सिंह आदेश वर्मा आशुतोष विश्वास दिवाकर यादव हर्षित गुप्ता अनूप यादव कुलदीप तिवारी सूचित वर्मा अनुराग वर्मा ऋषिकेश पांडेय अभिषेक वर्मा डॉ देवराज वर्मा गौरव राजपूत आशुतोष विश्वास रिशु माहेश्वरी एवं कार्यक्रम प्रभारी कर्म सिंह सहित नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद पांडेय मौजूद रहे।

# अपने प्राणों की आहुति देकर सती यज्ञ कुंड में समाई

**निघासन.खीरी।** श्री रूद्र महायज्ञ एवं मानस संत सम्मेलन में वक्ता अयोध्या से पधारे प्रशांत महाराज ने सती चरित्र की कथा सुनाई। हनुमानग ?ी मंदिर प्रांगण मे हो रहे श्री रूद्र महायज्ञ एवं संत सम्मेलन का भव्य आयोजन पंडित पिंकू शुक्ला की अध्यक्षता में किया जा रहा है। जिसमें अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास पंडित प्रशांत महाराज ने प्रवचन के माध्यम से सती चरित्र का वर्णन किया महाराज श्री ने बताया सती के पिता दक्ष जी ने बाबा भोलेनाथ का अपमान करने के लिए यज्ञ का कार्यक्रम रखा देवताओं को आमंत्रण देकर यज्ञ में बुलाया सभी को बुलाकर सभी का भाग दिया इस बारे में जब मां सती को पता चला कि हमारे पिता ने यज्ञ का कार्यक्रम रखा है तो सती भोलेनाथ से जाने की आज्ञा लेने पहुंची मगर भोलेनाथ सती को समझाते हुए कहा बिना निमंत्रण के किसी के यहां जाना उचित नहीं।लेकिन मां सती के हठ से



भगवान भी मजबूर हो गए।

तभी भोलेनाथ ने कहा आप का मन है तो आप अपने मायके जा सकती है। मां सती पिता के यहां पहुंच कर यज्ञ मंडप में प्रवेश किया तभी देखा कि सभी देवताओं का भाग निकाला गया है मगर भूत भवन में भोलेनाथ का कहीं भाग नहीं है यह देखकर मां सती को बहुत ही दु:ख हुआ सती ने रुष्ट होकर यज्ञ कुंड में अपने प्राणों की आहुति दे दी।कथा सुनकर भक्त गण भाव विभोर हुए श्री रूद्र महायज्ञ जिसका तीसरे दिन की प्रात: काल बेला में वेदी पूजन अरणी मंथन द्वारा अपने भगवान का प्रादुर्भाव हवन का कार्य यज्ञ आचार्य पंडित हिमांशु शुक्ल महाराज के द्वारा पूजन का कार्य सुचारू रूप से वैदिक ब्राह्मणों द्वारा आचार्य कृष्णानंद महाराज पंडित अंकित मिश्र द्वारा संपन्न हुआ।

# शुद्ध पानी के लिए तरस रहे खैराहनी के ग्रामीण

**● ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा लीकेज को नहीं बंद करवा रहा है जिससे हम लोगों को कीड़ेयुक्त गंदा पानी पीने को विवश होना पड़ रहा है**

संवाददाता। निघासन.खीरी

**ठेकेदार की** मनमानी के चलते ग्रामीण गंदा तथा कीड़ा युक्त पानी पीने को मजबूर हैं। लीकेज बंद न होने से लोगों के घरों में कीड़े तथा जोंक भी पानी में निकल रही है। पानी में कीड़े निकलने से ग्रामीणों में काफी गुस्सा है। निघासन ब्लॉक के खैरहनी गांव में लोगों को टंकी का गंदा पानी मिल रहा है। जिसमें



कीड़े तथा जोंक भी निकल रही है। खैरहनी के सुशील कुमार गुप्ता के यहां जोक निकलने से ग्रामीणों में गुस्सा पनप रहा है। सुशील कुमार का कहना है कि जब टंकी निर्माण हुआ था तो लोगों को यह आशा थी कि शुद्ध पानी पीने को नसीब होगा। लेकिन ठेकेदार की मनमानी से लीकेज बंद न होने से लोगों को गंदा कीड़े वाला पानी पीना पड़ रहा है। गंदे पानी के साथ कीड़े व जोंक भी निकल रही हैं। अखिलेश गुप्ता का कहना है कि इस तरह के पानी से लोगों में बीमारियां पनप रही है। तीन दिन पहले श्याम बिहारी के यहां भी टंकी के पानी से जोक निकली थी लेकिन तब लोगों ने उसे नजरअंदाज कर दिया था। लेकिन जब दूसरी बार सुशील कुमार गुप्ता के यहां टंकी के पानी से जोंक निकली तो लोगों में गुस्सा पर पनपने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा लीकेज को नहीं बंद करवा रहा है जिससे हम लोगों को कीड़ेयुक्त गंदा पानी पीने को विवश होना पड़ रहा है। गांव के ही ओम प्रकाश गुप्ताए वेद प्रकाश गुप्ता तथा धर्मेंद्र गुप्ता ने ठेकेदार द्वारा लीकेज बंद कर शुद्ध पानी देने की मांग की है।

# डीएम ने दी मतदाता फोटो पहचान पत्र के 12 विकल्पो की जानकारी

**लखीमपुर खीरी।** जिला निर्वाचन अधिकारीध्डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 139 गोला गोकरणनाथ के लिए उपनिर्वाचन 2022 के लिए 03 नवंबर वोटिंग होगी। मतदान दिवस के दिन मतदान स्थल पर अपना मत डालने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाना होगा। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैंए उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आयोग द्वारा नियत 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा।

**● वोटर आईडी के अलावा 12 वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र दिखाकर डाले जा सकेंगे वोट**

### यह है वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज

आधारकार्ड मनरेगा जॉब कार्ड बैंको डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्डए ड्राइविंग लाइसेन्सए पैन कार्डए एनपीआर के तहत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्टकार्डए भारतीय पासपोर्ट फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज केन्द्र राज्य सरकार लोक उपक्रम पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्रए और सांसदो विधायकों विधान परिषद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र यूनिक डिसएबिलिटी आईडी यूडीआईडी कार्ड सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालयए भारत सरकार।

# एसडीएम ने बैठक में सभी बीएलओ को दिए निर्देश



**मोहम्मदी.खीरी।** उप जिलाधकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि नगर पंचायत बरवर व नगर पालिका परिषद मोहम्मदी मे 20 अक्टूबर से मतदाता सूची का पुनरीक्षण का कार्य चल रहा था। इसमें बीएलओए सुपरवाइजर सेक्टर अधिकारी मोहम्मदी और बरवर मे नियुक्ति किए गए थे। निर्वाचकों के लिए निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 31 अक्टूबर को कर दिया गया है। बीएलओ और सुपरवाइजर की बैठक की गई। जिसमें सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया है कि किसी मतदाता का नाम छूटा न रहे। अगर ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन होने के उपरांत अगर कोई व्यक्ति जो 01ध्01ध्2022 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैंए ऐसे कोई भी व्यक्ति मतदाता बनने से छुट गया है उन व्यक्ति से मतदाता सूची का निरक्षण करके 07 नवंबर तक दावे आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। अपने बीएलओ से भी अपना वोट वढवा सकते हैं। दावे आपत्तियों का निस्तारण 8 नवंबर से 12 नवंबर तक किया जाएगा। 18 नवंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। बैठक मे तहसीलदार अधिशासी अधिकारी बरवर तथा समस्त सुपरवाइजर उपस्थित रहे है।

# पेज एक का शेष

### वर्क फ्रॉम...

व पटाखे फोड़ने से परहेज करने की भी सलाह दी है। राय ने कहा कि प्रदूषण में अपना योगदान कम करने के लिए जो कुछ किया जा सकता है, वह मिलकर करें। आम लोगों ने अपील करते हुए पर्यावरण मंत्री ने कहा कि यदि कोई ग्रेप के तहत प्रतिबंधित कार्य कर नियमों का उल्लंघन कर रहा है, तो उसका फोटो खींच कर ग्रीन दिल्ली ऐप पर अपलोड कर दें। दिल्ली की वायु गुणवत्ता में मौसम की अपेक्षाकृत बेहतर परिस्थितियों के कारण बुधवार मामूली सुधार हुआ है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत आने वाली एक पूर्वानुमान एजेंसी सफर ने कहा कि अनुकूल परिवहन-स्तरीय हवा की गति के कारण दिल्ली के पीएम2.5 प्रदूषण में पराली जलाने की हिस्सेदारी बढ़कर 32 प्रतिशत हो गई। मौसम विशेषज्ञों ने कहा कि पिछले 24 घंटों में हवा की गति 8 किमी प्रति घंटे रही है। यह मध्यम रूप से अनुकूल रही और इसने प्रदूषकों को तेजी से जमा नहीं होने दिया। राजधानी का औसत एक्यूआई 376 (बेहद खराब) रहने के बावजूद आनंद विहार में एक्यूआई (422), बवाना (431), वजीरपुर (418), नरेला (406), विवेक विहार (405), पटपड़गंज (410), जहांगीरपुरी (422), सोनिया विहार (417), नेहरू नगर (406) और अशोक विहार (406) अंक पर रहा। मालूम हो कि 400 से ऊपर का एक्यूआई गंभीर श्रेणी में माना जाता है। यह पहले से बीमार ही नहीं, स्वस्थ लोगों को तो बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। मंत्री ने कहा कि सरकार नरेला, आनंद विहार, मुंडका, द्वारका और पंजाबी बाग सहित दिल्ली के अधिक प्रदूषण वाले 13 स्थानों पर विशेष अभियान चलाएगी।

### गहलोत की...

18 अन्य विधायकों ने गहलोत के खिलाफ बगावत की थी। इसके बाद कांग्रेस की अनुशासनात्मक समिति ने मंत्री शांति धारीवाल और महेश जोशी तथा पार्टी के नेता धर्मेंद्र राठौड़ को उनकी इस घोर अनुशासनहीनता के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया और उनसे 10 दिन के भीतर यह बताने के लिए कहा कि उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। पायलट ने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए अब केवल 13 महीने बचे हैं और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एआईसीसी विधायक दल की बैठक बुलाने सहित कोई भी फैसला जल्द करेगी। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि पार्टी जल्द ही उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगी जिन्हें सितंबर में अनुशासनहीनता के लिए नोटिस दिया गया था। पायलट ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक के समानांतर बैठक करने के मामले में पार्टी द्वारा नोटिस जारी किए जाने के मामले में जल्द कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, जहां पर अनुशासनहीनता पर कार्रवाई करने का सवाल है तो यह मल्लिकार्जुन खरगे, अजय माकन, केसी वेणुगोपाल जी के पूरे संज्ञान में है। उस पर भी जल्द कार्रवाई होगी। कांग्रेस नेता ने कहा, मैं ऐसा मानता हूं, जहां तक राजस्थान के बारे में फैसला किए जाने की बात है कि हमारे संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने खुद कहा था कि बहुत जल्द इस बारे में फैसला किया जाएगा कि भविष्य में क्या करना है।

### ईडी ने...

आसपास के क्षेत्रों में अवैध खनन कारोबार और क्षेत्रीय नौका परिवहन सेवाओं को नियंत्रित करता है। सोरेन झारखंड के साहिबगंज जिले की बरहैट विधानसभा सीट से विधायक हैं। जांच एजेंसी ने कहा, वह (मिश्रा) साहिबगंज में विभिन्न खनन स्थलों पर स्टोन चिप्स और बोल्डर के खनन के साथ-साथ विभिन्न क्रशर के संचालन से जुड़े मामलों में अच्छा-खासा नियंत्रण रखता है। आरोप पत्र में, ईडी ने कहा कि उसने एक सीलबंद लिफाफा बरामद किया जिसमें बैंक ऑफ इंडिया, साहिबगंज में श्री हेमंत सोरेन के नाम से एक पासबुक और दो हस्ताक्षरित चेक वाली दो चेक बुक थीं, जो इस नाम वाले खाते से संबंधित थे। एजेंसी ने आरोपपत्र में कहा कि ईडी द्वारा जब्त की गई अन्य वस्तुओं में अप्रैल 2019 से जून 2022 तक चिह्नित एक पीले रंग की फाइल शामिल है जिसमें हेमंत सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों के सभी बैंक विवरण शामिल हैं। ईडी के मुताबिक, धन शोधन से जुड़े इस मामले के सिलसिले में 47 तलाशी अभियान चलाए गए, जिनमें 5.34 करोड़ रुपए की नकदी, 13.32 करोड़ रुपए बैंक जमा राशि, 30 करोड़ रुपए मूल्य की नाव, पांच स्टोन क्रशर और दो ट्रक जब्त किए गए हैं।

### अयोग्य ठेकेदारों...

नहीं बदले गए थे और सिर्फ फ्लोरिंग बदली गई थी... फ्लोरिंग में चार परत एल्यूमिनियम की चादर लगाने के कारण पुल का वजन बढ़ गया और वजन के कारण तार टूट गया। अदालत को यह भी बताया गया कि मरम्मत का काम कर रहे दोनों ठेकेदार इस काम को करने की योग्यता नहीं रखते थे। अभियोजक ने कहा, इसके बावजूद, ठेकेदारों को 2007 में और फिर 2022 में पुल की मरम्मत का काम सौंप दिया गया।

### हादसे के...

कानून और वकीलों के साथ खड़ा होता है। लेकिन इससे दूर मोरबी बार एसोसिएशन अराजक भीड़ या खाप पंचायत की तरह काम कर रहा है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एम. जे. खान ने मंगलवार को गिरफ्तार किए गए चार आरोपियों को शनिवार तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। इनमें पुल की मरम्मत में शामिल ओरेवा समूह के दो प्रबंधक और दो उप-ठेकेदार शामिल हैं।

### विज्ञापन नहीं...

गए विभिन्न कार्यों का भी उल्लेख किया। दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने भूमिहीन कैंप के पात्र लाभार्थियों को फ्लैट की चाबियां भी सौंपी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, दिल्ली के सांसद प्रवेश वर्मा, हर्षवर्धन, मीनाक्षी लेखी सहित कई अन्य नेता व मंत्री भी मौजूद थे। पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि दशकों तक देश में जो व्यवस्था थी, उसमें यह सोच बन गई थी कि गरीबी केवल गरीब की समस्या है। आज देश में जो सरकार है, वह गरीब की सरकार है। इसलिए वह गरीब को उनके हाल पर नहीं छोड़ सकती। आज देश की नीतियों एवं निर्णयों के केंद्र में गरीब हैं। प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों से इस अवसर पर अपने घरों में एलईडी बल्ब का ही उपयोग करने, पानी और बिजली बचाने तथा अपने इलाकों को स्वच्छ व सुंदर रखने की अपील की। मोदी ने कहा कि बहुत ही जल्द यहां रह रहे दूसरे परिवारों को भी गृह प्रवेश का मौका मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भारत सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास दिल्ली को आदर्श शहर बनाने में बड़ी भूमिका निभाएंगे। सभी के लिए आवास उपलब्ध कराने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा 376 झुग्गी-झोपड़ी क्लस्टरों में यथास्थान झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास का कार्य किया जा रहा है।

### जस्टिस चंद्रचूड़...

तो पीठ ने कहा कि वह याचिका पर बुधवार को ही 12:45 बजे सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति ललित ने कहा, मेरे भाई (न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट) और बहन (न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी) के लिए मामले से जुड़े दस्तावेज लाए जाएं। हम आज ही अपराह्न पौने एक बजे के लिए मामले को सूचीबद्ध करेंगे। संक्षिप्त सुनवाई के दौरान वकील ने कोविड-19 से जुड़े मामले की सुनवाई का उल्लेख किया और आरोप लगाया कि एक वरिष्ठ वकील के पेश होने पर एक याचिका को सम्बद्ध करने की अनुमति दी गई थी, जबकि इसी तरह की राहत एक कनिष्ठ वकील को अस्वीकार कर दी गई थी। पीठ ने कहा, क्षमा करें श्रीमान, हमें इसमें कोई तथ्य नजर नहीं आता। जब वकील ने बहस के लिए अपराह्न का समय मांगा तो पीठ ने अनुरोध को यह कहते हुए ठुकरा दिया, आप जो कुछ भी बहस करना चाहते हैं, अभी बहस करें। पीठ ने वकील को न्यायिक आदेश से संबंधित आरोप लगाने से रोक दिया और बाद में याचिका खारिज कर दी। इससे पहले भी, भारतीय विधिज्ञ परिषद और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) जैसे बार निकायों ने वरिष्ठतम न्यायाधीश चंद्रचूड़ के अपमान की कड़ी निंदा की थी और उनके खिलाफ पद के दुरुपयोग के आरोप को ऐसे समय उनकी छवि खराब करने वाला करार दिया था, जब उन्हें सीजेआई के रूप में पदोन्नत करने पर विचार किया जा रहा था। बार निकायों ने न्यायाधीश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट एंड हाई कोर्ट लिटिगेंट एसोसिएशन द्वारा भारत के राष्ट्रपति और अन्य से की गई शिकायत खारिज कर दी थी। नामित प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ को नौ नवंबर को भारत के 50वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ लेनी है।

# कांग्रेस ने केवल भाई-भतीजावाद को आगे बढ़ाया: शाह

● गृह मंत्री ने मतदाताओं से एक बार फिर भाजपा को चुनकर बार-बार सरकार बदलने की परंपरा को तोड़ने का आग्रह किया

**भाषा।** नादौन/धर्मशाला



**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह** ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यह राजाओं और रानियों की पार्टी है तथा हिमाचल प्रदेश में भले ही उसकी ओर से मुख्यमंत्री पद के कई चेहरे हों लेकिन हकीकत में किसी को मौका नहीं मिलेगा। शाह ने नादौन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर चौतरफा हमला किया और कहा कि इसने केवल भाई-भतीजावाद को आगे बढ़ाया है तथा विकास के नाम पर कुछ नहीं किया है। गृह मंत्री ने राज्य के इस क्षेत्र में मतदाताओं को लुभाने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक, एअर स्ट्राइक, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, एक रैंक, एक पेंशन लागू करने और कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का भी जिक्र किया। राज्य में 12 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। शाह ने मतदाताओं से हिमाचल प्रदेश को देश का नंबर एक राज्य बनाने के लिए एक बार फिर भाजपा को चुनकर बार-बार सरकार बदलने की परंपरा को तोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने अगले पांच साल में राज्य को नशामुक्त बनाने का भी वादा किया। वह नादौन में भाजपा प्रत्याशी विजय अग्निहोत्री के समर्थन में प्रचार कर रहे थे।

नादौन से कांग्रेस उम्मीदवार का जिक्र करते हुए कहा, कांग्रेस के पास विकास के नाम पर कहने के लिए कुछ नहीं है और हिमाचल प्रदेश में कुछ सीट जीतने के लिए उसने आठ से 10 सीट पर उम्मीदवारों को मुख्यमंत्रमंत्री पद का उम्मीदवार बताया है। यहां भी मुख्यमंत्री पद का आकांक्षी है। लेकिन वह नहीं जानता कि वह कांग्रेस में मुख्यमंत्री नहीं बनेगा, क्योंकि मुख्यमंत्री बनने के लिए किसी का बेटा या बेटी होना जरूरी है और आपका नंबर कभी नहीं आएगा। गृह मंत्री ने कहा, यह (कांग्रेस) राजाओं और रानियों की पार्टी है तथा किसी को भी मौका नहीं मिलेगा। क्या लोकतंत्र में राजाओं-रानियों के लिए जगह है.... और लोकतंत्र में केवल उन्हें ही जगह मिलती है जो लोगों के कल्याण के लिए काम करते हैं तथा हमने यहां एक ऐसा उम्मीदवार उतारा है जिसने विधायक न होने के बावजूद आपकी सेवा करना जारी रखा है। शाह ने उन बहादुर माताओं के प्रति भी सम्मान व्यक्त किया जिन्होंने देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद के लिए अपने बेटों को सशस्त्र बलों में भेजा है। उन्होंने कहा, देश भर से कांग्रेस नेता पर्यटन के लिए हिमाचल प्रदेश आए हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं, हिमाचल के युवाओं ने देश की सेवा की है और इसकी सीमाओं की रक्षा की है तथा अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। पहला परमवीर चक्र किसे प्रदान किया गया था- हिमाचली सोमनाथ शर्मा को। शाह ने कहा, 40 साल से वे एक रैंक, एक पेंशन की मांग करते रहे, लेकिन बधिर कांग्रेस ने कभी उनकी आवाज नहीं सुनी। (नरेंद्र) मोदी जी 2014 में सत्ता में आए और 2015 में उन्होंने एक रैंक, एक पेंशन लागू की, जिसकी लागत 40,000 करोड़ रुपए थी।



नई दिल्ली में एक बैठक के दौरान चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, चीफ ऑफ नेवल स्टाफ एडमिरल आर. हरि कुमार व अधिकारियों के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

## गहलोत को निष्ठा साबित करने के लिए किसी के प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं: जोशी

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** के जलदाय मंत्री डॉ महेश जोशी ने बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा साबित करने के लिए किसी प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं है। जोशी ने यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की तारीफ किए जाने पर सचिन पायलट के ताजा बयान पर कही। इससे पहले पायलट ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री गहलोत की बड़ाई किए जाने पर कटाक्ष करते हुए इसे रोचक घटनाक्रम बताया और कहा कि इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। इसके बारे में पूछे जाने जोशी ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं तो (पार्टी की बयानबाजी न करने की) परामर्श से बंधा हुआ हूं ... अशोक गहलोत जी को अपनी निष्ठा साबित करने के लिए किसी के प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा, ... मुख्यमंत्री गहलोत ने जिस विनम्रता, शालीनता व शब्दों के साथ पार्टी आलाकमान से माफी मांगी उससे उनका कद जनता की निगाह में बढ़ा है और कम नहीं हुआ। जो माफी की परंपरा को नहीं जानते जो विनम्रता को सम्मान नहीं करते उनका मैं कुछ नहीं कह सकता। पायलट पर पलटवार करते हुए जोशी ने कहा, बुत हमको कहें काफिर अल्लाह की मर्जी ...आदमी कोई हो वह यह देखे कि उसका खुद का पिछला इतिहास क्या रहा है। उसके बाद आगे बोले। सितंबर महीने में पार्टी विधायक दल की बैठक नहीं हो पाने के मामले में कांग्रेस ने जोशी सहित तीन लोगों को नोटिस जारी किए थे। जोशी ने कहा, हमने जवाब दिया है... आलाकमान हम पर कार्वाई करेगा सजा तय करेगा तो हम सजा भुगतेंगे। लेकिन सिर्फ नोटिस मिल जाना किसी को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त नहीं होता।

## भाजपा प्रत्याशी के नाम वापस लेने के बाद अंधेरी उपचुनाव महज औपचारिक्ता

**मुंबई।** मुंबई में अंधेरी (पूर्वी) विस क्षेत्र के लिए बृहस्पतिवार को होने वाला उपचुनाव भाजपा उम्मीदवार के पिछले महीने मैदान से हटने के बाद महज औपचारिकता भर है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना धड़े की उम्मीदवार ऋतुजा लटके के अब आराम से जीत दर्ज करने की उम्मीद है। उनके खिलाफ छह उम्मीदवार हैं जिनमें से चार निर्दलीय हैं। राकांपा और कांग्रेस ने लटके की उम्मीदवारी का समर्थन किया है। इस साल मई में ऋतुजा लटके के पति एवं शिवसेना विधायक रमेश लटके के निधन के कारण अंधेरी (पूर्वी) सीट पर उपचुनाव जरूरी हो गया था। एकनाथ शिंदे और 39 अन्य विधायकों की बगावत से शिवसेना के दो खेमों में बंटने और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली एमवीए सरकार के पतन के बाद यह पहला चुनाव है। अपने उम्मीदवार को हटाने के भाजपा के कदम का उद्देश्य यह है कि वह नहीं चाहती ऋतुजा लटके के चुनाव में जीतने की स्थिति में इसका श्रेय उद्धव ठाकरे को मिले।

# मोकामा और गोपालगंज उपचुनाव में राजद, भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला

**पटना।** बिहार विधानसभा की दो सीटों-मोकामा और गोपालगंज पर उपचुनाव के लिए बृहस्पतिवार को मतदान होगा। दोनों सीटों पर सत्ताधारी महागठबंधन में शामिल राजद और विपक्षी दल भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। उपचुनाव के लिए पुलिस और प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दो महीने पहले राजग से अलग होने के बाद कमजोर हुई भाजपा और प्रदेश में सत्ताधारी महागठबंधन में शामिल सबसे बड़ी पार्टी राजद के लिए तीन नवंबर को होने वाले इस उपचुनाव को पहले शक्ति परीक्षण के तौर पर देखा जा रहा है।

राजद के सामने जहां अपनी मोकामा विधानसभा सीट को बरकरार रखने की चुनौती है, वहीं पार्टी गोपालगंज सीट को भाजपा से छीनने के लिए जीतोड़ कोशिश भी कर रही है। गोपालगंज सीट पिछले चार चुनावों से भाजपा की झोली में जा रही है। भाजपा ने भी मोकामा सीट पर जीत दर्ज करने के लिए अपनी सारी ताकत झोंक दी है। वह गोपालगंज में लगातार पांचवीं बार जीत का परचम लहराने की कोशिशों में भी जुटी है। मोकामा में उपचुनाव राजद विधायक अनंत कुमार सिंह को अयोग्य ठहराए जाने के कारण कराया जा रहा है। पार्टी ने उपचुनाव में अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी को अपना उम्मीदवार बनाया है। बाहुबली से राजनेता बने अनंत सिंह ने मोकामा सीट पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के टिकट पर तीन बार, एक बार निर्दलीय और 2020 में राजद उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी।

मोकामा में भाजपा ने सोनम देवी को मैदान में उतारा है, जो एक स्थानीय बाहुबली ललन सिंह की पत्नी हैं और अनंत सिंह का विरोध करती रही हैं। उनके पति को लोक जनशक्ति पार्टी के एक अलग गुट और केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस की पार्टी के बाहुबली नेता सूरज भान सिंह का विश्वासपात्र माना जाता है। भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने भी प्रचार किया था। मोकामा विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,81,248 मतदाता हैं। वहां सुरक्षा के बीच सुचारू रूप से मतदान कराने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ 289 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मोकामा सीट से राजद की नीलम देवी और भाजपा की सोनम देवी सहित छह प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं, जिनमें चार पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। गोपालगंज सीट पर उपचुनाव भाजपा के चार बार के विधायक सुभाष सिंह के निधन के कारण कराया जा रहा है। इस सीट से पार्टी ने की सिंह की पत्नी कुसुम देवी को चुनावी मैदान में उतारा है।

## क्विक न्यूज

### मेघालय के मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर को आपात स्थिति में उतारा गया

**शिलांग।** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा के हेलीकॉप्टर को खराब मौसम के कारण उमियम झील के पास आपात स्थिति में उतारा गया। इससे पहले हेलीकॉप्टर को ऊपरी शिलांग के एडवांस लैंडिग ग्राउंड (एएलजी) पर उतारने की योजना थी, जो कामयाब नही हो सकी। मुख्यमंत्री राज्य के पश्चिमी हिस्से में गारो हिल्स में अपने निर्वाचन क्षेत्र के आधिकारिक दौरे से लौट रहे थे। उन्होंने ट्विटर पर कहा कि खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर को उमियम झील के पास यूनाइटेड क्रिश्चियन कॉलेज ग्राउंड में उतरना पड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने परिसर में सुंदर दृश्यों का आनंद लिया, कॉलेज के कर्मचारियों से मुलाकात की और कैंटीन में दोपहर का भोजन किया। उन्होंने कहा, मौसम वास्तव में अप्रत्याशित है। हमें सुरक्षित वापस लाने के लिए कैप्टन और पायलट का धन्यवाद। ट्वीट के साथ उन्होंने एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें वह कॉलेज के मैदान पर चलते, आपात लैंडिग के बारे में बताते और दोपहर का भोजन करते दिख रहे है। उन्होंने कहा, सुरक्षा कारणों से हमने मार्ग बदल लिया और यह अच्छा रहा। हम शहर वापसी के लिए रास्ता तय करेंगे। इससे पहले दिन में, वह ऑल सोल्स डे के अवसर पर अपनी मां के साथ अपने पिता पी ए संगमा की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करते देखे गए।

### धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में चार मुस्लिम धर्मगुरुओं के खिलाफ प्राथमिकी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने शिया समुदाय की भावनाएं आहत करने के आरोप में चार मुस्लिम धर्मगुरुओ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। जे.जे. मार्ग थाना पुलिस ने मुंबई में रहने वाले व्यक्ति की शिकायत पर मंगलवार को लखनऊ, हैदराबाद, चेन्नई और कश्मीर के निवासी चार आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज किया। जे.जे. मार्ग थाने के अधिकारी ने बताया, हमने कई शिकायते मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज की। शिकायतकर्ता से ऑडियो/वीडियो साक्ष्य जमा करने को कहा है। अब तक किसी की गिरफ्तारी नही हुई है। मामले की जांच जारी है। अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि एक आरोपी ने सितंबर में पाकिस्तान में रहने वाले एक मौलवी का समर्थन किया था और साथ ही शिया समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाई थी। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता ने अन्य तीन आरोपियो पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने और राष्ट्र विरोधी बात करने का आरोप लगाया है। अधिकारी ने कहा कि आरोपियो के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153-ए, 153-बी और 295 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### सज्जाद लोन को निर्विरोध जम्मू-कश्मीर पीपुल्स कांफ्रेंस का अध्यक्ष चुना गया

**श्रीनगर।** पीपुल्स कांफ्रेंस के संस्थापक अब्दुल गनी लोन के बेटे सज्जाद गनी लोन को बुधवार को चार साल के लिए निर्विरोध पार्टी का अध्यक्ष चुना गया। पार्टी के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि सैयद बशारत बुखारी की अध्यक्षता वाले पीपुल्स कांफ्रेंस के चुनाव प्राधिकरण ने लोन को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया, क्योंकि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम समय-सीमा तक वही एकमात्र उम्मीदवार थे। प्रवक्ता ने बताया कि लोन को पार्टी अध्यक्ष के उम्मीदवार के रूप में नामित करने के पक्ष मे चुनाव प्राधिकरण को आठ नामांकन प्राप्त हुए थे। उन्होने बताया कि लोन को अनंतनाग, बडगाम, श्रीनगर, बारामूला, हंदवाड़ा, कुपवाड़ा, पुंछ और जम्मू से नामांकन प्राप्त हुए है। पार्टी ने 19 अक्टूबर को मतदान कार्यक्रम की घोषणा की थी और जरूरत पड़ने पर मतदान के लिए छह नवंबर की तारीख तय की गई थी। लोन को 10 नवंबर को पीपुल्स कांफ्रेंस के महासचिव इमरान रजा अंसारी के आवास दारुल जवाद मे पद की शपथ दिलाई जाएगी।

### महाराष्ट्र में 2024 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार होगी: नसीम

**मुंबई।** महाराष्ट्र कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष नसीम खान ने बुधवार को कहा कि राज्य मे 2024 मे कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार होगी। खान ने कहा कि वह पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की उस टिप्पणी का स्वागत करते है कि केंद्र मे 2024 मे राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस एक गैर-भाजपाई सरकार बनाएगी। राज्य के पूर्व मंत्री खान नांदेड़ जिले मे भारत जोड़ो यात्रा के प्रभारी है। यात्रा सात नवंबर को शाम सात बजे तेलंगाना से डेगलुर कस्बे में पहुंचेगी। मध्य प्रदेश मे पहुंचने से पहले यह राज्य के पांच जिलो मे 14 दिनो के दौरान 382 किलोमीटर का सफर तय करेगी। कांग्रेस राज्य मे महाविकास आघाड़ी (एमवीए) का हिस्सा है जिसमे शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) भी शामिल है। कांग्रेस प्रदेश मे नवंबर 2019 से इस साल जून तक शिवसेना व राकांपा के साथ सत्ता मे थी। शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे की बगावत के कारण एमवीए सरकार गिर गई थी।

## बुरी नजर से देखने वालों पर भारत तत्काल पलटवार करने में सक्षम: रक्षा राज्यमंत्री

**मुंबई।** केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने बुधवार को कहा कि भारत की तरफ कोई भी बुरी नजर से देखने की हिमाकत नहीं कर सकता और देश तत्काल पलटवार करने में सक्षम है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत जल, थल और वायु समेत सभी क्षेत्रों में एक नेता के तौर पर उभरा है। भट्ट से लद्दाख में चीन की गतिविधियों के बारे में पूछा गया, जिस पर उन्होंने कहा, कोई भी हमारी तरफ बुरी नजर से देखने की हिमाकत नहीं कर सकता। और अगर कोई ऐसा करता है, तो हम तत्काल पलटवार करने में सक्षम हैं। उन्होंने चीन के बारे में प्रत्यक्ष रूप से कोई जवाब नहीं दिया और कहा कि वह कुछ मुद्दों पर बात करने के लिए अधिकृत नहीं हैं। भट्ट ने रक्षा, परिवहन एवं ऊर्जा वैश्विक सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद पत्रकारों से यह बात कही।

## विधायिका की शक्तियों को कमतर करने की कोशिश कर रहे है राज्यपाल: विजयन

**तिरुनवंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के खिलाफ उनके कदम, विस द्वारा पारित विधेयकों पर हस्ताक्षर नहीं करना और राज्य के वित्त मंत्री को हटाने की मांग करना यहां आरएसएस-संघ परिवार का एजेंडा लागू करने के प्रयास हैं। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल पर यह आरोप भी लगाया कि वह खुद को न्यायपालिका से ऊपर समझ रहे हैं और विधायिका की शक्तियों को कमतर करने की कोशिश कर रहे हैं। यहां एक शिक्षा संरक्षण समिति द्वारा आयोजित सम्मेलन में विजयन ने दावा किया कि केरल विवि के 15 सीनेट सदस्यों को हटाने और राज्य में कई विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के तत्काल इस्तीफे की मांग करने संबंधी खान का हालिया कदम कुलाधिपति के रूप में उन्हें हासिल शक्तियों के दायरे में नहीं आते।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायिका ने विवि कानूनों के तहत कुलाधिपति का पद सृजित किया था और यही उस पद की शक्तियों को भी निर्धारित करती है। विजयन ने कहा हालांकि, कुलाधिपति के हालिया कदमों ने आरएसएस और संघ परिवार जैसे कुछ संगठनों या समूहों में बेचैनी का संकेत दिया है, जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में केरल द्वारा किए गए सुधारों से नाखुश हैं। उन्होंने कहा, यह राज्य में विश्वविद्यालयों के भगवाकरण के आरएसएस और संघ परिवार के एजेंडे का हिस्सा है। विजयन ने राज्य के वित्त मंत्री के. एन. बालगोपाल को कैबिनेट से हटाने की खान की हालिया मांग की भी आलोचना की। राज्यपाल को संविधान के तहत हासिल शक्तियों के बारे में कुछ देर सोचना चाहिए। विजयन ने कहा कि राज्यपाल मुख्यमंत्री की सहायता और सलाह पर मंत्रियों की नियुक्ति करता या उन्हें हटाता है न कि अपनी मर्जी से। खान को यह बात ध्यान रखनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल के हालिया कदम राज्य में संवैधानिक संकट पैदा करने की कुछ ताकतों के प्रयासों का हिस्सा हैं।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने डी.के. शिवकुमार की याचिका पर ईडी का रुख पूछा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को ईडी से कर्नाटक कांग्रेस के नेता डी.के.शिवकुमार की ओर से दायर याचिका पर उसका रुख तलब किया। शिवकुमार ने एजेंसी की ओर से धनशोधन के आरोप में उनके खिलाफ जारी जांच को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति मुक्ता गुप्ता और न्यायमूर्ति अनीश दयाल की पीठ ने कर्नाटक विधानसभा सदस्य की याचिका पर एजेंसी को नोटिस जारी किया। शिवकुमार ने भ्रष्टाचार रोधी अधि. के तहत आने वाले आय से अधिक संपत्ति मामले को धनशोधन निवारण अधि. (पीएमएलए) के तहत अधिसूचित कृत्य के तौर दर्ज करने की संवैधानिकता को चुनौती दी है। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के जरिए दायर याचिका में शिवकुमार ने जोर देकर कहा कि ईडी वर्ष 2020 में दर्ज मामले की जो मौजूदा जांच कर रही है उसकी जांच नहीं हो सकती क्योंकि इस मामले की जांच पहले ही वर्ष 2018 में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर हो चुकी है।

## पंचायत चुनाव होने तक अनुव्रत को सलाखों के पीछे रखा जाना चाहिए: घोष

**कोलकाता।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने बुधवार को कहा कि गिरफ्तार किए गए टीएमसी नेता अनुव्रत मंडल को अगले साल के पंचायत चुनाव तक सलाखों के पीछे होना चाहिए क्योंकि राजनीतिक परिदृश्य में उनकी वापसी से चुनाव के दौरान रक्तपात होगा। घोष की टिप्पणी पर सत्तारूढ़ टीएमसी ने तीखा पलटवार किया और कहा कि इससे केवल यह साबित होता है कि मवेशियों की बांग्लादेश में तस्करी मामले में सीबीआई द्वारा मंडल की गिरफ्तारी उन्हें राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ग्रामीण चुनावों से बाहर रखने के लिए भाजपा की राजनीतिक योजनौ का हिस्सा थी। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले पंचायत चुनाव सभी राजनीतिक दलों के लिए आखिरी बड़ी परीक्षा होगी। शांतिपूर्ण पंचायत चुनाव सुनिश्चित करने के लिए यह जरूरी है कि अगले वर्ष चुनाव होने तक अनुव्रत मंडल सलाखों के पीछे रहें। उनकी रिहाई से ग्रामीण चुनाव के दौरान रक्तपात होगा। पंचायत चुनाव केंद्रीय बलों की मौजूदगी में होना चाहिए। सीबीआई ने टीएमसी बीरभूम के जिलाध्यक्ष मंडल को अगस्त में गिरफ्तार किया था।

2015 से 2021 तक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रहे घोष ने कहा, हमने 2018 के पंचायत चुनावों में टीएमसी द्वारा फैलाई गई हिंसा देखी है। यदि राज्य पुलिस के तहत चुनाव होते हैं तो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते। तृणमूल कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कहा कि यह केवल यह साबित करता है कि मंडल को ग्रामीण चुनावों से दूर रखने की भाजपा की रणनीति के तहत गिरफ्तार किया गया था। टीएमसी उपाध्यक्ष जयप्रकाश मजूमदार ने कहा, इससे यह साबित होता है कि सीबीआई ने मंडल को ग्रामीण चुनावों से दूर रखने के लिए भाजपा के निर्देश पर गिरफ्तार किया था। अगर आने वाले पंचायत चुनाव में भाजपा की यही रणनीति है तो पूरे टीएमसी नेतृत्व को सलाखों के पीछे डाल देना चाहिए।

## आदमपुर उपचुनाव: भजनलाल परिवार के लिए एक परीक्षा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के आदमपुर विधानसभा क्षेत्र में बृहस्पतिवार को हो रहा उपचुनाव यह तय करेगा कि पांच दशक से भजनलाल परिवार का गढ़ रहे इस क्षेत्र में अब भी उसका दबदबा कायम है अथवा नहीं। इस निर्वाचन क्षेत्र में सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा और इसमें करीब 1.71 लाख पात्र मतदाता हैं। मतों की गिनती छह नवंबर को होगी। इस उपचुनाव में 22 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं और वे सभी पुरूष हैं। जिन मुख्य दलों ने अपना उम्मीदवार उतारा है, वे भाजपा, कांग्रेस, इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) और आम आदमी पार्टी (आप) हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के छोटे बेटे कुलदीप बिश्नोई ने कहा है कि आदमपुर उनके परिवार का गढ़ रहा है तथा लोगों ने दशकों तक उनके परिवार को अपना प्यार एवं आशीर्वाद दिया है और एक बार फिर वे उनका साथ देंगे। उन्होंने पहले कहा था, 26 साल के अंतराल के बाद भजन लाल परिवार सरकार में रहते हुए यह चुनाव लड़ रहा है। और लोगों को पता है कि भाजपा उम्मीदवार के जीतने पर विकास कार्यों की गति और तेज होगी। आदमपुर सीट 1968 से भजनलाल परिवार के पास रही है और दिवंगत मुख्यमंत्री ने नौ बार, उनकी पत्नी जस्मा देवी ने एक बार एवं कुलदीप ने चार बार इसका प्रतिनिधित्व किया है। हालांकि कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि आदमपुर उनकी पार्टी का गढ़ रहा हैं क्योंकि दिवंगत भजन लाल कांग्रेस से मुख्यमंत्री थे। कुलदीप के विधानसभा से इस्तीफा देने के बाद इस सीट पर उपचुनाव कराया जा रहा है। कुलदीप विधानसभा एवं कांग्रेस से इस्तीफा देकर अगस्त में भाजपा में शामिल हो गए थे। बिश्नोई के बेटे भव्य भाजपा प्रत्याशी के तौर पर यह उपचुनाव लड़ रहे हैं। वह भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे।

# रम्या बनीं पुलिस का मानवीय चेहरा, मिली जमकर तारीफ

● मां से जुदा हुए बच्चे को अपना दूध पिलाने वाली पुलिस अधिकारी ने कहा, मैंने कुछ असाधारण नहीं किया

**कोझीकोड़ (केरल)।** केरल में मां-पिता के बीच झगड़े के कारण मुश्किल में फंसे 12 दिन के बच्चे को दूध पिलाकर उसकी जान बचाने वालीं पुलिस अधिकारी एम. आर. रम्या का कहना है कि उन्होंने कभी भी इस पेशे में आने के बारे में नहीं सोचा था और स्कूल व कॉलेज के दिनों में वह शिक्षक बनना चाहती थीं। पुलिस के पेशे में अप्रत्याशित प्रवेश की तरह ही रम्या ने कभी यह भी नहीं सोचा होगा कि वह राज्य की पुलिस का सौम्य और मानवीय चेहरा बनेंगी और समाज में चारों तरफ तारीफ पाएंगी। कोझीकोड़ के चेवायूर थाने से जुड़ीं सिविल पुलिस अधिकारी (सीपीओ) रम्या हाल ही में उस समय चर्चा में आईं जब उन्होंने मां-पिता के बीच झगड़े के कारण मुश्किल में फंसे 12 दिन के बच्चे को दूध पिलाकर उसकी जान बचाई। केरल उच्च न्यायालय के न्यायाधीश देवान रामचंद्रन और राज्य के पुलिस महानिदेशक अनिल कांत समेत कई प्रमुख हस्तियों ने इस नेक काम के लिए महिला अधिकारी की तारीफ की।

न्यायमूर्ति रामचंद्रन ने रम्या को भेजे संदेश में कहा था, आज आप पुलिस का सबसे अच्छा चेहरा बन गई हैं। एक शानदार अधिकारी और एक सच्ची मां- आप दोनों हैं। स्तनपान एक दिव्य उपहार है, जो केवल एक मां ही दे सकती है और आपने ड्यूटी निभाते हुए यह उपहार दिया। आपने हम सभी में, भविष्य में मानवता के जिंदा रहने की उम्मीद कायम रखी है। हालांकि, रम्या ने कहा कि उन्हें कभी नहीं लगा कि उन्होंने कुछ असाधारण किया है क्योंकि उस स्थिति में वह एक पुलिस अधिकारी से ज्यादा एक महिला और मां थीं। रम्या ने पीटीआई-भाषा से कहा, जब हम बच्चे की तलाश कर रहे थे, तब मैं मां



और उससे जुदा हुए शिशु के बारे में सोच रही थी। मैं बस यही चाहती थी कि किसी तरह दोनों का मिलन हो जाए। इस बीच मैं अपने पति से बात कर रही थी और वह यह कहकर मुझे दिलासा दे रहे थे कि मुझे और मेरे साथियों को इस मिशन में पक्का कामयाबी मिली है। घटना 29 अक्टूबर को हुई थी जब शिशु की मां ने कोझीकोड़ के चेवायूर थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें दावा किया गया कि उसका शिशु लापता है और पति से झगड़े का कारण वह उसे अपने साथ ले गया है। रम्या ने कहा कि पुलिस ने अंदाजा लगाया कि शिशु का पिता उसको लेकर बेंगलुरू जा सकता है, जहां वह काम करता है। इसके बाद वायनाड सीमा पर थानों को अलर्ट किया गया। राज्य की सीमा पर वाहनों की जांच के दौरान सुल्तान बथेरी पुलिस को शिशु और उसका पिता मिल गया।

मां का दूध नहीं मिलने के कारण बच्चा थका हुआ लग रहा था, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। वहां पहुंचकर पता चला कि शिशु का शुगर लेवल कम है। यह पता चलने के बाद चेवायूर पुलिस टीम में शामिल रम्या बच्चे को लाने वायनाड गईं और डॉक्टरों से कहा कि वह बच्चे को दूध पिलाना चाहती हैं, जिसके बाद उन्होंने शिशु को दूध पिलाया और उसकी जान बच गई। कोझीकोड़ जिले के चिंगपुरम गांव की मूल निवासी रम्या अंग्रेजी भाषा और साहित्य में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर चुकी हैं। अपने कई दोस्तों की तरह, वह बी.एड पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद शिक्षिका बनना चाहती थीं। हालांकि, बी.एड पाठ्यक्रम की अवधि को अचानक दो साल के लिए बढ़ा दिए जाने से शिक्षक बनने का उनका सपना चकनाचूर हो गया क्योंकि परिवार का मानना था कि पाठ्यक्रम को पूरा करने और फिर नौकरी खोजने में लंबा समय लग सकता है। उन्होंने कहा, उस समय विवाह के कई प्रस्ताव भी आ रहे थे। इसलिए, मैंने राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी। मैंने अंतिम ग्रेड की परीक्षा पास की और सिर्फ एक महीने की तैयारी करके रैंक लिस्ट में जगह बनाने में कामयाब रही।

## भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक संबंधी याचिका सुनने से उच्चतम न्यायालय का इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वैश्विक भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत की दयनीय रैंकिंग में सुधार के लिए सुझाव देने के वास्ते विशेषज्ञ समितियां गठित करने का केंद्र, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश देने संबंधी याचिका पर विचार करने से बुधवार को इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश उदय उमेश ललित, न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने मांगी गई राहत को विधाई कार्य करार देते हुए जनहित याचिका खारिज कर दी। शीर्ष अदालत ने, हालांकि, याचिकाकर्ता पेशे से वकील अश्विनी उपाध्याय को अधिकारियों को एक अभ्यावेदन देने की छूट दी। पीठ ने अपने आदेश में कहा, संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका के दायरे को देखते हुए, हमें (अनुच्छेद 32 के तहत) इस याचिका पर विचार करना बेहद मुश्किल लगता है। इसलिए याचिका खारिज की जाती है।

# राष्ट्रपति शी से मिले शरीफ, संबंधों को करेंगे मजबूत

**भाषा।** बीजिंग



**पाकिस्तान के** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बीजिंग की अपनी पहली यात्रा में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात की और इस दौरान दोनों ने अपनी सदाबहार दोस्ती को और मजबूत करने तथा 60 अरब डॉलर लागत वाले चीन - पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को लेकर सहमति जताई। शहबाज दो दिन की चीन यात्रा पर मंगलवार रात को बीजिंग पहुंचे। यह अप्रैल में उनके प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद से उनकी पहली चीन यात्रा है। हालांकि प्रधानमंत्री बनने के बाद शी के साथ उनकी यह दूसरी मुलाकात है। उन्होंने पिछले महीने उज्बेकिस्तान के समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से इतर शी से मुलाकात की थी। समरकंद में शहबाज से मुलाकात के दौरान शी ने सीपीईसी की परियोजनाओं पर काम कर रहे सैकड़ों चीनी श्रमिकों के संरक्षण की बात कही थी। पाकिस्तान की सरकार संचालित एपीपी समाचार एजेंसी ने बुधवार को बताया कि शहबाज और शी ने मंगलवार को पीपल्स ग्रेट हॉल ऑफ चाइना में मुलाकात की और अर्थव्यवस्था तथा निवेश में व्यापक सहयोग पर चर्चा के साथ क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रम पर विचारों का आदान-प्रदान किया। एजेंसी के अनुसार दोनों नेताओं ने सीपीईसी और रणनीतिक साझेदारी समेत विविध क्षेत्रों में बहुस्तरीय सहयोग मजबूत करने पर सहमति जताई। शहबाज और शी ने दोनों देशों के बीच हर स्थिति में बनी रहने वाली रणनीतिक सहयोग साझेदारी को और बढ़ाने की आकांक्षा प्रकट की। शरीफ पहले शासन प्रमुख हैं जिन्होंने हाल में हुई कम्युनिस्ट पार्टी की कांग्रेस में 69 वर्षीय शी को अभूतपूर्व तरीके से पांच साल के तीसरे कार्यकाल के लिए चुने जाने पर मिलकर बधाई दी। शहबाज प्रधानमंत्री ली क्विंग और चीन की संसद -नेशनल पीपल्स कांग्रेस (एनपीसी) के सभापति से भी मुलाकात कर दोनों देशों के संबंधों पर चर्चा करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक शहबाज की यात्रा के दौरान अनेक समझौतों पर दस्तखत किए जा सकते हैं। शहबाज चीन के नेताओं के साथ अपनी बातचीत में उनकी सरकार को और मदद के लिए अपना पक्ष रख सकते हैं ताकि वहां श्रीलंका जैसा संकट पैदा नहीं हो। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार पाकिस्तान का कुल गैर-पेरिस क्लब द्विपक्षीय कर्ज इस समय करीब 27 अरब डॉलर है जिसमें से चीन का कर्ज करीब 23 अरब डॉलर का है। शहबाज की यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब उनके देश में राजनीतिक गतिरोध है। शहबाज की यात्रा से पहले पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने कहा कि यह यात्रा व्यापक द्विपक्षीय सहयोग के एजेंडा को आगे बढ़ा सकती है। भारत ने सीपीईसी को लेकर चीन से आपत्ति जताई है क्योंकि इसे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से होकर बनाया जा रहा है। उधर चीन सीपीईसी की परियोजनाओं में देरी को लेकर खुश नहीं है। यह शी की अरबों डॉलर की परियोजना बीआरआई की महत्वाकांक्षी योजना है। पाकिस्तान की सेना के प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने पिछले ही चीन के रक्षा मंत्री जनरल वेई फेंघे से मुलाकात की थी। बाजवा ने अपने सेवानिवृत्त होने से पहले चीन की औचक यात्रा की थी। उस समय खबरें थीं कि पाकिस्तान के अमेरिका के साथ संबंधों को बढ़ाने पर भी चीन चिंतित है।

## उ. कोरिया के मिसाइल प्रक्षेपण के जवाब में दक्षिण कोरिया ने दागीं तीन मिसाइलें

**एपी।** सियोल

**उत्तर कोरिया** ने बुधवार को कोरियाई प्रायद्वीप के पूर्वी एवं पश्चिमी तटों के पास 10 से अधिक मिसाइलें दागीं, जिसके बाद दक्षिण कोरियाई द्वीप पर हवाई हमले के सायरन बजने लगे और वहां के निवासियों को भूमिगत आश्रयों में ले जाया गया। दक्षिण कोरिया ने भी तुरंत जवाबी करते हुए हवा से सतह पर मार करने वाली तीन मिसाइलों का परीक्षण किया। इन हमलों से पहले उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास का विस्तार करने को लेकर अमेरिका की आलोचना की थी। उत्तर कोरिया दावा करता है कि यह संभावित आक्रमण का युद्धाभ्यास है और उसने मंगलवार को इसके जवाब में अधिक आक्रामक कार्वाई की चेतावनी दी थी। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि विभिन्न प्रकार की 10 से अधिक मिसाइलें कोरियाई प्रायद्वीप के पूर्वी एवं पश्चिमी तटों की ओर दागी गईं। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि उत्तर कोरिया ने बुधवार सुबह वोनसान के पूर्वी तटीय क्षेत्र से मिसाइल दागीं। ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि एक मिसाइल दक्षिण कोरिया के उलेउंग द्वीप से 167 किलोमीटर (104 मील) पश्चिमोत्तर में अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में गिरी। इसके बाद दक्षिण कोरिया ने हवाई हमले के संबंध में अलर्ट भी जारी किया। दक्षिण कोरिया की मीडिया ने द्वीप पर रहने वाले लोगों को भूमिगत आश्रयों में ले जाने की तस्वीरें जारी की हैं। मिसाइल जहां गिरी, वह क्षेत्र कोरिया प्रायद्वीप की पूर्वी समुद्री सीमा से 26 किलोमीटर (16 मील) दूर है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय सीमा से इसकी दूरी काफी अधिक है। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि 1948 में उत्तर और दक्षिण कोरिया बनने के बाद यह पहला मौका है, जब कोई मिसाइल समुद्री सीमा के इतने नजदीक गिरी है।

## लंदन में खुला नया भारतीय वीजा केंद्र

**लंदन (भाषा)।** ब्रिटेन से यात्रा संबंधी उच्च मांग के मद्देनजर मध्य लंदन में एक नया भारतीय वीजा केंद्र स्थापित किया गया है ताकि विभिन्न उपायों के अलावा आवेदनों पर गौर करने की क्षमता में वृद्धि हो सके। इन उपायों में डोरस्टेप (घर पर उपलब्ध होने वाली) सेवा और दस्तावेज़ सत्यापन सुविधा शामिल हैं। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने मंगलवार को नए इंडिया वीज़ा एप्लीकेशन सेंटर (आईवीएसी) का उद्घाटन किया। इसका संचालन सरकारों और राजनयिक मिशनों के लिए आउटसोर्सिंग और प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाता कंपनी वीएफएस ग्लोबल द्वारा किया जाएगा। समूह पर्यटन या समूह में यात्रा करने वाले लोगों के लिए एक अधिक सुव्यवस्थित प्रक्रिया शुरू की गई है। दोरईस्वामी ने ट्विटर पर कहा, "वीएफएस ग्लोबल में हमारे भागीदारों की मदद से हमारे अपॉइंटमेंट की संख्या बढ़कर करीब 40,000 प्रति माह तक हो गई है।

## ब्राजील राष्ट्रपति चुनाव : बोलसोनारो ने सत्ता हस्तांतरित करने की इच्छा जाहिर की

**एपी।** साओ पाउलो

**ब्राजील के** राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो ने सत्ता हस्तांतरित करने की इच्छा जाहिर की है। राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में उन्हें दो दिन पहले वामपंथी नेता लूला डा सिल्वा के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। खबरों के अनुसार, बोलसोनारो ने ब्राजील के उच्चतम न्यायालय के सदस्यों को मंगलवार को कहा कि डा सिल्वा के खिलाफ उनकी चुनावी लड़ाई खत्म हो चुकी है। इससे पहले राष्ट्रपति भवन में एक संक्षिप्त बयान में उन्होंने कहा, मैंने हमेशा संविधान के तहत काम किया है। हालांकि उन्होंने चुनाव में हार की बात स्वीकार नहीं की। बोलसोनारो के साथ एक निजी बैठक के बाद उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति लुइज़ एडसन फाचिन ने बताया कि रूढ़िवादी नेता ने कहा, यह (चुनाव) खत्म हो चुका है। आए इससे आगे बढ़ें। न्यायमूर्ति ने एक वीडियो में यह टिप्पणी की, जिसे स्थानीय मीडिया ने प्रसारित किया।

पत्रकारों ने दो अन्य न्यायमूर्तियों से भी इस संबंध में सवाल किया, लेकिन उन्होंने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। ब्राजील के वित्त मंत्री पाउलो गेडेस भी मौक पर मौजूद थे, लेकिन उन्होंने भी कोई टिप्पणी नहीं की। शीर्ष अदालत ने एक अन्य बयान में कहा कि न्यायमूर्तियों ने बोलसोनारो से बैठक में कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि वह चुनाव के परिणामों के साथ-साथ ब्राजील के लोगों के आंदोलन की स्वतंत्रता के अधिकार को स्वीकार करें। बोलसोनारो ने इससे पहले सिल्वा के हाथों मिली हार को स्वीकार नहीं किया था। हालांकि चीफ ऑफ स्टाफ सिरो नोगीरा ने पत्रकारों से कहा कि बोलसोनारो ने उन्हें सत्ता-हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू करने की अनुमति दे दी है। निर्वाचन प्राधिकरण ने रविवार को चुनाव के परिणामों की घोषणा की थी, जिसमें लूला डा सिल्वा को 50.9 प्रतिशत और बोलसोनारो को 49.1 प्रतिशत मत मिले।

## इजराइल चुनावः नेतन्याहू नीत गठबंधन ऐतिहासिक जीत की ओर अग्रसर

**यरुशलम।** इजराइल में बुधवार को 84 प्रतिशत से अधिक मतों की गिनती के बाद पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू नीत गठबंधन सत्ता में नाटकीय रूप से वापसी करता नजर आ रहा है। इजराइल में मतदान बाद के सर्वेक्षणों में नेतन्याहू और उनके सहयोगियों द्वारा साढ़े तीन साल के राजनीतिक गतिरोध के बाद सत्ता में वापसी के लिए पर्याप्त सीटें जीतने के संकेत मिले थे। तीन प्रमुख इजराइली टीवी स्टेशन के मतदान बाद के सर्वेक्षणों ने संकेत दिया कि नेतन्याहू और उनके सहयोगी दल 120 सदस्ईय संसद में 65 सीट जीत सकते हैं। द टाइम्स ऑफ इजराइल समाचार पत्र ने बताया कि केंद्रीय चुनाव समिति ने अब तक 4,081,243 मतों की गिनती की है, जिसमें 24,201 मत अमान्य घोषित किए गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब तक की गणना के अनुसार, नेतन्याहू नीत गठबंधन दल 65 सीट जीत लेंगे, लेकिन अंतिम परिणाम आने तक यह आंकड़ा बदल सकता है।

## यूक्रेनी अनाज के निर्यात के लिए रूस युद्ध के दौरान हुए समझौते में फिर शामिल

**कीव (एपी)।** राजनयिक प्रयासों से वह युद्धकालीन समझौता फिर से पटरी पर आ गया है जिससे यूक्रेनी अनाज और अन्य वस्तुओं की विश्व बाजारों तक पहुंच सुलभ हो जाएगी। रूस ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन द्वारा रूसी बलों पर हमला करने के लिए काला सागर के एक निर्दिष्ट गलियारे का उपयोग नहीं करने का वचन देने के बाद वह समझौते पर कायम रहेगा। रूसी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यूक्रेन ने औपचारिक रूप से समझौते की विशिष्ट शर्तों के अनुरूप दक्षिणी यूक्रेन और तुर्किए के बीच स्थापित सुरक्षित नौवहन गलियारे का उपयोग करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है। मंत्रालय ने कहा, रूसी संघ का मानना है कि वर्तमान में उसे प्राप्त होने वाली गारंटी पर्याप्त प्रतीत होती है और वह समझौते के कार्यान्वयन को फिर से शुरू करता है। उसने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और तुर्किए की मध्यस्थता से रूस का सतत सहयोग सुनिश्चित हो सका। रूस ने क्रीमिया में काला सागर में उसने बेड़े के खिलाफ यूक्रेनी ड्रोन हमले के आरोपों का हवाला देते हुए सप्ताहांत में अनाज समझौते में अपनी भागीदारी को निलंबित कर दिया था। यूक्रेन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली थी। कुछ यूक्रेनी अधिकारियों ने इसके लिए रूसी सैनिकों पर अपने हथियारों को गलत तरीके से संचालन करने का आरोप लगाया था। राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने कहा कि रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने तुर्किए के अपने समकक्ष हुलुसी अकार से बात की और उन्हें सूचित किया कि बुधवार से अनाज गलियारा समझौता वैसा ही रहेगा जैसा वह पहले था। एर्दोआन ने बुधवार को कहा कि यह समझौता सोमालिया, जिबूती और सूडान सहित अफ्रीकी देशों के लिए अनाज के नौवहन को प्राथमिकता देगा। रूस ने चिंता व्यक्त की थी कि अधिकांश अनाज अमीर देशों में पहुंच रहा है। अनाज से लदे जहाज मंगलवार को यूक्रेन से रवाना हुए जो भूख से जूझ रहे दुनिया के कुछ हिस्सों के लिए महत्वपूर्ण खाद्य आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने हालांकि कहा था कि जहाज बुधवार को आगे नहीं बढ़ेंगे, जिससे भविष्य में पोतों की आवाजाही को लेकर चिंता बढ़ गई है।

## सऊदी अरब ने अमेरिका से कहा, ईरान उस पर कर सकता है हमला

**वाशिंगटन (भाषा)।** सऊदी अरब ने अमेरिकी अधिकारियों के साथ खुफिया जानकारी साझा की, जिसमें सामने आया है कि ईरान संभवत: उस पर हमले की तैयारी कर रहा है। अमेरिका के तीन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सऊदी अरब पर संभावित हमले को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने व्यापक प्रदर्शनों को दबाने के लिए ईरानी बल की कार्वाई की आलोचना की और यूक्रेन में युद्ध में उपयोग के लिए रूस को सैकड़ों ड्रोन भेजने के उसके कदम की भी निंदा की। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने एक बयान में कहा, हम आसन्न हमलों को लेकर चिंतित हैं और हम सऊदी के साथ सैन्य व खुफिया माध्यमों से लगातार सम्पर्क में हैं। बयान के अनुसार, हम क्षेत्र में अपने हितों और भागीदारों की रक्षा करने से नहीं हिचकिचाएंगे।

## डेनमार्कः चुनावी जीत के बाद नई सरकार बनाने की कोशिश करेंगी प्रधानमंत्री फ्रेडरिकसन

**एपी।** कोपेनहेगन

**डेनमार्क में** मंगलवार को हुए चुनाव में सोशल डेमोक्रेट्स पार्टी के सर्वाधिक मत हासिल करने के बाद प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन सत्ता में बने रहने के लिए मजबूत स्थिति में हैं। सोशल डेमोक्रेट्स का समर्थक एक मध्यमार्गी-वामपंथी गुट मात्र एक सीट से संसद में बहुमत बरकरार रखता प्रतीत हो रहा है। ए परिणाम प्रारंभिक हैं और इस अनुमान पर आधारित हैं कि ग्रीनलैंड में मतों की गिनती में डेनमार्क के स्वायत्त क्षेत्र की दो सीटें मध्यमार्गी-वाम दल को जाएंगी। फ्रेडरिकसन ने बुधवार सुबह कोपेनहेगन में अपने समर्थकों से कहा, मैं बहुत रोमांचित और गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। हमने पिछले 20 साल में सबसे अच्छा चुनाव परिणाम हासिल किया है। फ्रेडरिकसन सोशल डेमोक्रेटिक की अल्पसंख्यक सरकार का नेतृत्व करती हैं। जीत के बावजूद उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा देंगी और विभिन्न राजनीतिक दलों के व्यापक समर्थन के साथ एक नई सरकार बनाने की कोशिश करेंगी। फ्रेडरिकसन ने कहा, यह भी स्पष्ट है कि सरकार के पास बहुमत नहीं है। इसलिए, कल मैं इस्तीफा सौंप दूंगी। उन्होंने कहा कि वह नई सरकार बनाने को लेकर वार्ता करने के लिए अन्य दलों के साथ बैठक करेंगी। सोशल डेमोक्रेट्स 28 प्रतिशत मतों के साथ डेनमार्क की शीर्ष पार्टी है, लेकिन देर रात तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि मध्यमार्गी-वाम दल मिलकर 179 सीट वाली संसद में बहुमत के लिए आवश्यक 90 सीट हासिल कर पाएंगे या नहीं। प्रारंभिक परिणामों के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री लार्स लोके रासमुसेन की नवगठित मध्यमार्गी पार्टी ने 16 सीट के लिए नौ प्रतिशत मत हासिल किए हैं। लोके रासमुसेन ने कहा कि वह भी चाहते थे कि मेटे फ्रेडरिकसन सरकार बनाने की कोशिश करें, लेकिन वह प्रधानमंत्री के रूप में उनका नाम नहीं सुझाएंगे।

## सरकार ने एथनॉल की कीमत बढ़ाई, अगले साल से पेट्रोल में 12 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्र सरकार** ने बुधवार को पेट्रोल में मिलाने के लिए इस्तेमाल होने वाले एथनॉल की कीमत बढ़ा दी। सरकार आयातित तेल पर निर्भरता घटाने के लिए एथनॉल को बढ़ावा दे रही है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने सभी तीन तरह के एथनॉल की कीमतों को बढ़ाने का फैसला किया। दिसंबर, 2022 से शुरू होने वाले आपूर्ति वर्ष के लिए गन्ने के रस से बनने वाले एथनॉल की कीमत को बढ़ाकर 65.60 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है। यह अभी 63.45 रुपए प्रति लीटर है। सी-हेवी शीरे से बनने वाले एथनॉल की दर 46.66 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर 49.40 रुपए प्रति लीटर कर दी गई है। इसी तरह बी-हेवी शीरे से बनने वाले एथनॉल की दर 59.08 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर 60.73 रुपए प्रति लीटर कर दी गई है। इस समय पेट्रोल में 10 प्रतिशत एथनॉल मिलाया जाता है और सरकार 2024-25 तक इस मात्रा को दोगुना करना चाहती है।

उन्होंने कहा, हमने किसानों को फायदा पहुंचाने के अलावा 10 प्रतिशत मिश्रण से विदेशी मुद्रा व्यय में लगभग 40,000 करोड़ रुपए की बचत की है। उन्होंने कहा कि अप्रैल, 2023 से चुनिंदा पेट्रोल पंपों पर 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का पायलट परीक्षण शुरू किया जाएगा। गन्ने के रस के साथ टूटे चावल और अन्य कृषि उत्पादों से निकाले गए एथनॉल के उपयोग से भारत को आयातित तेल पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। भारत फिलहाल अपनी 85 प्रतिशत तेल जरूरतों को आयात के जरिए पूरा करता है। पुरी ने कहा कि औसतन 10 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य जून, 2022 में हासिल कर लिया गया, जबकि इसके लिए नवंबर, 2022 का लक्ष्य तय किया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार ने पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य 2030 से घटाकर 2025-26 कर दिया है।

# अर्थव्यवस्था को गिरने से रोकने के लिए जल्दबाजी में सख्त कदम उठाने से बचें : शक्तिकांत दास

**भाषा।** मुंबई




**भारतीय रिजर्व** बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को अपनी नीतियों का बचाव करते कहा कि अगर समय से पहले ब्याज दरों को सख्त करना शुरू कर दिया होता तो अर्थव्यवस्था में वृद्धि नीचे की ओर मुड़ जाती। दास ने बुधवार को यहां बैंकरों के वार्षिक एफआईबीएसी सम्मेलन में मुद्रास्फीति लक्ष्य से चूकने के लिए आलोचना के बीच यह कहा है। दास ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया में मजबूत और आशावाद की कहानी के रूप में देखा जा रहा है और मुद्रास्फीति के अब नरम होने की उम्मीद है। यह स्वीकार करते हुए कि बढ़ती मुद्रास्फीति के कारण केंद्रीय बैंक अपने प्राथमिक लक्ष्य से चूक गया है, दास ने कहा कि प्रतितथ्यात्मक पहलू की भी सराहना करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, अगर हमने जल्दी सख्त या आक्रामक रुख अपनाया होता तो यह निर्णय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत महंगा पड़ता। यह इस देश के नागरिकों के लिए भी महंगा होता और हमें इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ती। दास ने कहा, हमने ब्याज दरों को आक्रामक रूप नहीं बढ़ाकर अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से प्रभावित होने से रोका है। आरबीआई अर्थव्यवस्था में सुधार की प्रक्रिया को बाधित नहीं करना चाहता और इसे सुरक्षित स्थिति की तरफ मोड़ना चाहता है। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति के लक्ष्य से चूकने को लेकर सरकार को जवाब देने के लिए ब्याज दर तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) बृहस्पतिवार को बैठक कर रही है। आरबीआई गवर्नर ने साथ ही सरकार को लिखे जाने वाले पत्र को सार्वजनिक न करने के आरबीआई के कदम का भी बचाव किया। आर्थिक वृद्धि के मोर्चे पर उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में सुधार अधिक व्यापक, समय पर और लक्षित राजकोषीय, मौद्रिक और नियामकीय नीतियों पर आधारित है। वहीं, रुपए में गिरावट पर चल रही बहस के बीच दास ने सभी से स्थिति को भावनात्मक रूप से नहीं देखने को कहा और जोर दिया कि घरेलू मुद्रा ने व्यवस्थित तरीके से प्रदर्शन किया है।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) की शुरुआत देश के लिए ऐतिहासिक क्षण है और यह व्यापार करने के तरीके को बदल देगी।

## केंद्र ने राष्ट्रीय तकनीकी कपड़ा मिशन के तहत 20 परियोजनाओं को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** सरकार ने अपने प्रमुख कार्यक्रम राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के तहत लगभग 74 करोड़ रुपए की 20 रणनीतिक अनुसंधान परियोजनाओं को मंजूरी दी है। ए परियोजनाएं विशेष फाइबर, कृषि वस्त्र, स्मार्ट टेक्सटाइल, सुरक्षात्मक गियर, खेल वस्त्र और जियो टेक्सटाइल खंडों से संबंधित हैं। कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में एक नवंबर को परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। गोयल के पास वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले और खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भी हैं। गोयल ने वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों के एक समूह को संबोधित करते हुए कहा, भारत में तकनीकी वस्त्रों के उपयोग के संबंध में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए उद्योग और अकादमिक गठजोड़ जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं का साथ आना, वक्त की मांग है।

# सेंसेक्स 215 अंक टूटकर 61,000 से नीचे फिसला

**भाषा।** मुंबई

**घरेलू शेयर** बाजारों में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी बुधवार को थम गई और सेंसेक्स 215.26 अंक गिरकर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच दूरसंचार, रियल्टी और प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। कारोबारियों के अनुसार, ब्याज दरों को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया तथा रुपए में गिरावट ने भी निवेशकों की धारणा को और प्रभावित किया। सकारात्मक शुरुआत के बावजूद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स बढ़त को बनाए रखने में विफल रहा और 215.26 अंक या 0.35 प्रतिशत गिरकर 60,906.09 पर बंद हुआ।

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 62.55 अंक या 0.34 प्रतिशत की गिरावट लेकर 18,082.85 पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल के शेयर में सबसे अधिक 3.05 प्रतिशत की गिरावट आई। मारुति, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंडसइंड बैंक और टाइटन भी गिरावट में रहे। दूसरी तरफ सन फार्मा, आईटीसी, टेक महिंद्रा, डॉ रेड्डीज और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में तेजी दर्ज की गई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी केंद्रीय बैंक के नीतिगत दरों को लेकर कुछ देर में फैसले के बीच घरेलू शेयर बाजार में मुनाफावसूली का रुख है। इस बीच, अमेरिका के मजबूत रोजगार आंकड़ों ने देश में मंदी की आशंकाओं को ठंडा किया है। उन्होंने कहा, शेयर बाजार का आगे का रुख अमेरिकी केंद्रीय बैंक के निणर्य पर निर्भर करेगा। व्यापक बाजार में बीएसई का मिडकैप 0.12 प्रतिशत गिर गया जबकि स्मॉलकैप में 0.23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे जबकि जापान का निक्की गिरावट में बंद हुआ। यूरोप में बाजार मिले-जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। वहीं, अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ था। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.17 प्रतिशत बढ़कर 94.81 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल बने हुए हैं। उन्होंने मंगलवार को 2,609.94 करोड़ रुपए के मूल्य के शेयर खरीदे।

## अडाणी समूह कर्नाटक में अगले सात साल में एक लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगा

**बेंगलुरु।** अडाणी समूह कर्नाटक में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मौजूदगी का विस्तार करना चाहता है और इसके लिए अगले सात वर्ष में वह राज्य में करीब एक लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगा। अडाणी पोर्ट्स एंड सेज लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) करण गौतम अडाणी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अडाणी ने बताया कि समूह कर्नाटक में सीमेंट, ऊर्जा, पाइप गैस, खाद्य तेल, परिवहन, लॉजिस्टिक्स और डिजिटल जैसे कई क्षेत्रों में सक्रिय है और अबतक यहां 20,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश कर चुका है। करण गौतम अडाणी ने तीन दिन के निवेश कर्नाटक-2022-वैश्विक निवेशक सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, कर्नाटक में हम जिन क्षेत्रों में निवेश करेंगे और जिन क्षेत्रों में विस्तार करेंगे, उन्हें मिलाकर अगले सात वर्ष के दौरान लगभग एक लाख करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। विश्व की सबसे बड़ी सौर ऊर्जा कंपनी होने के नाते अडाणी समूह राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा में अधिक निवेश करेगा। कर्नाटक में अडाणी समूह के चार सीमेंट विनिर्माण संयंत्र हैं जिनकी कुल क्षमता 70 लाख टन से अधिक है। अडाणी ने बताया कि समूह इस क्षेत्र में भी अपनी मौजूदगी का विस्तार करेगा। इसके अलावा मेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का भी विस्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अडाणी विल्मर मेंगलुरु में अपनी मौजूदगी बढ़ा रही है।

## फर्जी तरीके से 27 करोड़ रुपए की कर चोरी मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग ने 27 करोड़ रुपए से अधिक की कर चोरी मामले में एक 26 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। जीएसटी विभाग ने फर्जी तरीके से आईटीसी का लाभ और जीएसटी रिफंड का दावा करने वाली कंपनियों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया है। अधिकारी के अनुसार, जांच में पाया गया कि गिरफ्तार व्यक्ति ने गैर-प्रमाणित कंपनियों को बैंक खाते खोलने और परिचालन शुरू करने में मदद की थी और इस तरह 238 करोड़ के नकली बिल जारी किए थे।

## ट्विटर पर ब्लू टिक के लिए हर माह देने होंगे आठ डॉलर, कई उपयोगकर्ता नाराज

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**ट्विटर पर** सत्यापन के बाद जारी किए जाने वाले बैज ब्लू टिक के लिए उपयोगकर्ताओं को हर महीने आठ डॉलर देने होंगे। हाल में सोशल मीडिया मंच को खरीदने वाले उद्योगपति एलन मस्क ने यह घोषणा की है। हालांकि, इस निर्णय की कई उपयोगकर्ताओं ने आलोचना की है और नाराजगी जताई है। विश्व के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क ने लंबे विवाद के बाद 27 अक्टूबर को 44 अरब डॉलर में ट्विटर का अधिग्रहण पूरा किया था। उन्होंने कमान संभालते ही कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पराग अग्रवाल और कानूनी मामलों और नीति प्रमुख विजया गड्डे समेत चार शीर्ष अधिकारियों को भी निकाल दिया था। मस्क ने मंगलवार को ट्वीट किया, लोगों को शक्तिउ ब्लू टिक के लिए प्रति माह आठ डॉलर। उन्होंने यह घोषणा करते कहा कि इससे उपयोगकर्ताओं को जवाब देने और खोज करने में प्राथमिकता मिलेगी, जो फर्जी खातों की पहचान करने में आवश्यक है। मस्क ने कहा कि ब्लू टिक के जरिए उपयोगकर्ताओं से जुटाए जाने वाला मासिक भुगतान कंपनी को मंच पर सामग्री बनाने वाले (क्रिएटर्स) को प्रेरित करने के लिए राजस्व का एक स्त्रोत भी प्रदान करेगी। ट्विटर जानीमानी हस्तियों के खातों को सत्यापित करने के लिए ब्लू टिक बैज का इस्तेमाल करता है, ताकि आम लोगों को खातों की वैधता के बारे में पता चल सके।

**Public Notice**

NOTICE is hereby given that Viraj Tyagi and Mr. Virat Tyagi are owners of the Plot no. 477 P having area of 135 sq. mtrs. (161.46 sq. yds.), Sector-47, Urban Estate, Gurgaon, Haryana vide Sale Deed dated 11.08.2021 (Doc. No. 5827). Virat Tyagi and Viraj Tyagi have misplaced the below mentioned documents.
1.Original Allotment Letter dated 08.03.2001 issued by HUDA in favour of Rakam Singh in respect to property.
2.Original re-allotment letter issued by HUDA in favour of Mridul Goel from Rakam Singh in respect to property.
3.Original re-allotment letter dated 29.09.2005 issued by HUDA in favour of Mrs. Poonam Khaturia from Mridul Goel in respect to property.
4.Original Possession Letter issued by HUDA in favour of Mrs. Poonam Khaturia in respect to property.
5.Original Deed of Conveyance dated 2015 (month/date not mentioned) executed by HUDA in favour of Mrs. Poonam Khaturia in respect to property. Anyone who find the above said document shall handover the same to the Manager of Bajaj Housing Finance Ltd. Now, Viraj Tyagi and Mr. Virat Tyagi are availing a loan on this property from Bajaj Housing Finance Ltd. by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड
**उत्तराखण्ड जल संस्थान**
लेन नं.-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001
Phone No.: 0135-2671940, E-mail - eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक: 3409/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक: 02.11.2022

**ई-निविदा संशोधन**

इस कार्यालय पत्रांक सं.-3297/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक 25.10.2022 से जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं के कार्यों हेतु आमंत्रित ई-निविदाओं की तिथियों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

| क्र. सं. | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 05.11.2022 at 11.00 Hrs. |
| 2. | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 05.11.2022 at 11.00 Hrs. |
| 3. | प्री-बिड मीटिंग की तिथि। | 09.11.2022 at 11.00 Hrs. |
| 4. | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 14.11.2022 at 11.00 Hrs. |
| 5. | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 19.11.2022 upto 17.00 Hrs. |
| 6. | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज) | 19.11.2022 upto 17.00 Hrs. |
| 7. | तकनीकी बिड खोलने की तिथि। | 21.11.2022 at 11.00 Hrs. |
| 8. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि। | सूचना पृथक से दी जायेगी। |

शेष नियम एवं शर्तें निविदा के अनुसार यथावत रहेंगे।

"जल संचय-जीवन संचय"

अधिशासी अभियन्ता

ज्ञानवापी के बंद तहखानों के सर्वे की मांग पर

# मुस्लिम पक्ष ने दाखिल की आपत्ति

## अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 11 नवंबर की तारीख तय की



**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर में बंद तहखानों का ताला खुलवाकर सर्वे कराने की हिन्दू पक्ष की मांग पर मुस्लिम पक्ष ने बुधवार को वाराणसी की जिला अदालत में अपनी आपत्ति दाखिल की। अदालत ने मामले की सुनवाई के लिए 11 नवंबर की तारीख तय की है। जिला शासकीय अधिवक्ता महेंद्र पांडेय ने बताया कि हिन्दू पक्ष ने ज्ञानवापी परिसर के बंद तहखानों का ताला खुलवाकर उनका सर्वेक्षण कराने की मांग की थी, इस पर मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ताओं ने अदालत के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि हिन्दू पक्ष के अधिवक्ताओं ने इस पर अपनी प्रतिआपत्ति प्रस्तुत करने के लिए अदालत से समय दिए जाने की मांग रखी। पांडेय ने बताया कि हिन्दू पक्ष की एक वादी राखी सिंह के अधिवक्ता ने ज्ञानवापी परिसर में मिली लक्ष्मी गणेश की प्रतिमा को सुरक्षित करने की मांग के लिए अदालत के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया था। इस पर मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ताओं ने अपनी आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए अदालत से समय की मांग की है। अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी के संयुक्त सचिव एस एम यासीन ने कहा कि उनके वकील ने आपत्ति में उच्चतम न्यायालय के आदेश का हवाला दिया कि मौजूदा मस्जिद परिसर क्षेत्र में कोई बदलाव नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बंद तहखानों के ताले खोलकर तहखाना का सर्वेक्षण करना सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन होगा। गौरतलब है कि हिन्दू पक्ष के अधिवक्ताओं ने 17 मई को अदालत के समक्ष प्रार्थना पत्र दे कर ज्ञानवापी परिसर में बंद पड़े तहखानों को खुलवा कर उनका सर्वेक्षण कराने की मांग रखी थी। अदालत ने मुस्लिम पक्ष को इस सम्बंध में आपत्ति दर्ज करने के लिए समय दिया था। अदालत की पिछली सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष ने अपनी आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए और समय की मांग की थी। जिस पर अदालत ने 100 रुपए का अर्थ दंड लगाया था। राखी सिंह तथा अन्य ने सिविल जज (सीनियर) डिवीजन की अदालत में एक याचिका दाखिल कर श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शनपूजन और विग्रहों की सुरक्षा के आदेश देने का आग्रह किया था। अदालत के निर्देश पर अप्रैलमई में वीडियोसर्वे कराया गया था। इस दौरान ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने में एक आकृति मिली थी। हिन्दू पक्ष ने इसे शिवलिंग होने का दावा किया था जबकि मुस्लिम पक्ष ने इसे फव्वारा बताया था। राखी सिंह तथा अन्य ने सिविल जज (सीनियर) डिवीजन की अदालत में एक याचिका दाखिल कर श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शनपूजन और विग्रहों की सुरक्षा के आदेश देने का आग्रह किया था। अदालत के निर्देश पर पिछली अप्रैलमई में वीडियोग्राफीसर्वे कराया गया था। इस दौरान ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने में एक आकृति मिली थी। हिन्दू पक्ष ने इसे शिवलिंग होने का दावा किया था जबकि मुस्लिम पक्ष ने इसे फव्वारा बताया था।

## सत्यम को मिला सम्मान

**अकाबरपुर।** अंबेडकरनगर के माने जाने कलाकार सत्यम सनी को नृत्य विद्या के लिए ग्रिफिन पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यक श्री थॉमस मोक्तन द्वारा नृत्य विद्या में कार्यशाला दिए जाने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया आप को बताते चले कि इससे पहले अकबरपुर अंबेडकर नगर महोत्सव 2017ए2018 में नृत्य विद्या में विजेता भी रह चुके है और 2022 अंबेडकरनगर महोत्सव में विशेष मनमोहक नृत्य प्रर्दशन दिए जाने के उपरांत जिले के डीएम द्वारा सम्मानित किया गया था और हाल ही में सत्यम के टीम दिल से डांस एकेडमी के क्रू डीएस वोल्कानो वा सत्यम को श्री राधा कृष्ण नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दिए जाने के लिए संस्कार भारती के तरफ नृत्य विधा में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार नगर के वरिष्ठ नागरिक श्री अनुपम पांडेए शुभम अग्रहरी वा अयोध्या महोत्सव के अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिया गया था और इससे पहले नगर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म उत्सव के उपलक्ष में जिले का सर्वश्रेष्ठ नृत्य कलाकार का उपाधि श्री मिथिलेश त्रिपाठी द्वारा दे कर समानित किया गया था और यह 2019 जी टीवी इंडिया टैलेंट फाइट में भी रह चुके हैं इसके पहले इन्होंने 2018 में डीडी नेशनल डांस लखनऊ डांस रियलिटी शो में कोरियोग्राफर की भूमिका निभाई थी ऐसे कई न्यूज़ चैनलों पर या आ चुके हैं और हाल ही में इनका इंटरव्यू सीआईडी न्यूज़ इंडिया की तरफ से लिया गया था इसके पहले आजमगढ़ महोत्सवए मुगलसराय महोत्सव एअयोध्या महोत्सव में इन्हें सम्मानित किया जा चुका है।

## सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती समारोह कल

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र पिछड़ा वर्ग मोर्चा के तत्वाधान में क्षेत्रीय अध्यक्ष अश्वनी कुमार पटेल के नेतृत्व में भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती समारोह एवं संगोष्ठी का आयोजन प्रीतमदास प्रेक्षागृह मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज प्रयागराज के सभागार में 4 नवंबर को सुबह दस बजे से आयोजित किया जाएगा। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉक्टर के लक्ष्मण होंगे।

## आरेडिका का प्रतिनिधि दल पहुंचा अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में



**रायबरेली।** चौथे अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी एवं कांन्फ्रेंस का 2 नवंबर को मुंबई के एग्जिबिशन सेंटर मैदान में तीन दिवसीय सम्मेलन प्रारंभ हुआ जिसका उद्घाटनी अजय भाटी रक्षा राज्यमंत्री ने किया इस दौरान उदय सामंत उद्योग मंत्री महाराष्ट्र सरकार गोविंद अमरनाथ निवेश एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री महाराष्ट सरकार संजय जिंदल अध्यक्ष जिंदल ग्रुप एवं डॉ समीर वी कामत अध्यक्ष डीआरडीओ भी मौजूद थे । इस प्रदर्शनी को जिंदल, टाटा, महिंद्रा एंड महिंद्रा कोटेक, भारत फोज, पूना गैस के माध्यम से संपन्न किया गया है। इस प्रदर्शनी को रेल मंत्रालयए रक्षा मंत्रालयए सड़क एवं परिवहन मंत्रालयए खनन मंत्रालय आदि का सहयोग प्राप्त है । इस प्रदर्शनी के माध्यम से आरेडिका के अधिकारियों और कर्मचारियों के एक समूह द्वारा कोच के विभिन्न सामग्रियों एवं पुर्जो का प्रदर्शन किया। यह टीम महाप्रबंधक श्री एस एस कलसी एवं पीसीएमएम श्री एनण् डी राव के दिशानिर्देशन में संजय निगमए वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक मुख्यालय अनिल कुमार श्रीवास्तव जनसंपर्क अधिकारीए अभिनव यादवए यांत्रिक इंजीनियर को भेजा गया जिसमें आरेडिका के अधिकारियों ने वेन्डर्स को आरेडिका से संबंधित जानकारी दी । इस दौरान आरेडिका के भण्डार विभागए एवं अभिकल्प विभाग के अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया

**रायबरेली।** भण्डार निविदा से सम्बधित विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गयाए जिसमें 60 अधिकारियोंध्कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। प्रजेन्टेशन के माध्यम से उपण् मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री दीपक कुमार एवं श्री आशीष चौधरी ने स्टोर अनुबंध के नीतियोंध्प्रक्रियाओं के कें संबंध में निवारक उपायों के बारें में बताया । इस अवसर वक्ताओं ने विचार रखे एवं व्यवहारिक बातें बताई। इसी अवसर पर शाम को शॉपिंग कम्पलेक्स में भ्रष्टाचार मुक्त भारत.विकसित भारत पर नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया जिसमें आरेडिका परिसर के निवासियों ने काफी संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम का लाभ उठाया जो अत्याधिक प्रेरणादायक रहा।

## रामायण के साक्ष्य स्वरूप स्थान आज भी मौजूद हैं जहां प्रभु श्रीराम जन्मे:कोनराड

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि के श्रीराम शोध पीठ में मंगलवार को रामायण कालीन प्रंसग विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेल्जियम के वैज्ञानिक व प्रख्यात इतिहासकार कोनराड ऐल्सट रहे। अध्यक्षता विवि सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कोनराड ऐल्सट ने भगवान राम के प्रसंग पर विस्तृत चर्चा की। विभिन्न धर्मो के इतिहास के कई साक्ष्य मिले है। इन्हें जानने के बाद पता चलता है कि रामायण और धर्म एक दूसरे के पूरक है। रामायण के साक्ष्य स्वरूप स्थान आज भी मौजूद है जहां प्रभु श्रीराम जन्में थे। इसमें किसी को संदेह नही होना चाहिए। भगवान श्री राम सभी के आराध्य है। उनके मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए। तभी जीवन चरितार्थ होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विवि सलाहकार समिति के अध्यक्ष व श्रीराम शोध पीठ के समन्वयक प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने अयोध्या के इतिहास की चर्चा करते हुए बताया कि विश्व मानचित्र के सप्तपुरियों में श्रेष्ठ अयोध्या है और यह अपने आप में अनूठा है। प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि इसे अति महत्वपूर्ण बना देती है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान विवि सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह द्वारा प्रख्यात इतिहासकार कोनराड ऐल्सट को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्रम व पुष्प गुच्छ भेटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन प्रो. राजीव गौड़ द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो. केके वर्मा, डॉ. डी. एन. वर्माए डॉ. दिलीप सिंह, इंजीनियर कौशल किशोर, डॉ. मनोज, डॉ. सरोज सिंहए दिव्यव्रत सिंहए इंजीनियर अनुराग सिंहए इंजीनियर पियूष रायए डॉ0 अखण्ड प्रताप सिंहए डॉ0 शिवांश कुमारए डॉ0 सादिक सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहें।

## ाज्य स्तरीय सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता 10 से गोरखपुर में

**वाराणसी।** राज्य स्तरीय सीनियर कुश्ती प्रतियोगिता 10 नवंबर से 13 नवंबर 2022 गोरखपुर में आयोजित हो रही है जिसके लिए आज दिनांक 2 नवंबर 2022 को सिगरा स्टेडियम में कुश्ती टीम का चयन ट्रायल किया गया। टीम की सूची इस प्रकार है फ्री स्टाइल पुरुष. 57 किलो में देवांश पाल 61 किलो में मोहित यादव 65 किलो में अभिषेक यादव 70 किलो में आनंद शंकर 86 किलो में लालजी पाल 92 किलो में राघवेंद्र यादव 97 किलो में सच्चिदानंद यादव। ग्रीको रोमन पुरुष. 55 किलो में दिनेश यादव 60 किलो में अजीत कुमार 63 किलो में अश्वनी कुमार सिंह 67 किलो में प्रदुमन यादव 72 किलो में रितिक यादव 77 किलो में अक्षय यादव 82 किलो में अमित कुमार यादव 87 किलो में विश्वजीत यादव 97 किलो मे दिव्यांश सिंह 130 किलो में रोहित यादव। महिला फ्रीस्टाइल. 50 किलो में काजल यादव 53 किलो में आरती यादव 55 किलो में श्वेता यादव 57 किलो में अपेक्षा सिंह 59 किलो में तान्या गुप्ता 62 किलो में अंजली जयसवाल 72 किलो में सृष्टि यादव 76 किलो में निधि सिंह।

## निजी बस ने कई वाहनों को टक्कर मारी, पांच की मौत

अलीगढ़। अलीगढ़ जिले के टप्पल थाना क्षेत्र में एक बेकाबू निजी बस के सड़क किनारे खड़े एक दर्जन से ज्यादा वाहनों को टक्कर मारने से पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य जख्मी हो गए। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मंगलवार रात टप्पल थाना क्षेत्र में जट्टरी और टप्पल के बीच राज्य मार्ग पर पंजाब से आ रही एक निजी बस ने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े करीब एक दर्जन वाहनों को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस का चालक संभवत: नशे में था और उसने सबसे पहले सड़क किनारे खड़े एक टेंपो को टक्कर मारी। इसके बाद बस कई अन्य वाहनों को टक्कर मारते हुई कुछ राहगीरों पर चढ़ गई। सूत्रों ने बताया कि इस घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मरने वालों की पहचान मदन भगत (62), दिनेश (25), अमर सिंह (38), संतोष (22) और बस चालक जय प्रकाश (45) के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, इस घटना में छह लोग जख्मी भी हुए हैं। उन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने पांचों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## जिला अस्पताल में भर्ती कैदी फरार, दो बंदी रक्षक निलंबित

**देवरिया।** जिले में हत्या के आरोप में गिरफ्तार एक कैदी तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर जिला अस्पताल में भर्ती होने के बाद पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बुधवार को बताया कि फरार अभियुक्त प्रवीण उर्फ प्रदीप पाल के खिलाफ कुशीनगर के रामकोला थाने में 28 सितंबर को एक महिला की कथित तौर पर हत्या करने का मामला दर्ज है। इस मामले में वह देवरिया जिला जेल में बंद था। शर्मा के मुताबिक, सोमवार की शाम को प्रवीण की तबीयत खराब होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन मंगलवार रात वह शौचालय जाने के बहाने उसकी खिड़की तोड़कर फरार हो गया।

## आईआईटी बीएचयू के शोधकर्ताओं ने 11 वां राष्ट्रीय पेट्रोकेमिकल पुरस्कार जीता







**वाराणसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ;बीएचयूद्ध वाराणसी के तीन वैज्ञानिकए प्रोण् प्रलय मैतीए स्कूल ऑफ मैटेरियल्स साइंस एंड टेक्नोलॉजीए डॉण् शांतनु दासए सिरेमिक इंजीनियरिंग विभाग और डॉण् शिवम तिवारीए पीएचण्डीए स्कूल ऑफ मैटेरियल्स साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने पिछले महीने नई दिल्ली में एक साथ श11वां राष्ट्रीय पेट्रोकेमिकल्स पुरस्कारश् जीता। यह राष्ट्रीय पुरस्कार प्प्ज् ;ठभ्न्द्ध के शोधकर्ताओं को रसायन और पेट्रोरसायन विभागए रसायन और उर्वरक मंत्रालयए भारत सरकार के केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान ;सीआईपीईटीद्धए भारत सरकार के सहयोग से दिया गया। यह पुरस्कार श्री भगवंत खुबाए रसायन और उर्वरक मंत्रालय और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री द्वारा आईआईटी ;बीएचयूद्ध के वैज्ञानिकों को उनके शोध कार्य श्लोकोस्टए ड्यूरेबल एंड रिन्यूएबल पॉलीमर बेस्ड हाईली एफिशिएंट एडहेसिव फॉर मेटल.सिरेमिक जॉइंट्सष् श्रेणी के तहत श्इनोवेशन इन पॉलीमेरिक मैटेरियल्सश् के तहत प्रदान किया गया। इस स्वदेशी तकनीक को स्कूल ऑफ मैटेरियल्स साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर प्रलय मैती और उनकी टीम और सिरेमिक इंजीनियरिंग विभागए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ;बीएचयूद्धए वाराणसी के डॉ शांतनु दास ने मिलकर विकसित किया है। संस्था न के निदेशक प्रोफेसर प्रमोद कुमार जैन ने इस उपलब्धि पर शोध टीम को शुभकामना दी है ।यह जानकारी देते हुए डॉण् शांतनु दास ने बताया कि धातु.सिरेमिक जोड़ घरेलू उपयोग और इलेक्ट्रॉनिक सर्किटध्उपकरणों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

# सपा में जिम्मेदारी मिलने का इंतजार : शिवपाल



**संभल।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी-लोहिया (प्रसपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की जसवंतनगर सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक शिवपाल सिंह यादव ने कहा है कि उन्हें सपा में खुद को कोई जिम्मेदारी दिए जाने का इंतजार है। संभल के एचोंडा कमबोह में आयोजित कल्कि महोत्सव से इतर मंगलवार रात संवाददाताओं से बातचीत में इस सवाल पर कि उन्हें क्या बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी, शिवपाल ने कहा, हमें जिम्मेदारी मिलने का इंतजार है। इंतजार है, देखिए। उन्होंने कहा, अभी नेता जी (सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव) के जाने के बाद हम लोग शोक में हैं। इस महीने नेता जी का जन्मदिन (22 नवंबर) भी आने वाला है, जो हम हर साल मनाते थे।

मुलायम के निधन के बाद शिवपाल अपने भतीजे अखिलेश यादव के काफी करीब नजर आए थे। इसके बाद माना जा रहा था कि दोनों गोला गोकर्णनाथ विधानसभा उपचुनाव के स्टार प्रचारकों में शामिल होंगे, मगर ऐसा नहीं हुआ। शिवपाल और अखिलेश के बीच सितंबर 2016 में सरकार और संगठन पर वर्चस्व की जंग शुरू हो गई थी। इसके बाद पार्टी दो खेमों में बंट गई थी। हालांकि, एक जनवरी 2017 को सपा के आपात अधिवेशन में अखिलेश को मुलायम के स्थान पर पार्टी का नया अध्यक्ष चुना गया था। अखिलेश की स्थिति मजबूत होने के बाद शिवपाल पार्टी में हाशिए पर पहुंच गए थे। वर्ष 2018 में उन्होंने प्रगतिशील समाजवादी पार्टी-लोहिया के नाम से एक अलग पार्टी बनाई थी और 2019 में फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी अक्षय यादव के खिलाफ चुनाव भी लड़ा था। हालांकि, वह जीत नहीं सके थे, मगर अक्षय यादव को भी हार का सामना करना पड़ा था। इस साल की शुरुआत में हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में शिवपाल और अखिलेश करीब आए थे। शिवपाल ने अपनी पार्टी के बजाय सपा के टिकट पर जसवंतनगर सीट से चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें जीत नसीब हुई थी। हालांकि, चुनाव में सपा को उम्मीद के मुताबिक कामयाबी नहीं मिली। हार की समीक्षा के लिए बुलाई गई सपा विधायकों की बैठक में आमंत्रित नहीं किए जाने पर शिवपाल सपा नेतृत्व से एक बार फिर नाराज हो गए थे। कुछ समय बाद अखिलेश और उनकी राहें फिर जुदा हो गई थीं। शिवपाल ने राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार जसवंत सिन्हा के बजाय भाजपा प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू का समर्थन किया था। राजनीतिक हलकों में ऐसी चर्चाएं भी हैं कि अखिलेश को झटका देने के लिए शिवपाल सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद रिक्त हुई मैनपुरी लोकसभा सीट का उपचुनाव भाजपा की मदद से लड़ सकते हैं। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। शिवपाल ने उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य के समाजवादी पार्टी को समाप्त पार्टी करार देने से जुड़े सवाल पर कहा, हमारी पार्टी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी है। हम समाजवादी पार्टी से अभी तक अलग ही हैं। हम अपनी पार्टी को मजबूत करने की कोशिशों में जुटे हुए हैं। हम नेता जी के आदर्शों पर चलकर अपनी पार्टी को मजबूत करेंगे। शिवपाल ने गुजरात के मोरबी में एक पुल गिरने की घटना पर कहा कि सरकार को इस मामले में बड़े अधिकारियों के खिलाफ कार्वाई करनी चाहिए और संबंधित विभाग के मंत्री को बर्खास्त कर देना चाहिए। नफरत भरे बयान देने के मामले में हाल ही में तीन साल कैद की सजा पाने वाले वरिष्ठ सपा नेता आजम खां से जुड़े एक सवाल पर शिवपाल ने कहा, आजम खां बड़े नेता हैं।

## आर्य महिला हितकारिणी महापरिषद: छह हफ्ते में दोबारा चुनाव कराना होगा

**वाराणसी।** आर्य महिला हितकारिणी महापरिषद की प्रबंध समिति के चुनाव को लेकर चल रहे विवाद में हाईकोर्ट ने सहायक निबंधन के फैसले को निरस्त कर डॉ0 शशिकांत द्वारा कराए चुनाव को खारिज कर दिया है। कोर्ट में एसडीएम के निर्णय का अधिकार दिया है। इससे पहले सहायक निबंधन ने 28 जून के आदेश में महासचिव सत्यनारायण पाण्डेय के चुनाव को अमान्य करार दिया था।

### उच्च न्यायालय ने डॉ. दीक्षित की कार्यकारिणी को खारिज करने के आदेश साथ उनके बैंक खाते सीज करने का दिया आदेश

लहुराबीर स्थित भारत धर्म महामंडल भवन में सोमवार को सत्यनारायण पाण्डेय ने पत्रकार वार्ता में बताया कि उच्च न्यायालय ने डॉ. शशिकांत दीक्षित की कार्यकारिणी की ओर से गठित संस्था की सभी प्रबंध समितियों को खारिज करने के साथ उनके बैंक खाते सीज करने का आदेश दिया है। दूसरी पक्ष की ओर से आर्य महिला हितकारिणी महापरिषद के जनरल सेक्रेटरी डॉ. शशिकांत दीक्षित ने कहा कि 20 अक्टूबर 2022 को हाईकोर्ट के आदेश के तहत उपजिलाधिकारी सदर वाराणसी को दोनों पक्षों के चुनाव की वैधता पर सुनवाई करने को कहा है। उच्च न्यायालय के इस आदेश को लेकर स्पेशल अपील दाखिल की जाएगी।

## हिंदू महासभा का प्रशिक्षण शिविर 5 से नीमसार में

**लखनऊ ।** अखिल भारत हिंदू महासभा उत्तर प्रदेश का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आगामी 5 या 6 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को पार्टी के बेहतर संचालन के लिए प्रशिक्षित देने के साथ हिन्दू राष्ट्र स्थापना के लिए चलाये जा रहे हस्ताक्षर अभियान में तेजी लाने पर चर्चा की जाएगी । इस प्रशिक्षण शिविर की जानकारी देते हुए हिंदू महासभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में पूरे प्रदेश के विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। इस शिविर में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के साथ पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए एवं प्रचार प्रसार के तौर तरीकों के बारे में भी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

# डीएम ने पढ़ाई-लिखाई परखी और बच्चों को पढ़ाया भी

### डिंगवाही में आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया, गैरहाजिर सहायिका का वेतन काटा



**बांदा।** जिलाधिकारी नुराग पटेल द्वारा प्रशासन.पोषण.पाठन अभियान के अन्तर्गत गोद लिये प्राथमिक विद्यालय, डिंगवाही तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय ;कम्पोजिट 1 से 8 तक कतरावल क्षेत्र बड़ोखरखुर्द का औचक निरीक्षण एवं पठन.पाठन की गुणवत्ता को देखा गया तथा उक्त दोनों विद्यालयों में लगभग ढ़ाई घण्टे तक बच्चों को पढ़ाया गया। जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम प्राथमिक विद्यालयए डिंगवाही में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय श्रीमती सीमा राजपूतए आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनुपस्थित पाई गई तथा आंगबाड़ी केन्द्र में उपस्थित आंगनबाड़ी सहायिका श्रीमती चम्पा देवी उपस्थित पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा सहायिका से आंगनबाड़ी केन्द्र में उपस्थिति रजिस्टर मांगा गयाए परन्तु केन्द्र में रजिस्टर उपलब्ध नहीं पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा श्रीमती सीमा राजपूतए आंगनबाड़ी कार्यकत्री को केन्द्र में अनुपस्थित रहने के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण मांगा गया तथा आज मानदेय काटने के निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय डिंगवाही में कक्षा.1 व 2 के बच्चों को लगभग डेढ़ घण्टा पढ़ाया गया। कक्षा.1 में 46 बच्चों के सापेक्ष 22 बच्चें उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी द्वारा कक्षा.1 की बच्ची कु0 नन्दिनी यादव पुत्री अजय यादव निवासी.ग्राम डिंगवाही से 20 तक पहाड़ाए क से ज्ञ तक ककहराए अग्रेजी में ।चचसमए ।स्समचींदजए क्रह आदि की मीनिंग तथा हिन्दी पुस्तक से अक्षरों को लिखवाया गया और सुना गया एवं गणित में जोड़ए घटाव आदि के प्रश्न हल करने को दिये गये। कक्षा.1 की बच्ची कु0 नन्दिनी द्वारा पूछे गये सभी प्रश्नों के उत्तर दिये तथा सवालों को भी हल किया गया। इसी प्रकार कक्षा.1 के छात्र सूरज पुत्र राजकुमार द्वारा भी हल किया गया। कक्षा.1 व 2 के बच्चों को पहाड़ाए गिनतीए ककहराए अग्रेंजी वर्णमाला के अक्षरों को सुना गया। जिलाधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित शिक्षक को निर्देशित किया गया कि कु0 नन्दिनी को उसकी योग्यता के अनुसार कक्षा.2 या 3 में प्रमोट करें। जिलाधिकारी द्वारा खुश होकर कु0 नन्दिनी को प्रोत्साहन स्वरूप 100 रू0 मिठाई खाने को दिया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। जिलाधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित अध्यापकों को निर्देशित किया गया कि विद्यालय की पठन.पाठन की स्थिति और बेहतर बनाये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय ;कम्पोजिट 1 से 8द्धए कतरावल में छात्र.छात्राओं की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया। विद्यालय की पठन.पाठन की स्थिति संतोषजनक पाई गई।

## एक प्रीमियम पर दिया बीस लाख का क्लेम



**बाँदा**लाइफ के द्वारा स्वाभाविक मृत्यु पर अपने ग्राहक राज बहादुर पालिसी धारक को मात्र एक प्रीमियम देने के बायजूद बीस लाख का क्लेम चेक आज क्षेत्रीय प्रबंधक अरविन्द कुमार और शाखा प्रबंधक मुख्य शाखा बाँदा सुखलाल सरोज एवं प्रेम अग्निहोत्री मुख्य प्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय ैठप् लाइफ से श्री मनीष केशरवानी एवं स्टाफ श्री रजत यादव संजीव बाजपाई अर्पित आदि की मौजूदगी में मृतक के नॉमिनी श्रीमती शीला देवी को बीमा क्लेम राशि प्रदान की गई। इस दुख की घड़ी में यह क्लेम राशि परिवार को संबल प्रदान करता है। स्टेट बैंक परिवार इस दु:ख की घड़ी में दुखी परिवार के साथ हमेशा खड़ा है । हम यह भी बताना चाहते है कि यह क्लेम राशि नामिनी के खाते में जमा भी हो गई ।शाखा प्रबंधक सुखलाल सरोज ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक में बीमा के साथ साथ जमा राशि में भी अच्छे रिटर्न के अवसर के साथ हमारे सहयोगी ैठप् लाइफ के पास उपलब्ध है।

# बांग्लादेश पर पांच रन से रोमांचक जीत के साथ भारत सेमीफाइनल के करीब

**भाषा।** एडीलेड

**फॉर्म** में लौटे केएल राहुल के सटीक थ्रो, विराट कोहली के नाबाद अर्धशतक और बारिश से मिली मदद के दम पर भारत ने बेहद रोमांचक मुकाबले में डकवर्थ लुईस प्रणाली से बांग्लादेश को पांच रन से हराकर टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश की ओर कदम रख दिया।

जीत के लिए 185 रन के लक्ष्य के जवाब में बांग्लादेश ने शानदार शुरूआत करके सात ओवर में बिना किसी नुकसान के 66 रन बना लिए थे। लिटन दास 27 गेंद में 60 रन बनाकर टीम को जीत की ओर ले जाते दिख रहे थे लेकिन बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। खेल बहाल होने पर बांग्लादेश को 16 ओवर में 151 रन का संशोधित लक्ष्य मिला लेकिन आठवें ओवर की दूसरी ही गेंद पर राहुल ने डीप मिडविकेट से सटीक थ्रो पर दास को रन आउट कर दिया जो मैच का निर्णायक मोड़ भी साबित हुआ। बांग्लादेश की टीम छह विकेट पर 145 रन ही बना सकी। इससे पहले प्लेयर आफ द मैच कोहली के 44 गेंद में नाबाद 64 रन तथा राहुल के पचासे के दम पर भारत ने छह विकेट पर 184 रन बनाए थे। भारत के अब चार मैचों में छह अंक है और अंतिम चार में पहुंचने के लिए उसे रविवार को आखिरी मैच में जिम्बाब्वे को हराना होगा।

मोहम्मद शमी ने दसवें ओवर की पहली ही गेंद पर नजमुल हुसैन शांतो (25 गेंद में 21 रन) को लांगआन पर सूर्यकुमार यादव के हाथों लपकवाया। कप्तान शाकिब अल हसन ने अगले ओवर में आर अश्विन को दो चौके लगाकर दबाव कम करने की कोशिश की लेकिन 12वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने दोहरे झटके देकर बांग्लादेश की वापसी की राह असंभव कर दी। पहली गेंद पर अर्शदीप ने अफीफ हुसैन को पवेलियन भेजा जब सूर्य ने एक और दर्शनीय कैच लपका। पांचवीं गेंद पर शाकिब को डीप मिडविकेट पर दीपक हुड्डा के हाथों लपकवाकर उन्होंने बांग्लादेश को सबसे करारा झटका दिया। अर्शदीप ने आखिरी ओवर में भी संयम के साथ गेंदबाजी की जब बांग्लादेश को छह गेंद में 20 रन की जरूरत थी। दूसरी गेंद पर छक्के और पांचवीं गेंद पर चौके के अलावा बाकी चार गेंदों पर बांग्लादेशी बल्लेबाज हाथ नहीं खोल सके और भारत की झोली में एक और रोमांचक जीत आई। इससे पहले भारत के लिए कोहली ने 44 गेंद में आठ चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 64 रन जोड़े। बांग्लादेश के किसी गेंदबाज के पास उनके शानदार स्ट्रोक्स का कोई जवाब नहीं था। पर्थ की तुलना में यहां की पिच धीमी थी जिस पर बांग्लादेश के गेंदबाज पावरप्ले के बाद दबाव में आ गए। राहुल ने 31 गेंद में 50 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। कोहली ने दूसरे विकेट के लिए राहुल के साथ 67 और तीसरे विकेट के लिए सूर्यकुमार यादव के साथ 38 रन की साझेदारी की। आईसीसी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज हुए यादव ने 15 गेंद में 30 रन बनाए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को पहले ही ओवर में तसकीन अहमद की गेंद पर जीवनदान मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सके और सात गेंद में दो रन बनाकर आउट हो गए।

शाकिब ने चार ओवर में 33 रन देकर राहुल और सूर्य के विकेट लिए लेकिन बांग्लादेश के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज तसकीन रहे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शरीफुल इस्लाम और हसन महमूद महंगे साबित हुए जिन्होंने क्रमशः 57 और 47 रन दिए। इस्लाम को कोई विकेट नहीं मिला जबकि महमूद ने तीन विकेट लिए। पिछले तीन मैचों से खराब फॉर्म को लेकर आलोचना झेल रहे राहुल ने अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने पहले 21 रन बनाने में 20 गेंदें खेली लेकिन पावरप्ले के बाद हाथ खोले और दो शानदार छक्के जड़े। शरीफुल के नौवें ओवर में 24 रन रन बने और भारतीय बल्लेबाज हावी हो गए। राहुल के अगले 29 रन दस गेंद में बने। वह 31 गेंद में 50 रन बनाकर आउट हुए और मुस्ताफिजूर रहमान ने शाकिब की गेंद पर उनका कैच लपका। दूसरे विकेट की साझेदारी में 67 रन 35 गेंद में बने। दूसरे छोर पर कोहली ने तसकीन को दो और मुस्ताफिजूर को एक चौका लगाया। सूर्य ने छोटी लेकिन आक्रामक पारी खेली लेकिन शाकिब की गेंद पर विकेट गंवा बैठे। दूसरे छोर पर हार्दिक पंड्या (पांच), दिनेश कार्तिक (सात) और अक्षर पटेल (सात) कोई सहयोग नहीं दे सके। रविचंद्रन अश्विन ने छह गेंद में नाबाद 13 रन बनाए।



## भारत-बांग्लादेश का स्कोर बोर्ड

**भारत पारी :** केएल राहुल का रहमान बो शाकिब अल हसन 50, रोहित शर्मा का यासिर बो महमूद 2, विराट कोहली नाबाद 64, सूर्यकुमार यादव बो शाकिब 30, हार्दिक पंड्या का यासिर बो महमूद 5, दिनेश कार्तिक रन आउट 7, अक्षर पटेल का शाकिब बो महमूद 7, रविचंद्रन अश्विन नाबाद 13

**अतिरिक्त :** छह रन

**कुल योग :** 20 ओवर में छह विकेट पर 184 रन

**विकेट पतन :** 1-11, 2-78, 3-116, 4-130, 5-150, 6-157

**गेंदबाजी :** अहमद 4-0-15-0, इस्लाम 4-0-57-0, महमूद 4-0-47-3, रहमान 4-0-31-0, शाकिब 4-0-33-2

**बांग्लादेश पारी :** नजमुल हुसैन शांतो का यादव बो शमी 21, लिटन दास रन आउट 60, शाकिब अल हसन का हुड्डा बो अर्शदीप 13, अफीफ हुसैन का यादव बो अर्शदीप 3, यासिर अली का अर्शदीप बो पंड्या 1, नुरुल हसन नाबाद 25, मुसद्दक हुसैन बो पंड्या 6, तसकीन अहमद नाबाद 12

**अतिरिक्त :** चार रन

**कुल योग :** 16 ओवर में छह विकेट पर 145 रन

**विकेट पतन :** 1-68, 2-84, 3-99, 4-100, 5-102, 6-108

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 3-0-27-0, अर्शदीप 4-0-38-2, शमी 3-0-25-1, अक्षर 1-0-6-0, अश्विन 2-0-19-0, पंड्या 3-0-28-2

## कोहली टी20 विश्व कप के इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने



**एडीलेड।** विराट कोहली बुधवार को श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने को पछाड़कर टी20 विश्व कप के इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। कोहली का टी20 विश्व कप में औसत 80 से ऊपर का और स्ट्राइक रेट 130 से अधिक है। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ भारत के सुपर 12 चरण के मैच के दौरान यह कीर्तिमान स्थापित किया। कोहली का यह पांचवां टी20 विश्व कप है। उन्होंने जयवर्धने के 1016 रन का रिकॉर्ड भारतीय पारी के सातवें ओवर में तोड़ा। कोहली 44 गेंद में आठ चौके और एक छक्के समेत 64 रन बनाकर नाबाद रहे। कोहली टी20 विश्व कप मे 12 अर्धशतक बना चुके है। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज है। उनके नाम 3932 रन दर्ज हैं। रोहित शर्मा के 3811, न्यूजीलैंड के मार्टिन गुप्टिल के 3531 और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम के 3239 रन है।

## नीदरलैंड ने सुपर 12 में पहली जीत दर्ज की, जिंबाब्वे को पांच विकेट से हराया

**भाषा।** एडीलेड

**तेज** गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डाउड के अर्धशतक से नीदरलैंड ने बुधवार को यहां जिंबाब्वे को पांच विकेट से हराकर टी20 विश्व कप के सुपर 12 चरण में पहली जीत दर्ज की। ओ डाउड ने 47 गेंद में 52 रन की पारी खेली जिससे नीदरलैंड ने 118 रन के लक्ष्य को दो ओवर शेष रहते पांच विकेट पर 120 रन बनाकर हासिल कर लिया। नीदरलैंड को इस जीत से दो अंक मिले लेकिन वह पहले ही नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो चुकी है।



बुधवार की हार के बाद टूर्नामेंट में जिंबाब्वे की उम्मीद भी लगभग खत्म हो गई है। इससे पहले सिकंदर रजा की उम्दा पारी के बावजूद जिंबाब्वे की टीम लचर बल्लेबाजी करते हुए 19.2 ओवर में 117 रन पर ढेर हो गई। स्टार ऑलराउंडर रजा ने 24 गेंद में 40 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी के दौरान तीन चौके और इतने ही छक्के मारे। उनके अलावा सिर्फ सीन विलियम्स (28) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। नीदरलैंड की ओर से तेज गेंदबाज पॉल वान मीकेरन सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 29 रन देकर तीन विकेट चटकाए। बास डि लीडे (14 रन पर दो विकेट), लोगान वान बीक (17 रन पर दो विकेट) और ब्रैंडन ग्लोवर (29 रन पर दो विकेट) ने भी दो-दो विकेट हासिल किए। नीदरलैंड ने हालांकि लक्ष्य को आसानी से हासिल करते हुए सुपर 12 चरण में पहली जीत दर्ज की। टीम अपने अंतिम मैच में रविवार को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। जिंबाब्वे की टीम सुपर 12 चरण में पाकिस्तान को हराकर उलटफेर कर चुकी है और रविवार को अपने अंतिम मैच में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में भारत से भिड़ेगी। लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड ने चौथे ओवर में ही स्टीफन माइबर्ग (08) को विकेट गंवा दिया जिन्हें ब्लेसिंग मुजरबानी (23 रन पर दो विकेट) ने पवेलियन भेजा। ओ डाउड और टॉम कूपर (32) ने इसके बाद दूसरे विकेट के लिए 73 रन जोड़कर टीम को मजबूत मंच प्रदान किया। दोनों ने 10 ओवर में टीम का स्कोर एक विकेट पर 67 रन तक पहुंचाया। ओ डाउड ने ल्यूक जोंगवे पर लगातार दो चौकों के साथ विश्व कप का अपना चौथा और कुल 11वां अर्धशतक पूरा किया। नीदरलैंड को हालांकि जब 30 रन पर नौ रन की दरकार थी तब उसने नौ गेंद के अंदर ओ डाउड और कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स के विकेट गंवा दिए। अंत में डि लीडे (12 गेंद में 12 रन) ने दो चौके जड़कर टीम को जीत दिलाई। इससे पहले करो या मरो के इस मुकाबले में जिंबाब्वे की टीम ने 66 गेंद खाली खेली जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बल्लेबाजों को रन बनाने के लिए कितना जूझना पड़ रहा था। रजा अच्छी लय में दिखे और उन्होंने कई आकर्षक शॉट भी जड़े लेकिन जब लग रहा था कि वह टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक ले जाएंगे तब डि लीडे की गेंद को हवा में लहराकर फ्रेड क्लासेन को कैच दे बैठे। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे जिंबाब्वे की टीम पावर प्ले में सिर्फ 20 ही रन बना सकी। उसने इस दौरान कप्तान क्रेग इर्विन (03), रेगिस चकाब्वा (05) और वेस्ले माधेवेरे (01) के विकेट गंवाए। रजा ने इसके बाद पलटवार करते हुए रन गति में इजाफा किया। उन्होंने सीन विलियम्स के साथ 35 गेंद में 48 रन की साझेदारी की। वान मीकेरन के विलियम्स को आउट करके इस जोड़ी को तोड़ने के बाद जिंबाब्वे ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और पूरी टीम 20वें ओवर में सिमट गई।

## क्विक न्यूज

### दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त हुए मकेता

**जोहानिसबर्ग।** मलिबोंगवे मकेता को बुधवार को दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के तीन टेस्ट के दौरे से टीम के साथ जुड़ेंगे। मकेता मार्क बाउचर की जगह लेंगे जो ऑस्ट्रेलिया में चल रहे टी20 विश्व कप के बाद पद छोड़ेंगे। मकेता अभी दक्षिण अफ्रीका ए टीम के कोच है। वह राष्ट्रीय अकादमी के प्रमुख भी हैं। वह इससे पहले भी सीनियर टीम के कोचिंग समूह का हिस्सा रहे है। वह 2017 से 2019 तक दक्षिण अफ्रीका की टीम के सहायक कोच रहे। मकेता को सिर्फ दिसंबर और जनवरी में ब्रिसबेन, मेलबर्न और सिडनी में होने वाले टेस्ट के लिए नियुक्त किया गया है।


### हुसामुद्दीन और लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में

**अम्मान (जॉर्डन)।** भारत के मोहम्मद हुसामुद्दीन ने अपने अनुभव और कौशल का अच्छा इस्तेमाल करते हुए बुधवार को यहां एएसबीसी एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हुसामुद्दीन (57 किग्रा) ने प्री क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान के सेइटबेक उलु मुनारबेक को खंडित फैसले में 3-2 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उनका सामना पाकिस्तान के इलियास हुसैन से होगा। प्री क्वार्टर फाइनल के एक अन्य मुकाबले में लक्ष्य चाहर (80 किग्रा) ने ताजिकिस्तान के शब्बोस नेगमत को 5-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में वह ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और मौजूदा विश्व चैंपियन साकेन बिबोसिनोव से भिड़ेंगे। इस प्रतियोगिता में 27 देशों के 267 मुक्केबाज भाग ले रहे है।

### एशियाई शतरंज चैंपियनशिप : प्रज्ञानानंद, नंदिधा को बढ़त

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने एशियाई महाद्वीपीय शतरंज चैंपियनशिप के ओपन वर्ग के आठवे दौर मे बुधवार को यहां हमवतन कौस्तव चटर्जी को हराकर एकल बढ़त हासिल की। प्रज्ञानानंद ने 53 चाल में जीत दर्ज की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी खिलाड़ियों पर आधा अंक की बढ़त बना रखी है। पांच खिलाड़ी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। इनमें हर्ष भरतकोटी, एस एल नारायणन, बी अधिबान और कार्तिक वेंकटरमन (सभी भारतीय) और शमसिद्दीन वोखिदोव (उज्बेकिस्तान) शामिल है। इन सभी के छह अंक है। महिलाओ के वर्ग मे भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर पीवी नंदिधा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आठवे दौर मे सौम्या स्वामीनाथन पर 54 चाल मे जीत दर्ज करके सात अंको के साथ अपनी बढ़त बनाए रखी।

### डब्ल्यूटीए फाइनल्स: स्वियातेक ने कसात्किना, कैरोलिन ने कोको गॉफ को हराया



**फोर्ट वर्थ।** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी ईगा स्वियातेक ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत राउंड रोबिन मुकाबले मे दारिया कसात्किना पर जीत के साथ की। स्वियातेक शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ियों के खिलाफ लगातार 13 मैच जीत चुकी है जो पिछले 15 साल में एकल वर्ग मे किसी महिला खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मंगलवार को उन्होंने कसात्सिना को सीधे सेट में 6-2, 6-3 से हराया। स्वियातेक 2022 में शानदार फॉर्म मे चल रही है। इस दौरान उन्होंने दो ग्रैंडस्लैम के अलावा आठ अन्य टूर्नामेंट में खिताब जीते। इस साल टूर पर उन्होंने 65 मैच जीते जबकि उन्हे सिर्फ आठ में हार का सामना करना पड़ा। स्वियातेक अगले मुकाबले में जब दुनिया की छठे नंबर की कैरोलिन गार्सिया का सामना करेंगी तो शीर्ष 10 मे शामिल खिलाड़ियों के खिलाफ जीत के क्रम को 14 तक पहुंचाना चाहेंगी। कैरोलिन ने अमेरिका की 18 साल की कोको गॉफ को 6-4, 6-3 से शिकस्त दी।

## सूर्यकुमार दुनिया के नंबर एक टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज बने

**दुबई (भाषा)।** भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पिछले कुछ समय में अपनी शानदार फॉर्म की बदौलत बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। पिछले हफ्ते सिडनी में नीदरलैंड के खिलाफ 25 गेंद में नाबाद 51 रन की पारी की बदौलत सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। वह सिर्फ दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं जो टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के शीर्ष पर पहुंचे हैं। इससे पहले विराट कोहली सितंबर 2014 से दिसंबर 2017 के बीच विभिन्न समय पर 1013 दिन तक शीर्ष पर रहे थे।



सूर्यकुमार के 863 अंक हैं जो किसी भारतीय के दूसरे सर्वश्रेष्ठ अंक हैं। कोहली ने सितंबर 2014 में 897 अंक हासिल किए थे। पिछले साल मार्च में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद से सूर्यकुमार ने भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की करने के अलावा विश्व क्रिकेट में अपनी पहचान खेल के सबसे छोटे प्रारूप के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक के रूप में बनाई है। सूर्यकुमार ने भारत के लिए 37 टी20 मुकाबले खेलते हुए एक शतक और 11 अर्धशतक जड़े हैं। उन्होंने 13 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है। रिजवान के 842 अंक हैं। न्यूजीलैंड के डेवोन कॉनवे 792 अंक के साथ शीर्ष तीन में शामिल हैं। न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स श्रीलंका के खिलाफ 104 और इंग्लैंड के खिलाफ 62 रन की पारियों की बदौलत पांच अंक के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ 109 रन की पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका के रिली रोसेयु भी शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। वह 17 स्थान की छलांग से करियर के सर्वश्रेष्ठ आठवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर तीन स्थान आगे बढ़कर 14वें जबकि अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज चार स्थान के फायदे से संयुक्त 17वें स्थान पर चल रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर (दो स्थान के फायदे से 28वें), श्रीलंका के भानुका राजपक्षे (आठ स्थान के फायदे से 29वें), बांग्लादेश के लिटन दास (दो स्थान के फायदे से 36वें स्थान) और ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श (दो स्थान के फायदे से 31वें) तथा मार्कस स्टोइनिस (दो स्थान के फायदे से 39वें) को नवीनतम रैंकिंग में फायदा हुआ है।

**पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप**

## पदार्पण कर रही नित्या और मनीषा की आसान जीत

**टोक्यो (भाषा)।** नित्या श्री और कृष्णा नागर की जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में यहां मिश्रित युगल एसएच6 ग्रुप ए मैच में यास्मिना एइसा और इवान सेगुरा एस्कोबार की जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में 21-8 21-9 से जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में पदार्पण कर रही 17 साल की नित्या ने मंगलवार को महिला एकल एसएच6 के ग्रुप बी के अपने पहले मैच में हांगकांग की लैम चिंग युंग को सिर्फ 15 मिनट में 21-4 21-4 से हराया।

आठ महीने बाद वापसी कर रहे पैरालंपिक चैंपियन और 2019 के कांस्य पदक विजेता नागर को पुरुष एकल एसएच6 के ग्रुड डी मैच में अमेरिका के माइल्स क्राजेवस्की को 17-21, 21-16, 21-17 से हराने के लिए काफी पसीना बहाना पड़ा। नागर ने कहा, उसका (माइल्स) खेल अब अलग लग रहा है। वह अधिक ताकतवर लग रहा है और उसके शॉट में विविधता है। यह देखकर अच्छा लगा कि प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। मुझे लगता है कि मुझे अब अधिक कड़ी मेहनत करनी होगी। पदार्पण कर रही एक अन्य भारतीय खिलाड़ी मनीषा रामदास ने भी महिला एकल के एसयू वर्ग के मुकाबले में स्पेन की क्रिस्टीना संेडेज डि लेचिना तेजादा पर 21-10, 21-5 से आसान जीत दर्ज की। महिला एकल के अन्य मुकाबलों में दुनिया की नंबर एक और गत चैंपियन मानसी जोशी, पारूल परमार और मनदीप कौर पहले दिन आसान जीत दर्ज करने में सफल रहीं। बड़े नामों में पांच बार के विश्व चैंपियन और शीर्ष वरीय प्रमोद भगत, मनोज सरकार, सुहास यथिराज और नितीश कुमार ने भी एकतरफा जीत हासिल की। इस हफ्ते 22 स्पर्धाओं में 298 खिलाड़ी खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे। फाइनल रविवार को खेले जाएंगे।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी अगले दौर में, साइना बाहर



साइना नेहवाल

**भाषा।** सारब्रकेन (जर्मनी)

**भारत** के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने बुधवार को यहां चीनी ताइपे के ली यांग और लू चेन को हराकर हाइलो ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल में दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने यह मैच 19-21, 21-19 21-16 से जीता। दुनिया की आठवें नंबर की जोड़ी का अगला मुकाबला इंग्लैंड के रोरी ईस्ट्रॉन और जैच रस से होगा।

इस बीच एच एस प्रणय ने पुरुष एकल और एम आर अर्जुन-ध्रुव कपिला की पुरुष युगल जोड़ी ने पहले दौर के मैचों में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को वॉकओवर दिया।

लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल महिला एकल में थाईलैंड की चौथी वरीयता प्राप्त बुसानन ओंगबामरुंगफान से 15-21, 8-21 से हारकर बाहर हो गई। महिला एकल के एक अन्य मैच में मालविका बंसोड़ ने स्पेन की क्लारा आजुरमेंडी को 20-22, 21-12, 21-6 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। उनका अगला मुकाबला स्कॉटलैंड की सातवीं वरीयता प्राप्त क्रिस्टी गिल्मर से होगा।

## जोकोविच ने पेरिस मास्टर्स में क्रेसी को सीधे सेट में हराया

**एपी।** पेरिस,



**गत** चैंपियन नोवाक जोकोविच ने 39वें मास्टर्स खिताब के अपने अभियान की शुरुआत करते हुए बुधवार को पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में अमेरिका के मैक्सिम क्रेसी को सीधे सेट में हराया।

इन दो खिलाड़ियों के बीच हुए पहले मुकाबले में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच ने 7-6 (1), 6-4 से जीत दर्ज की। सितंबर में लावेर कप में हार के बाद से जोकोविच लगातार 10 मैच जीत चुके हैं। वह अगले दौर में कारेन खचानोस से भिड़ेंगे जिन्होंने मार्क-आंद्रिया ह्युसलर को 6-3, 4-6, 6-4 से शिकस्त दी। कास्पर रूड ने भी वाइल्ड कार्ड धारक रिचर्ड गास्केट को 6-1, 7-6 (7) से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया जबकि होल्गर रूने ने तीन मैच प्वाइंट बचाते हुए स्टेन वावरिंका को 4-6, 7-5, 7-6 (3) से हराया।

## टोटेनहैम, फ्रेंकफर्ट चैंपियन्स लीग के प्री क्वार्टर फाइनल में

● बायर्न की एक और जीत

**एपी।** लंदन



**टोटेनहैम** और एनट्रैक्ट फ्रेंकफर्ट दोनों ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अपने मुकाबले जीते और चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाई।

ग्रुप डी के मुकाबलों के अंतिम दिन मंगलवार को मध्यांतर तक लग रहा था कि मार्सिले और स्पोर्टिंग लिस्बन प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना लेंगे लेकिन मुकाबला खत्म होने के बाद उनके प्रतिद्वंद्वी नॉकआउट में पहुंचने में सफल रहे। पियरे-एमिले हबर्ग के इंजरी टाइम में दागे गोल से टोटेनहैम ने मार्सिले को 2-1 से हराते हुए ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। फ्रेंकफर्ट भी लिस्बन को इसी अंतर से हराकर चैंपियन्स लीग में पदार्पण करते हुए ग्रुप में दूसरा स्थान हासिल करने में सफल रहा। प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष दो टीम प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। अन्य ग्रुप से शीर्ष दो टीम तय थी लेकिन कुछ टीम के क्रम में बदलाव हो गया। पोर्टो ने ग्रुप बी में एटलेटिको मैड्रिड को 2-1 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि क्लब ब्रुग ने बायर्न लीवरक्युसेन के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला। नेपोली ने दूसरे स्थान पर चल रहे लीवरपूल के खिलाफ 0-2 की हार के साथ चैंपियन्स लीग के मौजूदा सत्र में पहली बार अंक गंवाया लेकिन इसके बावजूद टीम शीर्ष पर रही। बायर्न म्यूनिख ने इंटर मिलान को 2-0 से हराते हुए छह मैच में छह जीत के परफेक्ट रिकॉर्ड के साथ अंतिम 16 में प्रवेश किया। ग्रुप सी में इंटर की टीम बार्सीलोना को पछाड़कर दूसरे स्थान पर रही।

## अग्रवाल की जगह धवन होंगे पंजाब किंग्स के कप्तान

**नई दिल्ली (भाषा)।** अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन 2023 के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मयंक अग्रवाल की जगह पंजाब किंग्स की टीम की कमान संभालेंगे। यह फैसला बुधवार को फ्रेंचाइजी की बोर्ड की बैठक में लिया गया। अग्रवाल इस साल के शुरू में अपनी टीम को आईपीएल प्लेऑफ तक पहुंचाने में नाकाम रहे थे और इसलिए उनको कप्तान पद से हटाया जाना तय था। केएल राहुल के लखनऊ सुपर जाइंट्स से जुड़ने के फैसले के बाद अग्रवाल को 2022 के सत्र के लिए कप्तान नियुक्त किया गया था। टीम उनकी अगुवाई में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और स्वयं अग्रवाल भी 16.33 की औसत से 196 रन ही बना पाए। फ्रेंचाइजी पिछले साल ही धवन को कप्तान बनाने पर विचार कर रही थी लेकिन उसने अग्रवाल के साथ ही आगे बढ़ने का फैसला किया था।